



दैनिक

# शुभ भास्कर

E pepar www.Dainik shubh bhaskar, com

हर कदम आपके साथ...

झांसी उत्तर प्रदेश, उदयपुर, राजस्थान मध्यप्रदेश, भोपाल, बिहार, दरभंगा पटना, भागलपुर, सिलीगुड़ी, रांची, झारखंड, से एक साथ प्रकाशित

● वर्ष : 1 ● अंक : 102 ● नई दिल्ली, सोमवार, 17 जुलाई 2023 ● पृष्ठ : 12 ● मूल्य:- 04 रूपये RNIUP HIN/2015/64737




3 औकाही से महिडगरा घाट, बनगांव, चैनपुर होते ...

## ख़ास ख़बर

### जद(एस) के साथ गठबंधन पर बातचीत की उम्मीद:बोम्मई

**हुबली (कर्नाटक)।** भाजपा के वरिष्ठ नेता बसवराज बोम्मई ने 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले जनता दल (सेक्युलर) के राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) में शामिल होने के संबंध में बातचीत का संकेत दिया। पूर्व मुख्यमंत्री बोम्मई ने कहा कि चर्चा के नतीजे भविष्य के राजनीतिक घटनाक्रम को निर्धारित करेंगे। कांग्रेस ने कहा कि जद (एस) पर भाजपा की बी-टीम होने का उसका आरोप अब साबित हो गया है। कांग्रेस ने घटनाक्रम पर कटाक्ष करते हुए जद (एस) को अवसरवादी पार्टी बताया।

### *मुसलमानों पर टिप्पणी, हिमंत के खिलाफ संज्ञान ले कोर्ट: महबूबा*

**श्रीनगर।** पीडीपी अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने रविवार को कहा कि असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा द्वारा महंगाई के लिए मुसलमानों को जिम्मेदार ठहराना बेरोजगारी और मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने में केंद्र की भाजपा नीत सरकार की विफलता को दर्शाता है। जम्मू कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री मुफ्ती ने कहा कि जब न्यायपालिका ने भ्रष्टाचार पर सवाल उठाने के लिए कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ कार्वाई की, तो उसे शर्मा की टिप्पणी पर भी स्वतः संज्ञान लेना चाहिए।

### औद्यो. न्यायाधिकरणों में रिक्तियों के मुद्दे पर सुनवाई आज

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय सोमवार को उस याचिका पर सुनवाई करेगा, जिसमें केंद्र सरकार के औद्योगिक न्यायाधिकरण में रिक्तियों का मुद्दा उठाया गया है और कहा गया है कि इसकी 22 पीठों में से नौ रिक्त हैं। पांच जुलाई को केंद्र सरकार के सीजीआईटी-सह-एलसी में रिक्तियों को भरने के लिए निर्देश देने के अनुरोध वाली याचिका पर केंद्र से जवाब मांगा था। इस दलील पर गौर किया था कि 22 न्यायाधिकरणों में से नौ में पीठासीन अधिकारी नहीं हैं और 2023 में तीन और न्यायाधिकरणों में रिक्तियां बनने की संभावना है।

### संसद का मानसून सत्र हंगामेदार रहने के आसार

**नई दिल्ली।** संसद के 20 जुलाई से शुरू हो रहे मानसून सत्र के हंगामेदार रहने के आसार हैं। एक ओर जहां सत्ता पक्ष महत्वपूर्ण विधेयकों को पारित कराने का प्रयास करेगा, वहीं दूसरी ओर विपक्ष मणिपुर हिंसा, रेल सुरक्षा, महंगाई और अडाणी मामले पर जेपीसी गठित करने की मांग सहित अन्य मुद्दों पर सरकार को घेरने की कोशिश करेगा। केंद्र ने सत्र से पहले विभिन्न राजनीतिक दलों के सदन के नेताओं के बीच आम सहमति बनाने के लिए 19 जुलाई को सर्वदलीय बैठक बुलाई है।



# किसान भारत की ताकत हैं : राहुल गांधी

**एजेंसी/ नई दिल्ली**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को कहा कि किसान भारत की ताकत हैं और अगर हम उनकी बात सुनें और उनकी बात समझें तो देश की कई समस्याओं का समाधान किया जा सकता है। गांधी ने आठ जुलाई को हरियाणा के सोनीपत के मदीना गांव में धान के खेतों की अपनी यात्रा का एक वीडियो सोशल मीडिया पर साझा किया। करीब 12 मिनट के वीडियो में गांधी किसानों और उनके परिवारों के साथ बातचीत करते, खेतों की जुताई करते, धान



के पौधे रोपते और बाद में किसानों के साथ खाना खाते हुए दिखे हैं। कांग्रेस नेता ने लघु वीडियो साझा करते हुए ट्वीट किया, किसान हैं भारत की ताकत। सोनीपत, हरियाणा में मेरी मुलाकात दो किसान भाइयों, संजय मलिक और तसबीर कुमार से हुई। वो बचपन के जिगरी दोस्त हैं, जो कई सालों से एक साथ किसानी कर रहे हैं। गांधी ने ट्वीट में कहा, उनके साथ मिल कर खेतों में हाथ बटाया, धान बोया, ट्रैक्टर चलाया और दिल खोल कर कई बातें हुईं। गांव की महिला किसानों ने अपने परिवार की तरह प्यार और सम्मान दिया और घर की बनी रोटियां खिलाईं। कांग्रेस नेता ने कहा, भारत के किसान सच्चे और समझदार हैं। अपनी मेहनत भी जानते हैं, अपने अधिकार भी पहचानते हैं। जरूरत आने पर काले कानूनों के खिलाफ डट जाते हैं, तो साथ में एमएसपी और बीमा की सही मांग भी उठाते हैं। अगर हम उन्हें सुनें, उनकी बात समझें, तो देश की कई समस्याएं भी सुलझ सकती हैं। कांग्रेस ने ट्वीट किया, भारत को एकजुट करने में किसानों का बहुत बड़ा योगदान है- उनका उगाया हुआ अनाज देश की हर थाली का हिस्सा है, लेकिन उनकी तपस्या का सही फल और सम्मान नहीं मिलता है।

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने गांधी का वीडियो साझा करते हुए कहा कि राहुल गांधी ने अपनी भारत जोड़ो यात्रा को आगे बढ़ाते हुए किसानों और कृषि श्रमिकों से मुलाकात की थी। रमेश ने कहा कि गांधी ने किसानों के साथ समय बिताया, उनकी बात सुनी और उनके संघर्षों, समस्याओं और शिकायतों को समझा। रमेश ने कहा, किसानों ने बताया कि उन्हें किस तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। क्यों खेती करना पहले से ज़्यादा चुनौतीपूर्ण हो गया है। महंगाई की मार से वे किस तरह परेशान हैं। कृषि क्षेत्र में निजीकरण से किसे फ़ायदा हो रहा है? कांग्रेस महासचिव ने ट्वीट किया, उनलोगों ने कहा कि उनके भी कुछ सपने हैं। वे भी अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा देना चाहते हैं। लेकिन सरकार की तरफ़ से कोई मदद नहीं मिल रही है। रमेश ने कहा, हम किसानों एवं कृषि श्रमिकों के संघर्ष को सलाम करते हैं। हमारा स्पष्ट तौर पर मानना है कि किसान हमारे देश की रीढ़ हैं। हमें उनकी हर बात सम्मान और विनम्रता से सुननी चाहिए।

# भाजपा के खिलाफ रणनीति के लिए बेंगलुरु में बैठक

**एजेंसी/ नई दिल्ली**

बेंगलुरु में सोमवार को होने वाली विपक्ष की बैठक में 26 विपक्षी दलों के शीर्ष नेताओं के दो दिवसीय विचार-मंथन सत्र में भाग लेने की संभावना है, जहां वे 2024 के लोकसभा चुनावों में भाजपा के खिलाफ एकजुट होकर लड़ने के लिए अपनी रणनीति तैयार करेंगे। सूत्रों ने यह जानकारी दी। कांग्रेस द्वारा आयोजित बैठक की पूर्व संध्या पर पार्टी ने स्पष्ट किया कि वह संसद में दिल्ली में सेवाओं के नियंत्रण पर केंद्र के अध्यादेश का विरोध करेगी। आम आदमी पार्टी ने शर्त रखी थी कि कांग्रेस द्वारा संसद में अध्यादेश का विरोध करने की सूरत में ही वह विपक्षी दलों की बैठक में भाग लेगी। पटना में 23 जून को हुई विपक्षी दलों की पहली बैठक में 15 दलों ने भाग लिया था।

एक सूत्र ने कहा, इस बार हम 26 दलों के नेताओं के बैठक में शामिल होने की उम्मीद कर रहे हैं। विपक्ष की यह बैठक शरद पवार के नेतृत्व वाली एनसीपी में विभाजन और पश्चिम बंगाल पंचायत चुनाव में व्यापक पैमाने पर हुई हिंसा के बीच हो रही है, जिसमें कई लोगों की मौत हो गई। बंगाल में हुई चुनावी हिंसा को लेकर कांग्रेस की पश्चिम बंगाल इकाई और वाम दलों ने सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस की आलोचना की है। सूत्रों ने कहा कि विपक्षी दल भाजपा की नीतियों के खिलाफ देश भर में एक संयुक्त



आंदोलन की योजना बनाएंगे। खासकर महाराष्ट्र में राकांपा के विभाजन के बाद रणनीति पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। सूत्रों ने कहा कि विपक्षी नेता भाजपा से मुकाबला करने के लिए विपक्षी एकता को मजबूत करने के कदमों की घोषणा करेंगे और विपक्षी सरकारों को गिराने और राज्यपालों के माध्यम से गैर-भाजपा शासित राज्यों पर नियंत्रण करने के भाजपा के प्रयासों को उजागर करेंगे। शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने कहा, यह एक निर्णायक बैठक होगी। कई मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। भाकपा महासचिव डी. राजा ने कहा कि दो दिवसीय सत्र भाजपा को हराने के लिए विपक्ष के संयुक्त संकल्प को दर्शाएगा। बेंगलुरु बैठक भाजपा को हराने और देश एवं लोकतंत्र को बचाने के लिए धर्मनिरपेक्ष और लोकतांत्रिक पार्टियों को एकजुट करने की दिशा में एक और कदम होगी। इस बार बैठक में कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी के भी शामिल होने की संभावना है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस के पूर्व प्रमुख राहुल गांधी, राकांपा सुप्रीमो शरद पवार, टीएमसी प्रमुख एवं पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, बिहार के मुख्यमंत्री एवं जद(यू) नेता नीतीश कुमार, द्रमुक नेता एवं तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन, झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता एवं झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे और आम आदमी पार्टी के नेता एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल बैठक में शामिल हो सकते हैं।

### विपक्षी एकता को मजबूत करने के कदमों की घोषणा करेंगे

सूत्रों ने कहा कि विपक्षी नेता भाजपा से मुकाबला करने के लिए विपक्षी एकता को मजबूत करने के कदमों की घोषणा करेंगे और विपक्षी सरकारों को गिराने और राज्यपालों के माध्यम से गैर-भाजपा शासित राज्यों पर नियंत्रण करने के भाजपा के प्रयासों को उजागर करेंगे। शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने कहा, यह एक निर्णायक बैठक होगी। कई मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। भाकपा महासचिव डी. राजा ने कहा कि दो दिवसीय सत्र भाजपा को हराने के लिए विपक्ष के संयुक्त संकल्प को दर्शाएगा।

बेंगलुरु बैठक भाजपा को हराने और देश एवं लोकतंत्र को बचाने के लिए धर्मनिरपेक्ष और लोकतांत्रिक पार्टियों को एकजुट करने की दिशा में एक और कदम होगी।

## अमरनाथ यात्रा: सड़क दुर्घटना में दो श्रद्धालुओं की मौत

**एजेंसी/ श्रीनगर**

अमरनाथ यात्रा की चढ़ाई के दौरान रविवार को दो और लोगों की मौत हो गई, जिससे अब तक मरने वालों की संख्या बढ़कर 27 हो गई है। वहीं गुफा मंदिर में प्रार्थना के लिए जा रहे केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के आठ जवान जम्मू-कश्मीर के गांदरबल जिले में एक सड़क दुर्घटना में घायल हो गए हैं। अधिकारियों ने इस बात की जानकारी दी। अधिकारी ने कहा कि अमरनाथ के गुफा मंदिर के निचले हिस्से में शनिवार को पत्थर गिरने की चपेट में आने से उर्मिलाबेन मोदी (53) की मौत हो गई। उन्होंने कहा कि इस घटना में पर्वत बचाव दल के दो कर्मी और अन्य श्रद्धालुओं को भी चोट आई है।

अधिकारी ने कहा कि वहीं एक अन्य घटना में छत्तीसगढ़ के रहने वाले बुजुर्ग मेघनाथ (65) मंदिर जाने वाले पहलगाम मार्ग पर रविवार को अचेत अवस्था में पाए गए। उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उन्होंने कहा कि बालटाल मार्ग से अमरनाथ मंदिर की ओर जा रहा सीआरपीएफ का एक वाहन गांदरबल के सिंध नाले में गिर गया, जिसमें आठ जवान घायल हो गए। अधिकारी ने कहा कि घायलों को बाहर निकाला गया और बालटाल बेस कैंप अस्पताल ले जाया गया।

## आम आदमी पार्टी बेंगलुरु में होने वाली विपक्षी दलों की बैठक में शामिल होगी

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) के नेता राघव चड्ढा ने रविवार को कहा कि पार्टी 2024 के लोकसभा चुनावों में एकजुट होकर भाजपा का मुकाबला करने के लिए एक संयुक्त रणनीति बनाने के लिए बेंगलुरु में होने वाली विपक्षी दलों की बैठक में शामिल होगी। आप की राजनीतिक मामलों की समिति की रविवार को यहां दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आवास पर हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया। चड्ढा ने दिल्ली में प्रशासनिक सेवाओं पर नियंत्रण से संबंधित केंद्र के अध्यादेश का संसद में विरोध करने के कांग्रेस के कदम का स्वागत किया। केजरीवाल की अध्यक्षता वाली राजनीतिक मामलों की समिति (पीएसी) आप की सर्वोच्च निर्णय लेने वाली इकाई है। आप ने पहले कहा था कि वह बेंगलुरु की बैठक में तभी शामिल होगी, जब कांग्रेस संसद में दिल्ली में सेवाओं पर नियंत्रण से संबंधित केंद्र के अध्यादेश के विरोध में आम आदमी पार्टी को अपना समर्थन देगी।पीएसी में विचार-विमर्श के बाद चड्ढा ने घोषणा की कि केजरीवाल के नेतृत्व में आप सोमवार को बेंगलुरु में विपक्ष की बैठक में भाग लेगी। वर्ष 2024 के लोकसभा चुनावों में एकजुट होकर भाजपा का मुकाबला करने के लिए एक संयुक्त रणनीति बनाने के वास्ते यह एक दर्जन से अधिक विपक्षी दलों की दूसरी बैठक होगी।

## विपक्षी दलों ने उम्मीद छोड़ी, वे भ्रमित हैं : मुख्यमंत्री शिंदे

**एजेंसी/ मुंबई**



महाराष्ट्र विधानसभा के मॉनसून सत्र की पूर्व संध्या पर मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने रविवार को विपक्षी दलों पर तंज कसते हुए कहा कि लगता है कि वे उम्मीद खो चुके हैं और भ्रमित हैं।

शिंदे ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि राज्य में विपक्षी दल शायद ही कहीं दिखते हैं और लोगों को उनकी तलाश करनी पड़ेगी। विधानसभा का मॉनसून सत्र सोमवार से शुरू होगा। विपक्षी दल शिवसेना (यूबीटी), कांग्रेस और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद गुट) ने रविवार को सरकार की ओर से आयोजित पारंपरिक चाय पार्टी का बहिष्कार किया। शिंदे ने कहा, किसी के लिए राज्य में विपक्ष की तलाश करने की जरूरत पड़ेगी। ऐसा प्रतीत होता है कि विपक्षी दल उम्मीद छोड़ चुके हैं...वे भ्रमित और हतप्रभ हैं। हालांकि, हम विपक्ष को उसकी ताकत से परे कमतर करके नहीं आंकेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य को विभिन्न क्षेत्रों में 2.38 लाख करोड़ रुपए का निवेश प्राप्त हुआ है और विपक्ष को भी सरकार द्वारा किए गए।

## नाबालिग से उसके प्रेमी के सामने तीन लोगों ने सामूहिक बलात्कार किया

**एजेंसी/जोधपुर**


अजमेर से अपने प्रेमी के साथ गई एक नाबालिग लड़की से रविवार को जोधपुर में उसके प्रेमी के सामने तीन लोगों ने कथित तौर पर सामूहिक बलात्कार किया। पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस उपायुक्त अमृता दुहन ने दर्ज मामले के आधार पर बताया कि आरोपियों ने सुबह करीब चार-साढ़े चार बजे जेएनवी विश्वविद्यालय के पुराने परिसर के हॉकी मैदान में नाबालिग लड़की के प्रेमी की पिटाई की और फिर लड़की के साथ



बलात्कार किया। युवक और करीब 17 वर्षीय लड़की के बीच प्रेम संबंध में थे तथा वे अजमेर से शनिवार बस के जरिए जोधपुर पहुंचे। कमरा लेने के लिए वे एक गेस्ट हाउस में गए जहां गेस्ट हाउस के संचालक सुरेश ने उनके साथ कथित तौर पर दुर्व्यवहार किया। वहां से पावटा चौराहा गए।दुहन ने बताया कि जब वे पावटा चौराहे के पास बैठे थे, तब समंदर सिंह भाटी, धर्मपाल सिंह और भट्टम सिंह (उम्र 20-22 वर्ष) नामक तीन युवक उनके पास आए और उन्हें भोजन एवं कोल्ड ड्रिंक की पेशकश की। उन्होंने बताया कि सुबह लगभग चार बजे वे उन्हें रेलवे स्टेशन जाने के बहाने रेलवे लाइन के किनारे एक सुनसान सड़क पर ले गए और फिर जबरन उन्हें पुराने जेएनवीयू परिसर स्थित हॉकी मैदान में ले गए। दुहन ने कहा कि वहां युवक को बंधक बना लिया गया और युवती के साथ सामूहिक बलात्कार किया गया।

## कुछ चीतों की मौत के लिए रेडियो कॉलर को जिम्मेदार बताने वाली खबरें अटकलों पर आधारित: सरकार

**एजेंसी/ नई दिल्ली**



पर्यावरण मंत्रालय ने रविवार को कहा कि नामीबिया और दक्षिण अफ्रीका से लाए गए 20 वयस्क चीतों में से पांच की मौत प्राकृतिक कारणों से हुई और रेडियो कॉलर जैसे कारकों को मौत के लिए जिम्मेदार ठहराने वाली खबरें बिना वैज्ञानिक प्रमाण के अटकलों एवं अफवाहों पर आधारित हैं। मंत्रालय ने एक बयान में यह भी कहा कि चीता परियोजना का सहयोग करने के लिए कई कदमों की योजना बनाई गई है, जिसमें बचाव, पुनर्वास, क्षमता निर्माण सुविधाओं के साथ चीता अनुसंधान केंद्र की स्थापना भी शामिल है। बयान में कहा गया, नामीबिया और दक्षिण अफ्रीका से भारत लाए गए 20 वयस्क चीतों में से पांच वयस्क चीतों की मौत की सूचना मिली है। प्रारंभिक विश्लेषण के अनुसार सभी मौत प्राकृतिक कारणों से हुई हैं। मीडिया में ऐसी खबरें आई हैं जिनमें चीतों की मौत के लिए रेडियो कॉलर आदि को जिम्मेदार ठहराया गया है। ऐसी खबरें किसी वैज्ञानिक प्रमाण पर आधारित नहीं, बल्कि अटकलों और अफवाहों पर आधारित हैं।बयान में कहा गया कि परियोजना के निगरानी प्रोटोकॉल, सुरक्षा उपाय, प्रबंधकीय सूचना, पशु चिकित्सा सुविधाएं, प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण पहलुओं की भी स्वतंत्र राष्ट्रीय विशेषज्ञों द्वारा समीक्षा की जा रही है। मंत्रालय ने कहा कि केंद्र की चीता परियोजना संचालन समिति परियोजना की प्रगति की बारीकी से निगरानी कर रही है और इसके क्रियान्वयन पर संतुष्टि व्यक्त की है। इसने कहा कि सरकार ने क्षेत्रीय अधिकारियों के साथ मिलकर काम करने के लिए राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (एनटीसीए) की एक समर्पित टीम तैनात की है। दक्षिण अफ्रीका से लाए गए नर चीता सूरज की शुक्रवार को श्योपुर के कूनो राष्ट्रीय उद्यान (केएनपी) में मृत्यु हो गई, जबकि एक अन्य नर चीता तेजस की मंगलवार को मौत हो गई।

**उम्मीद** बचाव के लिए असम राइफल्स के पहुंचने से पहले इन सभी लोगों को विस्फोट, दंगे और भीड़ हिंसा के चलते भय के माहौल में रहना पड़ा।



## मणिपुर: राहत शिविरों में रह रहे लोगों को घर लौटने की उम्मीद

**एजेंसी अकंपत(मणिपुर)**

अकंपत के एक कॉलेज में बने राहत शिविर में रह रहे राज्य पुलिस के एक सिपाही एस. डेविड और उसके परिवार सहित 700 से ज्यादा लोगों को यह उम्मीद है कि हालात सामान्य होने के बाद वे सकुशल अपने घर लौट सकेंगे। बचाव के लिए असम राइफल्स के पहुंचने से पहले इन सभी लोगों को विस्फोट, दंगे और भीड़ हिंसा के चलते भय के माहौल में रहना पड़ा। असम राइफल्स ने मोरेह और चुराचांदपुर से लाए गए 238 परिवारों को यहां आइडियल गर्ल्स कॉलेज में रखा है। असम राइफल्स, सेना की अभियानगत कमान के अतंर्गत आने वाला एक अर्धसैनिक बल है।टिन की छत वाले कॉलेज में रसायन विज्ञान कक्षा में रह रही चंचल वहां मौजूद बच्चों को पढ़ाने में व्यस्त रहती हैं, जिन्होंने सरकारी स्कूल में प्रवेश लिया हुआ है। राजधानी इंफाल से 107 किलोमीटर दूर स्थित मोरेह कस्बे के बहुसंख्यक समुदाय से ताल्लुक रखने वाली चंचल तीन मई के उस दिन को याद करती हैं जब पूरा परिवार रात के खाने के लिए बैठा हुआ था। चंचल ने कहा, हमने सुना कि भीड़ सब कुछ तोड़-फोड़ रही है। धमाकों की जोरदार आवाज सुनाई दे रही थी और गोलियां बरस रही थीं। उन्होंने याद करते हुए कहा, हम बचने के लिए किसी तरह पास के थाने तक पहुंचने में कामयाब रहे। हमें मोरेह शहर में असम राइफल्स के शिविर ले जाया गया और सुरक्षाबल हमें सकुशल इंफाल शहर लाने में कामयाब रहे। उन्होंने बताया कि उनका पूरा परिवार अपना सबकुछ घर में ही छोड़ आया था। मोरेह शहर में एक छोटा सा व्यवसाय चलाने वाली चंचल को उम्मीद है कि वह जल्द ही अपने घर लौटेंगी। उन्होंने कहा, शायद तुरंत नहीं लेकिन मैं अपने घर, अपने इलाके में वापस जाना चाहती हूं, जहां मैं पैदा हुई और पली-बढ़ी हूं, बशर्ते हमें आश्वासन दिया जाए कि हम सुरक्षित रहेंगे। इस शिविर को कृषि मंत्री थोंगम बिस्वजीत सिंह द्वारा चलाया जा रहा है, जिसमें एक साझा रसोईघर है। इस रसोईघर को विस्थापित लोगों के बीच से ही तीन परिवार प्रबंधित कर रहे हैं। मणिपुर पुलिस में सिपाही के पद पर तैनात डेविड ने अपना क्षतिग्रस्त घर दिखाने के लिए स्मार्टफ़ोन निकाला और कहा कि वह इंफाल से 63 किमी दूर चुराचांदपुर में रह रहा था।

## ख़ास ख़बर

## कमांडेंट 52 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल अररिया ने बाढ़ की हालात को देखते हुए सीमावर्ती गांवों का किया दौरा



**अररिया।** श्री महेंद्र प्रताप कमांडेंट 52 वी वाहिनी सशस्त्र सीमा बल अररिया और उनकी टीम के द्वारा दिनांक 12.07.2023 से 15.07.2023 तक नदियों के उफान और बाढ़ की हालात को देखते हुए बाहरी सीमा चौकियों व सीमावर्ती गांवों का दौरा किया गया। साथ ही, सीमा स्तंभों का निरीक्षण किए। इसी के क्रम में, महोदय ने प्रचलन गतिविधियों को सुव्यवस्थित करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश बाहरी सीमा चौकी में तैनात जवानों को दी, साथ ही , उनसे मुलाकात कर उनका हाल जाना । इसी के क्रम में, आपसी समन्वय स्थापित करने हेतु नेपाल एपीएफ के सौराबाग एपीएफ कैंप कमांडर रंजन बॉसनेट और उनकी टीम से मुलाकात की।

## टीम पूर्णिया की मुहिम ब्लड डोनेशन ड्राइव में सारथी बना उड़ान फाउंडेशन



**पूर्णियां।** पूर्णिया और कोसी के जिलों मे टीम पूर्णिया दो वर्षो मे खून के जरूरतमंदो को रक्त उपलब्ध करवाने मे अपनी सक्रिय भूमिका निभा रही है। जिले मे बढ़ती रक्त की कमी को देखते हुए टीम पूर्णिया ने जिले में ब्लड डोनेशन ड्राइव चला रही है।महज 10 दिन मे टीम पूर्णिया ने रविवार को अपना तीसरा सामुहिक रक्तदान किया। शहर के ब्रजेश ऑटोमोबाइल, आनंद फाउंडेशन मे सामूहिक रक्तदान करने के बाद टीम पूर्णिया उड़ान फाउंडेशन के युवा साथियों के साथ सामूहिक रक्तदान की है। उड़ान फाउंडेशन के फाउंडर सौरव राज बताते है कि टीम पूर्णिया ने एक अच्छी मुहिम की शुरुआत की है। इस मुहिम से एक आशा जगी है कि खून के जरूरतमंदो को रक्त की कमी महसूस नहीं होगी।टीम पूर्णिया के रविनेश पोद्दार ने बताया कि जिले मे बढ़ती ब्लड की कमी को देखते हुए हम हर सफ्ताह अलग अलग समाजिक संस्था के साथ मिलकर सामूहिक रक्तदान कर रहे है। इस मुहिम का नतीजा है कि पूर्णिया मेडिकल कॉलेज के रक्त केंद्र मे आज लगभग 50 से 60 यूनिट रक्त की स्टॉक बनी रहती है जिसके वजह से रक्त के जरूरतमंद को रक्त असली से उपलब्ध हो पा रहा है। टीम पूर्णिया विशेषकर थेलेसिमिया से पीड़ित मरीज के लिए कार्य करती है। बता दे की सौरव राज "उड़ान फाउंडेशन" नशा मुक्ति केंद्र चलाकर नशा के पीड़ित लोगो का इलाज करते हैं।टीम पूर्णिया के फाउंडर विकास आदित्य ने बताया कि हमारी इस मुहिम की चर्चा पूरे राज्य मे हो रही है हम हर सफ्ताह पूर्णिया जिले मे ब्लड डोनेशन ड्राइव चला रहे है आज उड़ान फाउंडेशन के साथ सामूहिक रक्तदान हो रहा है कतार मे और भी संस्था है। रक्तदान क्रम मे समाजसेवी शुभम पोद्दार , मिहिर विश्वास, ईशान सिंह साही, आदर्श मौजूद थे।

## पानी में डुबने से हुई मो0,मुगले आज़म की मौत, मो. नसीम ने जिला प्रशासन से मुआवजे के की मांग



**अररिया।** राजमिस्त्री सह ठेकेदार मो,नौशाद आलम के पुत्र,मो.मुगले आज़म 15,वर्ष मानिकपुर,वार्ड नंबर 12 निवासी का पानी में डुबने से मृत्यु हो गई,शव को अररिया सदर अस्पताल पोस्टमार्टम बैरगाछी ओ,पी,थाना के एस आई,श्री तौकीर खान के मोजुदगी में कराई गई है। पोस्ट मार्टम के बाद शव को मृतकों के परिजनों को सौंप दिया गया है। मुगले आजम का पानी में डूबने से हुआ मौत पर परिजनों का रो रो कर बुरा हाल कर लिया है। प्रखण्ड राजद अध्यक्ष मो नसीम घटना स्थल एवम परिजनों से मुलाकात कर अपनी संवेदना व्यक्त किया और जिला प्रशासन से मुआवजे का शीघ्र भुगतान करने की मांग की

# स्वास्थ्य अधिकारियों की बैठक में डेंगू पर प्रभावी नियंत्रित संबंधी उपायों पर चर्चा

### फाइलेरिया उन्मूलन अभियान में जिले को बड़ी कामयाबी, एमडीए अभियान टला



**अररिया ।** फाइलेरिया उन्मूलन अभियान में जिले को बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। लिहाजा जिले में आगामी 10 अगस्त से संचालित सर्वजन दवा सेवन कार्याक्रम फिलहाल टल चुका है। दरअसल जिले में हाल ही में संपन्न नाइट ब्लड सर्वे के दौरान निर्धारित किसी साइट पर एक फीसदी मरीज नहीं मिले। लिहाजा अररिया फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर प्री ट्रांस एसेसमेंट सर्वे फेज में जा पहुंचा है। गया जिले के बाद ये उपलब्धि हासिल करने वाला अररिया राज्य का दूसरा जिला है। जिला स्वास्थ्य समिति सभागार में शुक्रवार को आयोजित स्वास्थ्य अधिकारियों की बैठक में ये जानकारी देते हुए जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ अजय कुमार सिंह ने बताया कि प्री ट्रांस एसेसमेंट सर्वे के दौरान फाइलेरिया मरीजों के खोज की प्रक्रिया फिलहाल जारी रहेगा। इसके साथ ही विभिन्न पीएचसी में संचालित फाइलेरिया क्लिनिक का संचालन भी पूर्ववत जारी रहेगा। हाइड्रोसिल के ऑपरेशन, एमएमडीपी किट का वितरण संबंधी मरीजों को मिलने वाली तमाम सुविधा भी जारी रहेगा। बैठक में सिविल सर्जन डॉ विधानचंद्र चंद्र सिंह, डीपीएम संतोष कुमार, वीडीसीओ ललन कुमार सहित सभी एमओआईसी व अस्पताल प्रबंधक मौजूद थे।स्वास्थ्य विभाग के लिये ये बड़ी कामयाबी-जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ अजय कुमार सिंह ने बताया कि कालाजार की तरह अब अररिया फाइलेरिया से मुक्त होने की कगार पर जा पहुंचा है। स्वास्थ्य विभाग के साथ जिलावासियों के लिये ये बड़ी उपलब्धि है। इससे हर साल सर्वजन दवा सेवन कार्यक्रम को लेकर सरकार द्वारा खर्च किये जाने वाले करोड़ों के राशि की बचत होगी। लेकर प्री ट्रांस एसेसमेंट सर्वे फेज में फाइलेरिया मरीजों को खोज को लेकर एनबीएस की प्रक्रिया जिले में फिलहाल जारी रहेगा।

उन्होंने कहा कि एमडीएम अभियान टलने के बाद विभाग को पूरा ध्यान जिले में डेंगू नियंत्रण संबंधी उपायों की मजबूती पर टिका है। डेंगू नियंत्रण को लेकर अस्पतालों में बनेंगे विशेष वार्ड-डीवीबीडीसीओ डॉ अजय कुमार सिंह ने कहा कि सितंबर से नवंबर माह के बीच का समय डेंगू के प्रसार को लेकर बेहद संवेदनशील होता है। डेंगू के मामले में पांच से कम दिनों तक बुखार वाले

### फाइलेरिया मरीजों की खोज को लेकर होकर जिले में प्री ट्रांस एसेंसमेंट सर्वे

मरीजों का एनएस-1 एलिजा टेस्ट किया जाना है। इससे अधिक दिनों तक बुखार होने पर मरीजों की जांच के लिये आईजीएम एलिजा टेस्ट से किया जाना है। फिलहाल सदर अस्पताल में एनएस-1 एलिजा टेस्ट का इंतजाम उपलब्ध है। जल्द ही फारबिसगंज अनुमंडल अस्पताल में ये सुविधा उपलब्ध होगा। डेंगू पर प्रभावी नियंत्रण को लेकर सदर अस्पताल व अनुमंडल अस्पताल फारबिसगंज में 10 बेड क्षमता वाले डेडिकेटेड वार्ड व सभी पीएचसी में 5 से 6 बेड क्षमता वाले विशेष वार्ड के निर्माण किया जाना है। प्रभावित इलाकों में तत्काल फोगिंग सुनिश्चित कराने व इसके लिये रोगी कल्याण समिति मद में उपलब्ध राशि से फोगिंग मशीन की खरीदारी की बात उन्होंने कही। बाढ़ग्रस्त इलाकों में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच करायें सुनिश्चित-सिविल सर्जन डॉ विधानचंद्र सिंह ने फाइलेरिया उन्मूलन की दिशा में जिले को प्राप्त इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर प्रसन्नता जाहिर की। उन्होंने कहा कि संक्रमण के छठे से सातवें दिन डेंगू बेहद खतरनाक अवस्था में होता है। ओपीडी में बुखार संबंधी शिकायत को लेकर आने वाले मरीजों पर विशेष नजर रखा जाना जरूरी है। डेंगू के संवेदनशील मामलों में मरीजों को तत्काल इलाज के लिये हायर सेंटर रेफर करने का निर्देश उन्होंने दिया। साथ ही उन्होंने टेलीमेडिसिन सेवाओं के प्रभावी क्रियान्वयन व बाढ़ प्रभावित इलाकों में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित कराने को लेकर स्वास्थ्य अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिये।

# पंचायत स्तरीय अंबेडकर परिचर्चा के दौरान जिला संगठन कार्यक्रम प्रभारी अविनाश आनंद रहे मौजूद



**फारबिसगंज ।** राष्ट्रीय जनता दल प्रदेश नेतृत्व के दिशा निर्देश पर पंचायत स्तरीय अंबेडकर परिचर्चा फारबिसगंज प्रखंड के कई पंचायत में होने के बाद रविवार को झिरूआ पुरवारी एवं औराही पश्चिम पंचायत के दलित बस्ती में निर्मित सामुदायिक भवन में पंचायत अध्यक्ष मो0 इबरार आलम एवं राजेश विश्वास की अध्यक्षता में एवं पूरे प्रखंड के कार्यक्रम का नेतृत्व कर रहे प्रखंड अध्यक्ष प्रदीप कुमार मंडल के सफल सफल संचालन में कार्यक्रम संपन्न हुई।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजद जिला उपाध्यक्ष अमित पूर्वे एवं राजद युवा नेता सह जिला संगठन कार्यक्रम प्रभारी अविनाश आनंद मौजूद रहे। अतिथि एवं कार्यकर्ताओं के द्वारा बाबा साहब देशरत्न डॉ भीमराव अंबेडकर के तैलचित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अमित पूर्वे एवं अविनाश आनंद ने संबोधित करते हुए कहा मुझे वह धर्म पसंद है जो स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व सिखाता है। मैं एक समुदाय की प्रगति को उस डिग्री से मापता हूं जो महिलाओं ने हासिल की है। वे इतिहास नहीं बना सकते जो इतिहास को भूल जाते हैं। अम्बेडकर जी का मानना था कि दलित वर्ग को खुद आत्म सम्मान पैदा करना चाहिए एवं आरक्षण के माध्यम से सहायता की नीति उनके उत्थान एवं कल्याण की सर्वोतम नीति है। अंबेडकर जी कठिन परिश्रम के समर्थक थे। वे मानवतावाद, सहानुभूति, परोपकार आदि के आधार पर समाज सुधारों में कभी विश्वास नहीं करते थे।

उनका मानना था कि सघर्ष द्वारा ही अपने अधिकारों को जीतना चाहिए। और आज गरीब, दलित, पिछड़ी शोषित वंचित के हक, हकूक और उनके अधिकारों की

### लालू जी अपना संपूर्ण जीवन इसी समाज के लिए न्योछावर करते आ रहे हैं- अविनाश आनंद

लड़ाई संविधान के माध्यम से संघर्ष के साथ लालू जी अपने जीवन के प्रारंभ से ही लड़ रहे हैं और अपना संपूर्ण जीवन इसी समाज के लिए न्योछावर करते आ रहे हैं । कार्यक्रम में प्रखंड महासचिव देवेंद्र प्रसाद गुप्ता,अति पिछड़ा प्रकोष्ठ ज़िला उपाध्यक्ष संजीत मंडल, टुनटुन मेहता, विद्यानंद ऋषिदेव, रंजन ऋषिदेव, सूर्यानंद बैठा, चंदन ऋषिदेव, रमेश मांझी, श्रीकांत मंडल, परमेश्वरी ऋषिदेव, चंदन ऋषिदेव, अर्जुन पासवान, अनमोल पासवान, जालिया देवी, गुड्डी देवी, शांति देवी,प्रमोद पासवान, विमला देवी, फूलन देवी, रंजन देवी, उर्मिला देवी, चम्पा देवी, प्रियंका देवी सहित सैकड़ों की संख्या में पुरुष एवं महिलाएं उपस्थित थे। धन्यवाद ज्ञापन प्रखंड महासचिव देवेंद्र गुप्ता द्वारा किया गया ।

## बैरा गुमानी टोल स्थित मलह टोली में पुआल से छुपाकर 157 कार्टुन में 4710 बोतल नेपाली देशी शराब बरामद



**जयनगर/मधुबनी/दैनिक शुभ भास्कर (मो.गुलाब)/** जिसे कही अन्य जगह ले जाने के फिराक में है। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, जयनगर के निर्देशण में परिवीक्ष्यमान पुलिस उपाधीक्षक-सह-थानाध्यक्ष जयनगर अशुतोष रंजन द्वारा त्वरीत कार्रवाई करते हुए टीम का गठन कर ग्राम बैरा गुमानी टोल स्थित मलह टोली में पुआल से छुपाकर रखे हुए कुल 157 कार्टुन में 4710 बोतल प्रत्येक 300 एम0एल0 का कुल 1413 लीटर गौरभ सौफी नेपाली देशी शराब एंव तीन मोटर साईकिल बरामद किया गया। शराब तस्कर मोटर साईकिल एंव शराब को छोड़ कर घटनास्थल से भाग निकले। टी0भी0एस0 अपाची उजला रंग का मोटर साइकिल रजि0नं0-BR32AN-3607, चेचिस नं0- MD634AE85N2Hw1976, इंजन नं0-AE8HN2108559| टी0भी0एस0 अपाची उजला रंग का मोटर साइकिल, रजि0नं0-BR07AA-8405, चेचिस नं0- MD634KE40G2H87194, इंजन नं0-0E4HG2034494, पैशन प्रो मोटर साईकिल काला रंग का रजि0नं0 अंकित नही, चेचिस MBLHA10BSGHH4976, इंजन नं0-HA10EVGHH54745, कुल 157 काटून शराब, कुल-4710 बोतल, कुल मात्रा - 1413 लीटर।फिरार अभियुक्त- अशोक सहनी पिता राम किशुन सहनी सा0 बैरा मलह टोली गुमानी टोल थाना जयनगर जिला मधुबनी एंव चार-पाँच अज्ञात ।छापामारी दल में शामिल सदस्य जयनगर थाना अध्यक्ष परिवीक्ष्यमान पुलिस उपाधीक्षक अशुतोष रंजन, पु0अ0नि0 धीरेन्द्र कुमार सिंह, जयनगर थाना,पैथर सिपाही दिलीप कुमार, चुनचुन राम, चंदन कुमार, प्रवीण कुमार, एवं अन्य पुलिसकर्मी मौजूद थे।

## माँ अन्नपूर्णा कम्युनिटी किचन के द्वारा लगातार तीसरे वर्ष भी लंगर लगाकर नि:शुल्क खाना एवं खीर का वितरण



**जयनगर /मधुबनी/दैनिक शुभ भास्कर (मो.गुलाब)/** सावन माह के दूसरी सोमवारी को लेकर जयनगर बैंक ऑफ बड़ौदा स्थित माँ अन्नपूर्णा सेवा समिति के तत्वावधान में लंगर लगाया गया है। माँ अन्नपूर्णा सेवा समिति के संयोजक अमित राउत ने बताया कि कांवरियों के सेवा के लिए यह लंगर लगाया गया। लंगर में माँ अन्नपूर्णा कम्युनिटी किचन के द्वारा निःशुल्क दवा,जूस, पानी,भोजन, चाय एवं खीर का वितरण किया गया। लंगर में समिति के सभी सदस्यों के अलावा सभी दाता बंधुओ का भरपूर सहयोग रहता है। सभी तन,धन एवं मन से माँ अन्नपूर्णा सेवा समिति के किसी भी सेवा भाव कार्यक्रम में लगे रहते हैं।इस मौके पर संस्था के सदस्यों नें संयुक्त रूप से बताया कि आज निःशुल्क लंगर का दूसरा दिन है, और कल से आज खबर लिखे जाने तक हजारों कावरिया श्रद्धालुओं की सेवा की गई है, जो अनवरत जारी है।वहीं, संस्था के संरक्षक मंडल नें संयुक्त रुप से सभी को सावन मास की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भगवान भोले शकर बहुत दयालु हैं। वे सच्चे मन से की गई हर कामना को पूर्ण करते हैं। हम सभी भगवान शकर से प्रार्थना करते हैं कि भारत सहित विश्व कल्याण हो।बता दें कि ये लंगर विगत तीन वर्षो से संस्था के द्वारा जयनगर मे लगाया जाता रहा है।किसी भी अवसर पर संस्था को सहयोग करने हेतु मो-9939040200 पर संपर्क कर सकते हैं।इस मौके पर नगर पंचायत के अध्यक्ष कैलाश पासवान,बबलु राउत,डॉ. सुनील कुमार राउत,प्रवीर महासेठ, उपेन्द्र नायक, अमित कुमार राउत, गणेश काँस्यकार, सियाराम महतो,संजय महतो,विकास चंद्रा, मनोज सिंह, ई. रोहन रंजन सिंह, लक्ष्मण यादव, हरेराम चौधरी, संजय गुप्ता, गुड्डू साह, राहुल महतो, हर्षवर्धन, अरुण कुमार, नवीन साह, विवेक सूरी, मिथिलेश महतो, पप्पू पुर्वे, संतोष शर्मा, विकास कुमार, सुमित राउत मौजूद रहे। वहीं, माँ अन्नपूर्णा महिला मंच से कामीनी साह, मुस्कान शर्मा, सरिता कुमारी, सबिता देवी, रानी कुमारी, मुन्नी देवी एवं अन्य मौजूद थे। इस मौके पर दाताओं के सहयोग से हजारों कावरियों की सेवा की गई।

## रघुनाथपुर उत्तर पंचायत में भू विवाद के कारण हुई चंद्र मोहन यादव और माधव यादव को गोली मारकर हत्या

**भरगामा।** भरगामा प्रखंड के रघुनाथपुर उत्तर पंचायत में जमीन विवाद के कारण चंद्र मोहन यादव और माधव यादव को गोली मारकर हत्या कर दिया गया। यह घटना मानवता को शर्मसार करने वाली है। चारों ओर दहशत का माहौल बना हुआ है। जन आधिकार पार्टी लोकतांत्रिक के प्रदेश महासचिव सह जिला मुखिया संघ के अध्यक्ष प्रिंस भिक्टर ने घटना की तीव्र भर्त्सना करते हुए जिला प्रशासन से उचित कार्रवाई करने की मांग की है।

कार्यक्रम | एएनएम को आईयूसीडी, पीपीआईयूसीडी, पीएआईयूसीडी का दिया जा रहा प्रशिक्षण

# परिवार नियोजन कार्यक्रम को लेकर पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित



**अररिया ।** जिले में परिवार नियोजन कार्यक्रम की मजबूती के लिये स्वास्थ्य कर्मियों के लिये विशेष प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जा रहा है। पांच दिवसीय प्रशिक्षण दो बैच में संचालित किया जा रहा है। प्रथम बैच का प्रशिक्षण 14 जुलाई को संपन्न हुआ। वहीं दूसरा चरण 15 से 19 जुलाई के बीच संचालित है।

इसमें विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों पर कार्यरत एएनएम व जीएनमए को आईयूसीडी, पीपीआईयूसीडी, पीएआईयूसीडी विषय पर प्रशिक्षित किया जा रहा है। ताकि प्रशिक्षित कर्मियों की मदद से अधिक से अधिक लोगों तक इन सेवाओं का लाभ उपलब्ध कराया जा सके। इसमें सदर अस्पताल में कार्यरत ए ग्रेड नर्स नाजिया परवीण व मनीषा कुमारी मुख्य प्रशिक्षक की भूमिका निभा रही हैं। आईयूसीडी परिवार नियोजन का उपयुक्त माध्यम-मुख्य प्रशिक्षक नाजिया परवीण ने बताया कि प्रशिक्षण में शामिल कर्मियों को परिवार नियोजन के लिये उपलब्ध संसाधनों की जानकारी दी गयी। उन्होंने बताया कि परिवार नियोजन के लिये आईयूसीडी सबसे उपयुक्त माध्यम है। स्वास्थ्य कर्मियों को दो बच्चों के बीच दो या दो से अधिक वर्ष के अंतराल के लिये आईयूसीडी के प्रयोग की जानकारी दी गयी। इस क्रम में उन्हें आईयूसीडी से होने वाले लाभ व लगाने के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में प्रशिक्षित किया जा रहा है। आईयूसीडी के इस्तेमाल से सेहत को कोई नुकसान नही-कार्यक्रम की मुख्य प्रशिक्षक मनीषा कुमारी ने बताया कि परिवार नियोजन के लिये महिलाएं चीर-फाड़ के डर से बंध्याकरण से डरती हैं। उनके लिये आईयूसीडी बेहतर विकल्प है। जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि प्रसव के 48 घंटे के अंदर पीपीआईयूसीडी, गर्भ समापन के बाद पीएआईयूसीडी व आईयूसीडी कभी भी नजदीकी सरकारी अस्पतालों में लगाया जा सकता है। इसके इस्तेमाल से जहां अनचाहे गर्भ से बचा जा सकता है। वहीं इसके इस्तेमाल से सेहत को कोई नुकसान नहीं है। दो बच्चों के बीच व अनचाहे गर्भ से बचाव का सुरक्षित जरिया-सिविल सर्जन डॉ विधानचंद्र सिंह ने बताया कि जिले में परिवार नियोजन कार्यक्रम की मजबूती को लेकर जरूरी प्रयास किये जा रहे हैं। प्रशिक्षण के उपरांत संबंधित एएनएम व जीएनएम अपने अपने स्वास्थ्य केंद्रों पर स्थानीय महिलाओं को इन सेवाओं की जानकारी देते हुए इसके इस्तेमाल के लिये उन्हें जागरूक करेंगी। पीपीआईयूसीडी के माध्यम से बच्चों में सुरक्षित अंतर रखने में मदद मिलती है। ये अनचाहे गर्भ से बचने व दो बच्चों के बीच सुरक्षित अंतर रखने का सुरक्षित व उपयोगी जरिया है। प्रशिक्षित स्वास्थ्य कर्मियों के माध्यम से मामूली जांच के बाद इसे लगाया जा सकता है। फिर दंपति जब भी बच्चा चाहें इसे अस्पताल जाकर निकाला जा सकता है।

# जयनगर में जाप की डोमिसाइल नीति लागू करने की मांग- नेताओं ने किया NH जाम




**जयनगर /मधुबनी/दैनिक शुभ भास्कर (मो.गुलाब)/** जयनगर एनएच 227 वाटरवेज चौक पर जन अधिकार पार्टी के कार्यकर्ताओं के द्वारा शिक्षक नियुक्ति में डोमिसाइल नीति को लागू करने की मांग को लेकर जाम कर प्रदर्शन किया।

प्रधान महासचिव अवधेश यादव के नेतृत्व में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि जाप सुप्रीमों पूर्व सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव राज्य की जनता के हितों की रक्षा के लिए हमेशा संघर्षरत रहे हैं। आज शिक्षकों पर होने वाले अत्याचार के खिलाफ जाप सडक से विधानसभा तक आवाज उठा रही है। बिहार सरकार से आग्रह किया कि वे बिहार के शिक्षकों की हकमारी ना करें और डोमिसाइल नीति को हटाने का फैसला वापस लें। बिहार के युवाओं को रोजगार की जरूरत है। युवा पीढ़ी के लोग शिक्षक भर्ती के लिए वर्षो से तैयारी कर रहे हैं। जब नौकरी देने की बात आई तो डोमिसाइल को समाप्त करने का निर्णय लिया जा रहा है। ये कहीं से न्याय उचित नहीं है। जाप इस नीति का विरोध करेगी। सरकार अगर डोमिसाइल नीति को वापस नहीं लेती है तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। इसी नीति के खिलाफ आगामी 23 जुलाई को राज्यभर में रेल चक्का जाम किया जाएगा। स्थल पर प्रदेश उपाध्यक्ष मनोज घोष, अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष मुनीन्द्र पासवान, मो. निजामुद्दीन, इंद्र नारायण यादव, सिंटू कुमार यादव समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

## ख़ास ख़बर

# श्रावण मास की दूसरी सोमवारी 17 जुलाई की शाम से 16 अगस्त के बीच रहेगा मलमास- पंडित तरुण झा



**अजय कुमार,दैनिक शुभ भास्कर सहरसा,**ब्रज किशोर ज्योतिष संस्थान के संस्थापक एवं निर्देशक ज्योतिषाचार्य पंडित तरुण झा के अनुसार 17 जुलाई को श्रावण मास की दूसरी सोमवारी होगी।ज्ञात हो कि मलमास अर्थात पुरषोत्तम मास शुक्ल प्रतिपदा से प्रारम्भ होकर अमावस्या को समाप्त होती है।पूर्णिमा इसके बीच मे ही होती है।इस बार मलमास 17 जुलाई से प्रारम्भ होकर 16 अगस्त को समाप्त होगा ज्योतिषाचार्य ने बताया कि ज्योतिष मे 02.5 वर्ष ,05 पखवाड़े,03 दिन और 01 दिन का आठवाँ भाग बीत जाने पर अधिकमास होता है। गणना के आधार पर 32 महीने 18 दिन बीत जाने पर मलमास होता है। पंडित तरुण झा बताते हैं की गुरु के अस्त एवं सूर्य के सिंह राशि मे स्थित होने पर अधिक मास मे जो वर्जित कर्म है उसे बिलकुल नहीं करें।इस मलमास मे दैनिक नियमित पूजा,श्राद्ध या किसी जातक कि कुंडली मे मार्केश वगैरह है तो उसकी शांति हेतु पूजा हो सकती है।लेकिन विवाह, प्रतिष्ठा, गृहप्रवेश,उपनयन, मुंडन इत्यादि बिलकुल भी नहीं करना चाहिए।इस मास के मध्य मे स्नान, जप, दान एवं पितृ तर्पण जरूर करने से सारे कर्म ऊर्जावान के साथ काफ़ी लाभदायक होते हैं।शुद्ध मास ( श्रावण ) के सोमवारी व्रत-1. सोमवारी व्रत-10 जुलाई 2023,2.सोमवारी व्रत-17 जुलाई 2023,3. सोमवारी व्रत-21 अगस्त 2023,4.सोमवारी व्रत- 28 अगस्त 2023

# औकाही से महिडगरा घाट, बनगांव, चैनपुर होते कोपड़िया तक वाटर चैनल का होगा उड़ाही- डॉ आलोक रंजन



**सुभाष चंद्र झा/दैनिक शुभ भास्कर/सहरसा/**पूर्व मंत्री एवं विधायक डॉ आलोक रंजन ने बिहार विधानसभा के मानसून सत्र में जल संसाधन विभाग से संबंधित सहरसा का महत्त्वपूर्ण विषय को उठाया।विधायक डॉ आलोक रंजन ने विधानसभा में तारांकित प्रश्न के माध्यम से जल संसाधन विभाग बिहार सरकार से जिला अन्तर्गत सत्तरकट्टैया के औकाही से महिडगरा घाट, बनगांव, चैनपुर होते कोपड़िया तक वाटर चैनल का उड़ाही का मामला उठाते हुए कहा कि प्रत्येक वर्ष बरसात के दिनों में पूर्व निर्मित वाटर चैनल में गाद भर जाने के कारण इस क्षेत्र के हजारों एकड़ भूमि में लगे फसल नष्ट हो जाता है। इस वाटर चैनल के उड़ाही से इस क्षेत्र के किसान की बड़ी समस्या का समाधान हो सकेगा। चूंकि किसान उक्त उपजाऊ भूमि पर बड़ी आस से खेती करते हैं लेकिन बरसात के दिनों में इस क्षेत्र में बाढ़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो जाती है।इसके समाधान के लिए सरकार को इस विषय पर गंभीरता से विचार करना चाहिए।इस विषय पर सरकार ने कहा कि विभागीय पत्रांक 2787 दिनांक 10 जुलाई द्वारा स्थल निरीक्षणोंपरंत प्रश्नगत चैनल की उड़ाही संबंधित प्रतिवेदन समर्पित करने हेतु मुख्य अभियंता, वीरपुर को निदेशित किया गया है। विधायक डॉ आलोक रंजन ने बताया कि उन्होंने इससे पहले सत्र में विभाग से इस चैनल पर बने सुलिस गेट की मरम्मती का प्रश्न कर आग्रह किया था।जिस पर कार्य अंतिम रूप में है। इसके साथ ही इस चैनल की उड़ाही हो जाने से इस क्षेत्र के हजारों एकड़ भूमि में फसल क्षति से किसान को राहत होगा।

# महिला के साथ पड़ोसी ने छेड़खानी का किया प्रयास

**बनमा ईटहरी (सहरसा)।** बनमाईटहरी ओपी क्षेत्र के सुगमा गांव में एक महिला के साथ घर घुसकर असफल छेड़खानी करने का मामला सामने आया है।मामले को लेकर पीड़िता ने ओपी में लिखित आवेदन देकर मनबढ़ू युवक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की है। पीड़िता सहुरिया पंचायत के वार्ड नं 5 सुगमा गांव निवासी ललीता देवी ने कहा है कि मेरे पति रविनदेव सादा प्रदेश में रहकर मजदूरी करते हैं। इधर 14 जुलाई की रात्रि करीब आठ बजे मैं अपने घर में खाना बना रही थी और बच्चे बाहर खेल रहे थे। कि पड़ोस के ही स्व. सुकन सादा के पुत्र शंभू सादा ने अकेले देख मेरे पास आया और मेरा हाथ पकड़ कर मेरे ही घर में दुष्कर्म की नियत से ले जाने लगा। मेरे द्वारा हल्ला करने पर बाहर खेल रहे मेरे पुत्र और पुत्री दौड़कर आया शंभू ने मुझे लात मुक्का से मारपीट करने लगा किसी तरह जान बचाकर मैं पड़ोस के भैसुर के घर भागकर जान बचाई। इस दौरान शंभू मेरे गले से सोने की जीऊतिया छीनते हुए भाग निकला। इस बाबत ओपी अध्यक्ष सुनील कुमार भगत ने बताया कि आवेदन प्राप्त हुआ है जांच कर प्राथमिकी दर्ज की जायेगी।

# मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नीयत और नीति में कहीं कोई दाग नहीं- उमेश सिंह कुशवाहा

## जनता दल यूनाइटेड का कोशी प्रमंडलीय संगठन की समीक्षा बैठक




**सहरसा/**जनता दल यूनाइटेड का कोशी प्रमंडलीय संगठन की समीक्षा बैठक रविवार को जिला परिषद स्थित पूजा बैंकट हॉल में आयोजित किया गया। जिसकी अध्यक्षता पार्टी के प्रांतीय अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने किया। उन्होंने क्रमवार तीनों जिला सहरसा मधेपुरा एवं सुपौल के संगठन की निचली इकाई पंचायत से लेकर जिला तक के संगठन का गहन समीक्षा किया। साथ ही उन्होंने निर्देश दिया कि संगठन को मजबूत और धारदार बनाएं। उन्होंने कहा कि आगामी लोकसभा का चुनाव हम सबों के लिए चुनौती है।आप के नेता नीतीश कुमार ने हमेशा समरस समाज की बात की है। उनके उन्नति और बेहतरी के लिए अनेकानेक कार्य किए हैं।इसीलिए आप के नेता को चाहने वाले और भी साथी है उन्हें संगठन से जोड़ कर जिम्मेवारी सौंपे। हमारे नेता मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नीयत और नीति में कहीं दाग नहीं है। इसीलिए तो आज देश के तमाम समाजवादी चिंतन धारा के लोग नीतीश कुमार में आस्था जताते हुए विपक्षी एकता की जिम्मेदारी सौंपी है। आज देश की हालात ठीक नहीं है।समाज में तनाव पैदा किया जा रहा है। सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग किया जा रहा है। वहीं केंद्र में बैठी सरकार मायावी है। अपने सत्ता के लिए समाज में किसी भी हद तक जाकर वैमनस्यता पैदा कर सकते हैं। इसीलिए जदयू के सभी कार्यकर्ता सचेत और सक्रिय रहें।कार्यक्रम का संचालन प्रमंडलीय प्रभारी इंजीनियर सुभानंद मुकेश ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन जिला अध्यक्ष चंद्रदेव मुखिया ने किया।इस अवसर पर सुपौल सांसद दिलेश्वर कामत, आलम नगर विधायक नरेन्द्र नारायण यादव, पिपरा विधायक रामविलास कामत, त्रिवेणीगंज विधायक वीणा भारती, पूर्व विधायक लाखन ठाकुर, प्रदेश महासचिव सह मुख्यालय प्रभारी चंदन सिंह, रणविजय सिंह, मधेपुरा जिलाध्यक्ष डॉ रमेश ऋषिदेव, चन्द्रदेव मुखिया, राजेन्द्र प्रसाद यादव सुपौल, निखिल मण्डल, युगल किशोर अग्रवाल विधानसभा प्रभारी, प्रदेश महासचिव अंजुम हुसैन, प्रो हरिनारायण यादव, सचिव प्रेम लाल सादा, आनन्दी मेहता, सुशील यादव, अमर यादव, इस्तियाक खान, शेर अफ़ग़ान मिर्ज़ा ओवैस करनी उर्फ चुनना, डॉ लुत्फुल्लाह, कुश मोदी, मानवेंद्र ठाकुर, जवाहर यादव, गणेश गौरव, स्मिता सिन्हा, सीमा गुप्ता, अनुजा मिश्र, गौरभ बंटी,कुश मोदी,अक्षय झा, सहित अन्यान्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सावन की दूसरी सोमवारी को बाबा मटेश्वरनाथ धाम में जलाभिषेक करने हज़ारों श्रद्धालु गंगाजल के लिये मुंगेरघाट रवाना





**अजय कुमार- दैनिक शुभ भास्कर सिमरी बख्तियारपुर (सहरसा)।**सावन मास की दूसरी सोमवारी को बलवाहाट - कांठो स्थित बाबा मटेश्वर धाम मे हजारो शिव भक्तो के जलार्पण करने की संभावना है।शिव भक्त एक दिन पूर्व रविवार को भक्तिमय माहौल मे हजारो श्रद्धालु विभिन्न ट्रेनों द्वारा कांवर लिए बोलबम के जयघोष के साथ मुंगेर के छर्रा पट्टी के लिए रवाना हो गए हैं।दोपहर बाद सभी शिव भक्त छर्रा पट्टी से गंगाजल भर कर 80 किलोमीटर की पैदल यात्रा कर बाबा मटेश्वर धाम में जलाभिषेक के लिए चल पड़े।सावन की दूसरी सोमवारी पर पहली सोमवारी की अपेक्षा दूसरी सोमवारी डाकबमो की संख्या करीब दुगुनी देखी गई।.जिस वजह से रविवार को दिन भर सहरसा - मानसी रेलखंड के सोनवर्षा कचहरी, सिमरी बख्तियारपुर, कोपड़िया, धमारा घाट स्टेशन पर मुंगेर के छर्रापट्टी जाने वाले भक्तो का तांता लगा रहा.सुबह छह बजे से लेकर दोपहर दो बजे तक रेलखंड के सभी स्टेशन कांवरियों से भरा रहा। सबसे ज्यादा भीड़ सिमरी बख्तियारपुर और कोपड़िया स्टेशन पर देखने को मिला।सुबह नौ बजे से लेकर ग्यारह बजे तक लगभग पूरा स्टेशन परिसर केसरिया बम से लिपटे रहे। स्थिति यह थी की स्टेशन पर पैर रखने की जगह तक नही थी.वही कांवरियों की संख्या ज्यादा होने की वजह से सभी ट्रेने फूल होकर गई।सावन की दूसरी सोमवारी को लेकर सिमरी बख्तियारपुर सहित सलखुआ, सोनवर्षा कचहरी आदि मार्केट दिनभर बमो से गुलजार रहा। सैकड़ो की संख्या में बम ऑटो आदि सवारी की सहायता से बोल बम के जयकारों के साथ सिमरी बख्तियारपुर पहुंच गए. उजले और केसरिया वस्त्रो मे सजे बम बाजार मे खरीददारी करते दिखे.बमो ने सबसे ज्यादा टॉर्च, टीशर्ट, मोबाइल चिप्स आदि की खरीददारी की।जिस वजह से दुकानों में भीड़ देखी गई।कांवरियो ने बताया कि काले पत्थर वाला मटेश्वर धाम का शिवलिंग अद्भुत है.मंदिर में स्थित शिवलिंग की मोटाई चार फिट और ऊंचाई दो फिट दो इंच है.शिवलिंग के परिधि में अठपहल चबूतरा बना है। शिवलिंग का चबूतरा से स्पर्श नहीं है।दोनों के बीच डेढ़ इंच का शून्य है। जिसमें हमेशा जल भरा रहता है। गर्मी के मौसम में शिवलिंग के चारो ओर जलस्तर उठा रहता है। जबकि सावन भादो मास में जलस्तर नीचे चला जाता है।

# सर्वदलीय बंद की सफलता को लेकर छात्र युवाओ की बैठक आयोजित



**सहरसा/**पूरब बाजार स्थित विनोवा आश्रम में रविवार को सर्वदलीय छात्र- युवाओं की बैठक बुलाई गई।

बैठक में मुख्य रूप से शहर के विभिन्न मुद्दों जिसमें एम्स, ओभरब्रिज, जलजमाव,बैद्यनाथ पुर पेपर मील सहित अन्य मुद्दा पर विचार विमर्श किया गया।

वही बैठक में सभी संगठन के युवाओं ने एक मत होकर 31 जुलाई को सर्वदलीय सहरसा बंद को सफल बनाने और सहरसा शहर के भावी राजनीति में युवाओं के योगदान को महत्वपूर्ण बताया। बैठक की अध्यक्षता राजन आनंद एवं संचालन आशीष रंजन द्वारा किया गया।

बैठक में एनएसयूआई राष्टीय संयोजक मनीष कुमार, फ्रेंड्स ऑफ आनंद के राष्टीय महासचिव राजन आनंद, वार्ड पार्षद 31सह युवा प्रेदेश अध्यक्ष बिहार विकास मोर्चा आशीष कुमार,सुनील झा, ब्लू झा दीपनारायण शाह, सत्यनारायण भगत, उमेश साह, लक्ष्मी यादव, बिहार बिकास मोर्चा, विकास कुमार सिंह उर्फ पिंकू सिंह विनोवा आश्रम ट्रस्ट के अध्यक्ष, राजेश कुमार सिंह, प्रीत कुमार यादव, जितेंद कुमार मंडल, आशिक खान, रॉकी भाई, नबी राजा,राजा बाबू फ़्रेंड्स ऑफ आनंद, राहुल विमल, देवानन गुप्ता, लक्ष्मी यादव सहित अन्य मौजूद थे।

# अज्ञात चोरों ने दो दुकान का शटर तोड़ नगद सहित लाखों रुपये मूल्य जेवरात की चोरी की



**सिमरी बख्तियारपुर (सहरसा)।** सिमरी बख्तियारपुर-सोनवर्षा कचहरी सड़क मार्ग के हुसैन चक के समीप स्थित अज्ञात चोरों ने शनिवार देर रात दो जेवरात की दुकान से 85 हज़ार नगद सहित लाखों रूपये की सामान चोरी कर ली।घटना के संबंध में दुकान के संचालक बख्तियारपुर थाना क्षेत्र के सैनी टोला निवासी विकास कुमार एवं कानू टोला निवासी राजा कुमार ने बताया कि वह अन्य दिनों के भांति शनिवार को दुकान बंद कर दोनों दुकान संचाल अपने अपने घर चले गए।इसी दौरान रविवार सुबह हुसैन चक के लोगों द्वारा उक्त दुकानदार को सूचना दी गई कि उसके दुकान के शटर एवं ताला टूटा हुआ है।सूचना मिलते ही उक्त दोनों दुकानदार जब अपनी अपनी दुकान पहुंचा तो देखा कि दुकान का शटर व ताला टूटा हुआ है। दुकान का सामान यत्र तत्र बिखरा पड़ा है। दुकान संचालक विकास कुमार ने बताया कि अज्ञात चोरों द्वारा उसके दुकान से करीब चार लाख रूपये मूल्य की जेवरात एवं पंद्रह हजार नगद की चोरी अज्ञात चोरों के द्वारा कर ली गई है। दूसरी तरफ दुकानदार राजा कुमार ने बताया कि उसके दुकान में तीन लाख रूपये मूल्य की सामान एवं 70 हजार नगद की चोरी कर ली गई है। घटना की सूचना मिलते हैं मौके पर पहुंची बख्तियारपुर पुलिस ने छानबीन में जुट गई है। पीड़ित दुकानदार द्वारा बख्तियारपुर थाना को लिखित आवेदन देकर अज्ञात चोरों के विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग की है।

# साहित्य परिषद की बैठक में स्थापना दिवस धूमधाम से मनाने का निर्णय



**सहरसा/**अखिल भारतीय साहित्य परिषद की एक आवश्यक बैठक रविवार को श्यामानन्द लाल दास सहर्ष जी के आवास पर आयोजित हुई। जिसमें परिषद के स्थापना दिवस धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया।वही कार्यक्रम निमित आवश्यक राशि संग्रह करने का आह्वान किया गया।साथ ही परिषद उपाध्यक्ष चन्द्र शेखर पोद्दार एवं महेन्द्र बंधू के वर्षो से लगातार अनुपस्थित के कारण अन्य साहित्यकार को मनोनीत करने के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई।वही ऊपरोक्त बिन्दु पर चर्चा के बाद निम्नांकित प्रस्ताव पारित करते हुए कार्यकारिणी गठन में आंशिक सुधार की गई। जिसमें उपाध्यक्ष ई रामेश्वर, उपाध्यक्ष मुर्तजा नरियारवी,कार्यालय सचिव मनोज कुमार सहित शेष कार्यकारिणी सदस्य पुर्ववत रहेंगे।इस अवसर पर पूर्व प्राचार्य के एस ओझा,प्रान्तीय उपाध्यक्ष,श्यामानन्द लाल दास सहर्ष,एम जेड खाँ झंझट, उपाध्यक्ष, ई रामेश्वर,मनोज कुमार, रघुवंश झा,डॉ ओमप्रकाश,मुन्ना मनोज कुमार मनु सहित अन्य उपस्थित थे।

# डोमिसाइल नीति लागू करने को लेकर जन अधिकार पार्टी ने किया एनएच जाम



**सहरसा/** बिहार में शिक्षक भर्ती में डोमिसाइल नीति हटा लिए जाने के कारण छात्रों में बड़ा ही आक्रोश व्याप्त है।जिसके कारण छात्र के हित में संपूर्ण बिहार में जन अधिकार पार्टी द्वारा एनएच को जाम कर डोमिसाइल नीति लागू करने की मांग की है साथ ही सहरसा में एम्स अस्पताल निर्माण के लिए भी आन्दोलनरत है। उक्त बातें जन अधिकार पार्टी के जिला अध्यक्ष रंजन यादव ने कही।उन्होंने कहा कि जन अधिकार पार्टी के द्वारा संपूर्ण बिहार में एनएच को जाम कर डोमिसाइल नीति लागू करने की मांग की जा रही है। जन अधिकार पार्टी छात्रों की लड़ाई को लड़कर उन्हें न्याय दिलाएगी। साथ ही उन्होंने कहा कि सहरसा में एम्स निर्माण,ओवरब्रिज निर्माण सहित अन्य मांग को लेकर भी पार्टी के द्वारा आंदोलन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि छात्रों का उन्हें उनका हक अवश्य दिलाएंगे। इस मौके पर बैजनाथपुर एनएच को जाम कर जन अधिकार पार्टी के कार्यकर्ता डटे रहे। इस इस मौके पर प्रदेश महासचिव शशि भूषण यादव, उमेश यादव, कमलेश्वरी यादव,कपिल देव यादव, दीपक मिश्रा, विक्रम यादव, मनोज पासवान, मिथिलेश कुमार, भूषण कुमार, राजू कुमार, आमोद, आनंद, चंदन सहित अन्य मौजूद थे।

**घायल** शांतिपूर्ण प्रदर्शन के ऊपर किए गए बर्बर लाठीचार्ज मे महिला कार्यकर्ता भी घायल हुए।

# भाजपा महिला प्रदेशध्यक्ष लाजवंती झा सहित दो महिला कार्यकर्ता एलएनजेपी हैं इलाजरत





**सहरसा/**भारतीय जनता पार्टी द्वारा शिक्षकों के समर्थन में डोमिसाइल नीति को लागू करने के लिए शांतिपूर्ण प्रदर्शन के ऊपर किए गए बर्बर लाठीचार्ज मे महिला कार्यकर्ता भी घायल हुए। भारतीय जनता पार्टी महिला प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष लाजवंती झा को बुरी तरह जख्मी कर दिया गया। श्रीमती झाने बताया कि पार्टी द्वारा किए गए शांतिपूर्ण प्रदर्शन में महिला कार्यकर्ताओं ने भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि प्रजातंत्र में धरना प्रदर्शन के माध्यम से सरकार को जनता के हित में कार्य करने का दबाव बनाया जाता है।वही प्रजातांत्रिक ढंग से शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन कर रहे भाजपा कार्यकर्ताओं पर जो लाठीचार्ज किया गया वह मुख्यमंत्री के तानाशाही प्रवृत्ति को उजागर करता है।

उन्होंने कहा कि इस लाठीचार्ज में विधायक सांसद एवं महिलाओं को भी नहीं बख्शा गया। उन्होंने कहा कि महिलाओं के हित में कार्य का ढिंढोरा पीटने वाली राज्य सरकार महिला विरोधी सरकार है। उन्होंने कहा कि बिहार राज्य में महिलाएं काफी असुरक्षित है।उन्होंने कहा कि भाजपा की दो महिला कार्यकर्ताओं को इतनी बुरी तरह से पीटा गया जिन का इलाज अभी भी एलएनजेपी अस्पताल में आईसीयू में चल रहा है। श्रीमती झा ने बताया कि मुझे भी पुलिस द्वारा माथा,पीठ एवं छाती में चोट आई है।वही मेरे हाथ में अभी भी बैंडेज लगा हुआ है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने राज्य के अंदर शिक्षकों किसान सलाहकारों तथा भाजपा कार्यकर्ताओं पर किए गए लाठीचार्ज की तीव्र भर्त्सना करते हुए न्यायिक जांच की मांग की है।

# आर्क हॉस्पिटल द्वारा नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन, सैकड़ों स्कूली बच्चों की हुई जांच






**अजय कुमार,दैनिक शुभ भास्कर,सिमरी बख्तियारपुर (सहरसा)।**अनुमंडल मुख्यालय मुख्य बाजार स्थित टैगोर पब्लिक स्कूल में आर्क हॉस्पिटल द्वारा तीन से पांच साल के बच्चों के लिए निशुल्क चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन किया गया।शिविर का उद्घाटन आर्क हॉस्पिटल के डायरेक्टर डा. आनंद भगत,स्कूल के संचालक प्रमोद भगत,डा. गोपाल कुमार आदि ने फिता काटकर किया। जांच शिविर में दर्जनों बच्चों का जांच किया गया। शिविर का नेतृत्व कर रहे चिकित्सक डॉक्टर आनंद भगत ने बताया कि गांव के गरीब बच्चों के लिए निशुल्क जांच शिविर का आयोजन किया गया।उन्होंने बताया कि शिविर में अधिकांश गरीब एवं जरूरतमंद लोगों के बच्चों की जांच किया गया है। शिविर में विभिन्न गांवों के नौनिहालों का जांच किया गया। उन्होंने बताया कि शिविर में विभिन्न प्रकार का जांच किया गया। उन्होंने बताया कि दलित एवं गरीब बस्ती में नियमित निशुल्क जांच शिविर का आयोजन कर गरीब बच्चों का इलाज किया जाएगा तथा दवाई भी मुफ्त में मुहैया कराई जाएगी।इस मौके पर डा रंजना भगत, हॉस्पिटल के मैनेजर विनय केशरी, सोनू कुमार सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## ख़ास ख़बर

### बाइक चोर को ग्रामीणों ने पकड़ पुलिस को सौंपा

**करगहर (रोहतास)** रविवार को समहुता गांव से किसान का बाइक चुरा कर भाग रहे चोर को ग्रामीणों ने बभनी गांव के समीप पकड़ा लिया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने चोर को गिरफ्तार कर लिया। बताया जाता है कि समहुता निवासी किसान निखिल कुमार राय गांव के बधार में स्थित सड़क के किनारे बाइक खड़ा कर खेतों में रोपनी करा रहे थे। इस बीच सड़क पर घुम रहे दो चोरों ने बाइक का लॉक तोड़कर तेज गति से बभनी की ओर भागने लगे। बाइक चोरी होते देख किसान ने जोर जोर से आवाज लगाई लेकिन सड़क के आस पास कोई नहीं था। इसके बाद बभनी एवं आसपास के कई गांवों में अपने रिश्तेदार मित्रों को मोबाइल फोन से घटना की जानकारी दी। जिनका दूसरी बाइक से लोगों ने चोरों का पीछा करने लगे। इस बीच बभनी गांव के समीप उनके परिचितों ने बाइक के साथ एक चोर को पकड़ लिया। जबकि दूसरा चोर बीच रास्ते में ही उतर गया। इस संबंध में थानाध्यक्ष सुंदेश्वर कुमार दास ने बताया कि गिरफ्तार चोर सासाराम थाना क्षेत्र के समरडीहां गांव का गौरव तिवारी बताया गया है। जिसे हिरासत में ले न्यायालय कार्रवाई के लिए भेज दिया गया।

### एससी एसटी मामले के दो आरोपी गिरफ्तार

**करगहर (रोहतास)** रविवार को थाना क्षेत्र के गर्भे गांव में तीन माह पूर्व एससी एसटी मामले में फरार आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। मामले जानकारी थानाध्यक्ष सुदेश्वर कुमार दास ने दी। उन्होंने बताया कि गर्भे गांव में आई एक बारात में डीजे बजाने को लेकर हुई मारपीट व गाली गलौज को लेकर एससी एसटी अधिनियम के तहत एफ आई आर दर्ज कराई गई थी। वही गर्भे गांव के फरार आरोपी बलराम यादव पिता अनिल यादव को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया गया। जिसे न्यायालय भेजने की प्रक्रिया की जा रही है।

### तीन भैंस चुरा चोर हुए फरार

**दावथ (रोहतास)** थाना क्षेत्र में आए दिन चोरी की घटनाएं बढ़ती जा रही है। शनिवार की रात अज्ञात चोरों ने क्षेत्र के चक चातर गांव से महेश यादव के गौशाला से एक भैंस व दो भैंस के बच्चे की चोरी कर लिया है। पीड़ित पशुपालक महेश यादव ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि रात में तीनों पशुओं को बांध कर सभी परिवार सो गए। अलहे सुबह जब पशुओं को चारा पानी देने गए तो तीनों पशुओं को गायब पाया। पीड़ित पशुपालक ने बताया कि अपने स्तर से पता लगाया जा रहा है। नहीं मिलने पर थाना में आवेदन दिया जाएगा।

### सीओ ने किया आर्म्स का भौतिक सत्यापन

**दावथ (रोहतास)** थाना परिसर में सीओ व एसएचओ ने आर्म्स का भौतिक सत्यापन किया जा रहा है। सीओ नवलकांत ने बताया कि डीएम के निर्देश पर आने वाले पर्व त्योहार, मुहर्रम, दुर्गा पूजा सहित अन्य त्योहारों को लेकर आर्म्स का भौतिक सत्यापन रविवार से शुरू किया गया है, जो मंगलवार तक चलेगा। रविवार को पहले दिन थाना क्षेत्र के विभिन्न गांव से कुल आठ आर्म्स लाइसेंस धारियों का भौतिक सत्यापन किया गया। मौके पर थानाध्यक्ष संजीव कुमार थे।

### वारंटी सहित शराबी गिरफ्तार

**दावथ (रोहतास)** पुलिस ने रविवार की सुबह थाना क्षेत्र के 2 गांव से एक वारंटी व एक शराबी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया.थानाध्यक्ष संजीव कुमार ने बताया कि पुलिस कप्तान के निर्देश पर चलाए गए समकालीन अभियान के तहत थाना क्षेत्र के योगिनी गांव से न्यायालय के एक वारंटी विक्रमा दुबे व ग्रामीणों की सूचना पर थाना क्षेत्र के आकोढ़ा गांव से नशे में धुत गोपाल तिवारी को गिरफ्तार किया गया.जहां शराबी का ब्रेथ एनलाइजर से जांच के बाद शराब की पुष्टि होने पर दोनों को जेल भेज दिया गया।

### दो वारंटी गिरफ्तार

**करगहर (रोहतास)** रविवार को बड़हरी ओपी के रेड़ियां गांव में मारपीट मामले में एक वर्ष से फरार चल रहे दो वारंटियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया। मामले की जानकारी ओपी प्रभारी जितेंद्र पंडित ने दी। उन्होंने बताया कि रेड़ियां गांव में दो पक्षों के बीच हुए मारपीट के मामले में न्यायालय द्वारा दोनों को उपस्थित होने के लिए बार-बार सूचना दी गई । इसके बावजूद भी दोनों आरोपियों ने न्यायालय में उपस्थित नहीं हुए। न्यायालय द्वारा दोनों के विरुद्ध गिरफ्तारी वारंट जारी कर दिया। जिसमे रेडियां निवासी मथुरा राम तथा उसी गांव के राधेश्याम राम के घर छापामारी कर दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया। जिन्हें न्यायालय भेजने की प्रक्रिया जा रही है।

# दलित बस्ती में मुख्य सड़क पर बह रहा गंदा पानी, लोगों में रोष

**गांव के मुख्य सड़क पर बहता गंदा पानी तथा टूटा फूटा गड्ढों में तब्दील सड़क गांव की पहचान है**



**डेहरी (रोहतास)** केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा अनुसूचित जाति को मुख्यधारा से जोड़ने एवं विकास को लेकर बड़े-बड़े दावे किए जाते है, तथा विकास को लेकर कई योजनाएं भी संचालित है। योजनाओं के नाम पर प्रतिवर्ष लाखों करोड़ों खर्च भी होते हैं। लेकिन सरकारी आंकड़ों में पथपुरा पंचायत के वार्ड नंबर 7 अनुसूचित गांव ओझवलिया में सरकार की दावें निराधार दिखती है। ओझवलिया में लगभग डेढ़ सौ घर हैं। जिसमें अधिकांश घर अनुसूचित जाति के है।

गांव के मुख्य सड़क पर बहता गंदा पानी तथा टूटा फूटा गड्ढों में तब्दील सड़क गांव की पहचान है। बताते चलें कि 10 वर्ष पहले विधायक मद से गांव के मुख्य सड़क का निर्माण कराया गया था। लेकिन नाली का निर्माण न होने से गंदे पानी की निकासी की समस्या बनी रहती है। लोगों द्वारा गंदे पानी को घर के पास गड्ढा खोदकर एकत्र किया जाता है। गड्ढा भर जाने के बाद गंदा पानी मुख्य सड़क पर बहने लगता है। जिससे सड़क कीचड़ एवं गंदे पानी में तब्दील हो जाता है। आने-जाने के दौरान लोगों को भारी मशक्कत का सामना करना होता है। कहते हैं लोग- स्थानीय कुसुम देवी, सविता कुंवर, तेतरी कुवंर, शकुंतला कुंवर, रीता देवी, हरिचरण साह, दिलीप साह, मनोज राम इत्यादि का कहना है कि गंदे पानी की स्थाई निकासी नहीं होने के कारण गांव के मुख्य सड़क पर गंदे पानी का बहाव एवं जमाव बना रहता है। गंदे पानी के जमाव से दुर्गंध के कारण महामारी का खतरा बना रहता है। बारिश के दिनों में मुख्य सड़क कीचड़ में तब्दील हो जाता है। आने जाने के दौरान कई बार लोग गिरकर घायल भी हो जाते हैं। नाली निर्माण को लेकर हम लोगों द्वारा कई बार जनप्रतिनिधियों से गुहार लगाया गया है। अनुसूचित जाति गांव होने के बावजूद जनप्रतिनिधियों एवं पदाधिकारियों द्वारा ध्यान नहीं दिया जाता है।साथ ही सभी ने पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों पर अनदेखा का आरोप लगाया है।कहते है मुखिया-पथपुरा पंचायत मुखिया कलावती देवी ने कहा कि ओझवलिया में नाली की समस्या है। नाली निर्माण के प्रयास के दौरान कुछ लोगों द्वारा जमीन संबंधित विरोध किया जाता है। जिससे नाली निर्माण नहीं हो पाता है।कहते हैं पदाधिकारी-वीडियो पुरुषोत्तम त्रिवेदी ने कहा कि लोगों की समस्याएं गंभीर है। मामले का जांच किया जाएगा तथा आपसी सहमति से नाली निर्माण कराया जायेगा।

# सीमा कुशवाहा व सुषमा पासवान वीआईपी पार्टी में हुई शामिल



**करगहर (रोहतास)** पटना वीआईपी कार्यालय में 9 जुलाई को वीआईपी सुप्रीमो मुकेश सहनी ने दो पार्टी के नेत्री को सदस्यता ग्रहण कराया।

इसकी जानकारी जिलाध्यक्ष इंजीनियर विवेक कुशवाहा ने दी। उन्होनें बताया कि पूर्व जिला परिषद नेत्री सीमा कुशवाहा एवं राजद महिला सेल रोहतास की जिलाध्यक्ष सुषमा पासवान को पार्टी में शामिल होने पर बधाई देते हुए कहा कि पार्टी में सीमा कुशवाहा एवं सुषमा पासवान एक तेज तर्रार नेत्री हैं।

जिनके आने से पार्टी को मजबूती प्रदान होगी हैं। इस अवसर पर जिला परिषद पूर्व चेयरमैन, चंद्रदेव बिंद,जिला परिषद चेनारी दक्षिण डॉ0 विजय शर्मा, रजनीकांत पासवान, मुरारी पासवान, रोहित पासवान, संजीत पासवान, डॉ0 दुर्गा प्रसाद, संजय चौधरी, सूरज बिंद, राजीव चौहान, ीराम चौधरी सहित सैकड़ों लोगों ने बधाई दी है।

### पुलिस ने विभिन्न जगहों से 11 आरोपियों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**बिक्रमगंज (रोहतास)** बिक्रमगंज पुलिस ने समकालीन अभियान के तहत थाना क्षेत्र के घुसियां कला गांव से 3 , धनगाई गांव से एक और मोरौना गांव से एक यानी कुल मिलाकर पांच वारंटियों को गिरफ्तार किया है । इसकी जानकारी बिक्रमगंज थानाध्यक्ष मनोज कुमार ने दी ।

इसकी विस्तृत जानकारी के लिए थानाध्यक्ष श्री कुमार ने स्थानीय थाना के मुंशी राकेश कुमार से जानकारी लेने की बात कही। थानाध्यक्ष के अनुसार विस्तृत जानकारी के लिए थाना के मुंशी राकेश कुमार पर कॉल की गई पर उन्होंने कॉल को उठाना मुनासिब नही समझें । तो वहीं दूसरी ओर सूर्यपुरा पुलिस ने थाना क्षेत्र के घोपतपुर गांव से संजय चौधरी व ललन चौधरी एवं अलीगंज गांव से राजवंश राम और सुअरा गांव से हरेराम राम व मुरारी राम को गिरफ्तार किया है । इसकी जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष प्रिया कुमारी ने बताया कि गिरफ्तार पांचों आरोपियों के विरुद्ध कोर्ट से निर्गत वारंट था।

### गया कैंप ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर प्रशिक्षण का विशिष्ट ने किया निरीक्षण

**तिलौथू (रोहतास)** राधा शांता महाविद्यालय तिलौथू में गया ग्रुप के 600 एनसीसी कैडेटों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण शिविर का जायजा लेने ग्रुप कमांडर गया कैम्प ब्रिगेडियर नीतीश बिष्ट का तिलौथू पहुँचे जहा उन्हें सर्वप्रथम गार्ड ऑफ ऑनर की सलामी दी गई। तत्पश्चात उन्होंने सभी एएनओएस जेसीओएस एनसीओ कैडेटों के साथ रूबरू होकर बातचीत की एवं प्रशिक्षण का जायजा लिया।उन्होंने अपने संबोधन में कहा इस शिविर से प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद कैडेटों में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार होगा व ये प्रशिक्षित कैडेट आगे चलकर एनसीसी के ए बी सी प्रमाण पत्र के हकदार होंगे। इसके उपरांत वे भारतीय सेना में शामिल होने लायक हो जाएंगे। साथ ही उन्होंने कहा कि इस प्रशिक्षण शिविर में भाग लेने वाले कैडेट समाज एवं अन्य गतिविधियों में भी सक्रिय रहते हैं। साथ ही उन्होंने बताया कि एनसीसी सेना की एक लघु इकाई है। और सेना के निर्देशन में ही इसका कार्यकलाप चलता है। इस मौके पर डॉ अशोक कुमार सिंह, विवेक कुमार, ओमप्रकाश ,अजीत कुमार सिंह, सवन्ती कुमारी ,बिराज टोपो, ओसियर सिंह, डॉ0 संजय कुमार आदि उपस्थित रहे। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ अशोक कुमार सिंह ने बताया कि 13 बिहार बटालियन एनसीसी औरंगाबाद के तत्वावधान में महाविद्यालय प्रांगण में 11 जुलाई से 20 जुलाई 2023 तक समादेशी पदाधिकारी कर्नल राजकुमार सिंह के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया है।जिसमें औरंगाबाद अरवल गया रोहतास आरा बक्सर भभुआ एवं बिहारशरीफ से आए लगभग 600 कैंडिडेट भाग ले रहे हैं। इस शिविर में सभी कैडेट को विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है जिसमें फायरिंग, मैप रीडिंग, एंटी साहिल गेम एवं विभिन्न प्रशिक्षण के बारे में बताया जा रहा है।साथ ही साथ इस कैंप में नई दिल्ली मे आयोजित होने वाले थल सेना कैंप 2023 के लिए कैडेटों को विशेष रूप से तैयार किया जा रहा है।

### शराब के साथ धंधेबाज गिरफ्तार

**कोचस (रोहतास)** कोचस पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर पंद्रह पीस रॉयल व्हिस्की शराब के साथ एक धंधेवा को गिरफ्तार कर लिया है। इसकी जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष अमोद कुमार ने बताया कि रविवार के दिन पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि कोचस नगर पंचायत के वार्ड नंबर 10 के एक मकान मे बिक्री के लिए शराब छिपकर रखा गया है। तभी पुलिस ने अपनी टीम के साथ कोचस नगर पंचायत के वार्ड नंबर 10 के दीपू कुमार गुप्ता पिता दया शंकर गुप्ता के यहां पुलिस छापेमारी की जिसमें छापमारी के दौरान आरोपी के घर से पंद्रह पीस रॉयल व्हिस्की शराब को बरामद किया गया। आरोपी का अस्थाई पता कैमूर के रामगढ़ बताया जा रहा है। वहीं पुलिस आरोपी को अपने हिरासत मिले मध निषेध अधिनियम के तहत करवाई कर जेल भेज दिया है।

### चार वारंटी गिरफ्तार कर जेल भेजे गए

**नोखा (रोहतास)** थाना क्षेत्र में नोखा पुलिस के द्वारा छापेमारी कर पूर्व के कांड में फरार चल रहे चार वांछितो को गिरफ्तार किया गया।जिसमे बिंधाचल सिंह को नवाडीह,गंगा सागर चौधरी को लेवड़ा से,रामेश्वर चौधरी को नोखा से और संपत सिंह को हथिनी से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

### जदयू के प्रदेश राजनैतिक सलाहकार समिति सदस्य बनें दीपक



**डेहरी आनसोन (रोहतास)** डेहरी पाली रोड निवासी एवं जदयू के विभिन्न प्रकोष्ठों का दायित्व निर्वहन कर चुके दीपक निषाद को जदयू बिहार प्रदेश के राजनीतिक सलाहकार समिति के सदस्य मनोनीत किया गया है। अपने मनोनयन पर सीएम नीतीश कुमार समेत पार्टी के शीर्ष नेताओं का आभार व्यक्त करते हुए दीपक निषाद ने कहा कि एक समर्पित कार्यकर्ता के रूप में कार्य करते हुए पार्टी के विश्वास पर हमेशा खरा उतरने का प्रयास किया हूं। बधाई देने वालों में जदयू जिलाध्यक्ष अजय कुशवाहा, राजद अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के नगर अध्यक्ष धीरज चौधरी, राजद प्रदेश महासचिव कलावती चौधरी, जदयू अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव जुनैद अंसारी, जदयू के वरिष्ठ नेता डाक्टर निर्मल कुशवाहा, समाजसेवी गुड्डू चंद्रवंशी, कृष्णा पटेल, पूर्व वार्ड पार्षद तुलसी चौधरी, भगवान वेदव्यास के संरक्षक एवं पूर्व अध्यक्ष भरत चौधरी, बजरंग जिम के संचालक संजय चौधरी, अमल चौधरी, समाजसेवी राजेश चौधरी, देवराज चौधरी, वार्ड पार्षद सोनू चौधरी सहित अन्य लोगों ने बधाई दी है।

### दो वारंटी को जेल

**नासरीगंज (रोहतास)** थाना क्षेत्र के अमियावर से स्थानीय पुलिस ने दो वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार वारन्टी रिश्ते में पति और पत्नी है जिनके ऊपर एनबीडब्ल्यू का वारंट निर्गत था। थानाध्यक्ष सुधीर कुमार ने बताया कि अमियावर गांव से मनोरमा देवी और उनके पति रमेश कुमार उर्फ़ रमैया को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। गिरफ्तार दोनो पति और पत्नी के ऊपर एनबीडब्ल्यू का वारंट था जो कई दिनों से फरार चल रहे थे। जिसे गुप्त सूचना के आधार पर उसके घर से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

### शराब के साथ महिला सहित पुरूष धंधेबाज गिरफ्तार

**नासरीगंज (रोहतास)** स्थानीय कछ्वां थाना क्षेत्र के इब्राहिमपुर और कछ्वां से आठ लीटर अंग्रेजी शराब व 18 लीटर 900 एमएल एट पीएम फरूटी शराब के साथ एक महिला व एक पुरूष धंधेबाज गिरफ्तार हुए है। थानाध्यक्ष मितेश कुमार ने बताया कि इब्राहिमपुर गांव से आठ लीटर अंग्रेजी शराब के साथ एक महिला को गिरफ्तार किया गया हैं। गिरफ्तार महिला इब्राहिमपुर गांव की मनोरमा देवी बताई जाती है जिसे उसके घर से गिरफ्तार किया गया हैं। वही कछ्वां से 18 लीटर 9 सौ एमएल एट पीएम फरूटी शराब के साथ एक पुरुष धंधेबाज को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार शराब धंधेबाज कछ्वां गांव का अशोक प्रसाद बताया जाता है।

### शराब के साथ धंधेबाज गिरफ्तार

**संझौली (रोहतास)** स्थानीय थाने की पुलिस ने थाना क्षेत्र के अमैठी ग्राम से छापेमारी कर 200 एमएल का 10 पीस फरूटीनुमा मशलदार देशी शराब के साथ एक कारोबारी को गिरफ्तार किया। थानाध्यक्ष मुकेश कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि अमैठी ग्राम में एक शराब कारोबारी द्वारा लुके छिपे अवैध शराब का बिक्री किया जा रहा है। सूचना की सत्यापन करते हुए चिन्हित उक्त स्थल पर छापामारी की गई। जहां छापामारी के दौरान पुलिस ने अमैठी ग्राम के मध्य विद्यालय व नहर के बीचोबीच रास्ते से 200(एमएल) का 10 पीस फरूटीनूमा मशलदार देशी शराब के साथ अमैठी निवासी राज कुमार साह को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपी को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया।

**स्थापना दिवस** भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य पर तकनीक दिवस का आयोजन किया गया।

# भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद का मना 95वां स्थापना दिवस




**बिक्रमगंज(रोहतास)** कृषि विज्ञान केंद्र बिक्रमगंज के द्वारा रविवार को भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य पर तकनीक दिवस का आयोजन किया गया। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद का इस वर्ष 95 वां स्थापना दिवस मनाई गई। इसी कार्यक्रम के तहत रविवार को तकनीक दिवस का आयोजन केंद्र के द्वारा किया गया था। यह कार्यक्रम आगे भी 2 दिनों तक जारी रहेगा। कार्यक्रम में कोचस, बिक्रमगंज एवं सूर्यपुरा प्रखंड के 50 किसानों ने भाग लिया। किसानों को कृषि विज्ञान केंद्र धनगाई के फार्म में नई तकनीक से लगे हुए धान फसल के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। धान की सीधी बुवाई बिना कदवा एवं रोपनी के 17 जून को की गई थी। जिसे देखकर किसान प्रेरित हुए। उन्होंने इसमें खरपतवार निवारण की जानकारी प्राप्त की। केंद्र के द्वारा आम के प्रभेद आम्रपाली, मल्लिका, मालदा वर्मी कंपोस्ट, एजोला, कड़कनाथ मुर्गा प्रजाति, मत्स्य बीज, मशरूम बीज इत्यादि तकनीक किसानों हेतु उचित मूल्य पर किसानों हेतु उपलब्ध है। कृषि यंत्र कृषि विज्ञान केंद्र के द्वारा भी भाड़े पर इस्तेमाल हेतु दिए जाते हैं , जैसे हैप्पी सीडर, कंबाइन हार्वेस्टर, ट्रैक्टर चालित स्प्रेयर इत्यादि। कार्यक्रम में उपस्थित प्रोफेसर एवं प्रधान डॉ शोभा रानी ने किसानों को फसल विविधीकरण एवं कृषि में फसल के अलावे पशुपालन, मत्स्य पालन, उद्यान इत्यादि कृषि कार्यों को करने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने केंद्र द्वारा चलाए जा रहे प्रशिक्षण कार्यक्रम एवं मोटे अनाज के ऊपर चलाए जा रहे प्रत्यक्षण कार्यक्रम की जानकारी कृषकों को दी। आर के जलज मत्स्य वैज्ञानिक ने मत्स्य पालन एवं मुर्गी पालन में उपलब्ध सरकारी योजनाओं की जानकारी किसानों को दी । उद्यान वैज्ञानिक डॉ रतन कुमार ने सभी कृषकों को फार्म में उपलब्ध तकनीकों की विस्तृत जानकारी मुहैया कराया एवं फलीदार पौधे तैयार करने की विधि की जानकार दी । कृषकों में अशोक कुमार, आशुतोष सिंह, महेंद्र चौबे, सर्वेश पटेल, प्रियंका देवी, कुंती देवी, राजमुनि कुंवर, रंभा कुमारी सहित अन्य किसान व कर्मी लोग उपस्थित थे।

### बिहार के पूर्व मंत्री ने जदयू कार्यालय का किया उदघाटन



**काराकाट (रोहतास)** प्रखंड मुख्यालय के नगर पंचायत काराकाट के गोड़ारी में सिंह कम्प्लेक्स में बिहार सरकार के पूर्व मंत्री जय कुमार सिंह ने जदयू कार्यालय का उदघाटन फीता काट कर किया गया। जदयू कार्यालय के उदघाटन का नेतृत्व जदयू के प्रखंड अध्यक्ष आशुतोष सिंह व संचालन जदयू जिला उपाध्यक्ष वीरेंद्र कुशवाहा ने किया। उदघाटन के बाद बिहार सरकार के पूर्व मंत्री की कुमार सिंह को अंगवस्त्र से सम्मानित किया गया। जदयू कार्यकर्ताओं को जदयू के प्रखंड अध्यक्ष आशुतोष सिंह ने सैकड़ो कार्यकर्ताओं को गमछा से सम्मानित किया गया। भाजपा छोड़ कर जदयू में आने वाले रामा शंकर सिंह को पूर्व मंत्री, जिलाध्यक्ष अजय कुशवाहा, जदयू प्रखंड अध्यक्ष आशुतोष सिंह ने अंग वस्त्र से सम्मानित किया . पूर्व मंत्री ने कहा कि काराकाट में जदयू पार्टी की मजबूती के लिए सभी जदयू कार्यकर्ता पहले से ज्यादा सशक्त हो गये है अभी और सशक्त बनाने के लिए कार्यकर्ता पूरी लगन व जोश से लगे हुये है . लोक सभा चुनाव 2024 के लिए तैयारी जोरों पर है। जदयू जिलाध्यक्ष अजय कुशवाहा ने कहा कि प्रखंड से लेकर पंचायत के वार्डो तक संगठन की मजबूती के लिए कार्यकर्ता लगे हुये है। जदयू प्रखंड अध्यक्ष आशुतोष सिंह ने कहा कि हर बूथ पर कमिटि बनायी जा रही है पूर्व से अभी बनी कमिटि काफी सशक्त है। जदयू कार्यालय उदघाटन के मौके पर जिला पार्षद रितेश कुमार सिंह, मुखिया प्रतिनिधि जयश्री रितेश सिंह, नरेंद्र सिंह, प्रमुख प्रतिनिधि नरायण पासवान, भूषण पांडेय, जयशंकर पटेल, परशुराम सिंह, पारसनाथ सिंह, दिनेश सिंह, अभय निरंजन, धनंजय पटेल सहित सैकड़ों जदयू कार्यकर्ता थे।

## ख़ास ख़बर

### विधायक के निर्देश पर लरमा पंप कैनाल पहुंचा राजद शिष्ट मंडल एक पंप हुआ चालू



**कैमूर** जिले के रामगढ़ विधानसभा के विधायक सह पूर्व कृषि मंत्री सुधाकर सिंह के निर्देश पर लरमा पंप कैनाल पहुंचा राजद का शिष्टमंडल जहां पर एक पंप कैनाल को चालू कराया गया। जिससे किसानों में खुशी की लहर दौड़ गई किसानों को अब यह उम्मीद जग गई कि उनके खेत में धान की रोपाई का कार्य संपन्न हो जाएगा। बताते चलें कि कैमूर जिले के दुर्गावती प्रखंड का लरमा और विश्वकर्मा पंप कैनाल कर्मनाशा नदी का जलस्तर कम होने की वजह से बंद पड़ा था इस मामले को संज्ञान में आते ही रामगढ़ विधानसभा के राजद विधायक सह पूर्व कृषि मंत्री सुधाकर सिंह के द्वारा पदाधिकारियों से बात करके बांध से कर्मनाशा नदी में पानी छुड़वाया गया। इसके बाद राजद के शिष्टमंडल को लरमा पंप कैनाल? पर भेजा गया जहां पर नदी में जलस्तर बढ़ने के बाद एक पंप कैनाल को चालू कराया गया। वही इस संबंध में जानकारी देते हुए राजद के प्रखंड अध्यक्ष तौहीद खान एवं प्रखंड प्रभारी अविनाश कुमार सिंह पिंकू के द्वारा बताया गया कि रामगढ़ के विधायक सुधाकर सिंह के द्वारा दूरभाष के माध्यम से सूचना दी गई कि कर्मनाशा नदी में बांध से पानी छूट गया है आप लोग लरमा पंप कैनाल पर जाइए और वहां पर पंप को चालू कराइए इसके बाद हम लोग लरमा पंप कैनाल पर पहुंचे हैं जहां पर एक पंप को चालू कर दिया गया है। नदी का जलस्तर बढ़ रहा है शाम तक दो पंप चालू हो जाएगा।इस मौके पर जेवरी पंचायत प्रभारी एनाम खान, लियाकत खान, अजय सिंह, सोनू सिंह, खेदारू खरवार आसिम खान, महेंद्र सिंह, दामोदर सिंह सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### शराब तस्कर गरीब नाबालिग बच्चों को बना रहे अपना शिकार रेल प्रशासन ने 4 बच्चों को किया गिरफ्तार



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता संदीप कुमार/** कैमूर- बिहार सरकार के शराबबंदी कानूनों पर सख्ती देखते हुए, शराब तस्कर गरीब नाबालिक बच्चों को बना रहें अपना शिकार, रेल प्रशासन ने चार नाबालिगों को शराब के साथ किया गिरफ्तार। जिला अंतर्गत मुठानी रेलवे स्टेशन से अभी शराब तस्करी का नयाब मामला सामने आया है। जिसका खुलासा रविवार को मुठानी जीआरपी पुलिस ने किया। पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्टेशन की ओर से आ रही पैसेंजर ट्रेन से चार बच्चों को जीआरपी प्रशासन द्वारा,जब संदेह के आधार पर तलाशी लिया गया तो चारों नाबालिक बच्चे अपने शरीर में शराब का पैकेट टेप से चिपका रखे थे। पकड़े गए चारों नाबालिग आरोपी गरीब परिवार से हैं, पूछताछ में यह पता चला कि इनके द्वारा मुगलसराय से शराब खरीद कर डेहरी ऑन सोन ले जाया जा रहा था। जो रेल प्रशासन की ओर से नाकामयाब किया गया। गिरफ्तार आरोपियों के पास से कुल 90 पीस टेट्रा पैक शराब बरामद हुआ है। जिस जुर्म में चारों नाबालिगों को रेल प्रशासन द्वारा गिरफ्तार कर भभुआं रोड जीआरपी थाना लाया गया जहां से मामला दर्ज कर अग्रिम कार्यवाही जारी है।

### जरूर बंद को भोजन कराने से से मिलता है शांति और सुकून (कटारिया)




**दैनिक शुभ भास्कर/ सुनील कुमार मिश्रा राजस्थान /उदयपुर/** महाराणा भोपाल चिकित्सालय के मुख्य गार्डन में निऱ्शुल्क भोजन वितरण सेवा संस्थान द्वारा भोजन वितरण कार्यक्रम मुख्य अतिथि बृजेश कटारिया थे संस्थान के पिंटू चौधरी ने अपन्नाना उड़ाकर एवं समिति चित्र भेंट कर सम्मानित किया (कटारिया) ने बताया कि बीमारी से परेशान मरीज एवं उनके परिजन की मदद करना प्रभु की सेवा के बराबर है और नि-शुल्क भोजन उपलब्ध कराना जीवन का श्रेष्ठ धर्म, परम पुनीत कार्य है साथ ही संस्थान की टीम को बधाई देते हुए कहां की मुझे गर्व होता है कि मैं ऐसी संस्था से जुड़ा हुआ हूं और जो अब दोनों समय का भोजन वितरण करने जा रही है यह बड़े पुण्य का काम है इससे बड़ा कोई काम नहीं संस्थान के अध्यक्ष सौरभ जैन, संरक्षक महावीर नागदा ने बताया कि रविवार को भोजन वितरण कार्यक्रम में 750 परिजन को निऱ्शुल्क भोजन उपलब्ध कराया

# मुखिया प्रतिभा खोज परीक्षा से निकले दो सफल प्रतिभागी, हर्ष कुमार मौर्य का सैनिक स्कूल तो अरबाज खान का नवोदय में हुआ नामांकन







**मुखिया प्रतिभा खोज परीक्षा का बच्चों को मिल रहा लाभ**
**29 वें मुखिया प्रतिभा खोज परीक्षा के शामिल हुए जिप सदस्य विकास सिंह उर्फ लल्लू पटेल**
**हर्ष मौर्य के पिता सरविंद सिंह और अरबाज खान के पिता आजाद खान को प्रदीप मुखिया ने अंग वस्त्र देकर किया सम्मानित**

**शुभ भास्कर/**आज रविवार 16 जुलाई मुखिया प्रतिभा खोज परीक्षा में कई गाँव, कई पंचायत के सैकड़ो बच्चों ने भाग लिया जिसमें कक्षा 1 से 5 तक मे बालक वर्ग से सूरज कुमार, पिता अरविंद सिंह, बालिका वर्ग से कृति कुमारी, पिता- देवानंद सिंह एवं कक्षा 6 से ऊपर में बालक वर्ग से हिमांशु पांडेय, प्रथम स्थान प्राप्त किए। मुख्य अतिथि के रूप में शामिल भभुआ जीप सदस्य विकास सिंह उर्फ लल्लु पटेल बच्चों को संम्मानित किए। वही मुखिया प्रदीप ने आगत अतिथियों का सम्मान अंग वस्त्र देकर किया। मुखिया प्रदीप इस प्रतियोगिता से मिल रहे बच्चों को लाभ से काफी खुश एवं उत्साहित दिखे। उनके जीवन का मकसद सफल विद्यार्थी निकलना है जिसमें वो कामयाब भी रहे हैं। उनकी खुद की छोटी बहन को खुद ही पढ़ाकर सी आर पी एफ का जवान बनाया। उनके कई विद्यार्थी सफलता के झंडे गाड़ चुके हैं जिनमें राजेश सिंह बिहार पुलिस(कमांडो), सुशील सिंह, पिंटू बिंद, शिवम पांडेय, विकास गुप्ता, पंचम मौर्य एवं अन्य कई हैं। इंजीनियर एवं शिक्षक विकास विश्वकर्मा ने सभी बच्चों को कॉपी बांटकर पढ़ने /सीखने के लिए प्रेरित किया। आयोजक मुखिया प्रदीप ने बेहतर अभिभावक सम्मान से सरविंद सिंह एवं आजाद खान को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। जानकारी के अनुसार हर्ष मौर्य जो बाल शिक्षक के रूप में जाना जाता था वह बालक प्रतिभा खोज परीक्षा प्रतियोगिता का हिस्सा रहा। इस मुखिया प्रतिभा खोज प्रतियोगिता से प्रेरित होकर तैयारी करते हुए बिना कोचिंग के सैनिक स्कूल की परीक्षा पास कर ली और वर्तमान में सैनिक स्कूल जूनागढ़ गुजरात का विद्यार्थी बना। हालांकि कुछ लोगों का मानना था कि हर्ष में वो क्षमता नहीं जो एक कुशाग्र बुद्धि वाले बच्चों में होती है। पर सैनिक स्कूल की परीक्षा पास कर उसमें दाखिला करवा लेना एक सफल जवाब रहा।वही सिसौड़ा के अरबाज, पिता आजाद खान जो प्रतिभा खोज परीक्षा का हिस्सा रहा अब नवोदय विद्यालय का विद्यार्थी बन चुका है। इतना ही नहीं मुखिया प्रतिभा खोज परीक्षा की सफलता की कड़ी और है लगातार तीन बार प्रतियोगिता में तीन बार प्रथम स्थान लाने वाले हिमांशु पांडेय पिता राजीव पांडेय को ईफा पब्लिक स्कूल द्वारा टेस्ट लेने के बाद होनहार प्रतिभा को देखते हुए इंटर तक की पढ़ाई मुफ्त कर दिया है। यह जानकारी इनके पिता राजीव पांडेय के द्वारा दी गई साथ ही कक्षा एक के एक प्रतिभावान बच्चें को निशुल्क शिक्षा देने की घोषणा की गई। मुखिया शाम एवं सुबह बच्चे बच्चियों को बिहार पुलिस, बिहार दरोगा एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कराते हैं और यहां तैयारी करने वाले छात्र/छात्राओं के आने वाले समय कई विद्यार्थियों के सिपाही और सेना में जाने के उम्मीद है। इस मौके पर सरविंद सिंह, शैल कुमारी, आजाद खान, निर्मल कुशवाहा एवं अन्य अभिभावक उपस्थित रहे।

## विजय सिंह के परिवार को बिहार सरकार दे 1 करोड़ रुपये व सरकारी नौकरी नहीं तो होगी उग्र आंदोलन- प्रिंस

**दैनिक भास्कर संवाददाता कैमूर/**कैमूर- भभुआं राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना कार्यालय से राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना पूर्व जिला अध्यक्ष कैमूर सह बिहार प्रदेश उपाध्यक्ष प्रिंस कुमार सिंह के द्वारा पटना में भाजपा कार्यकर्ता व पदाधिकारियों पर हुए लाठी चार्ज में, जहानाबाद भाजपा जिला अध्यक्ष विजय सिंह की हुई मौत के मामले में सीएम नीतीश कुमार को निशाने पर लिया गया। प्रिंस सिंह ने कहा कि नीतीश कुमार बौखला गए हैं, वह राष्ट्रीय जनता दल की लाठी चलाओ संस्कृति में पल रहे हैं। 2005 से 2010 में जो इनका अपना चरित्र था उसको गिरवी रख दिए है। हर जगह, चाहे टीचर भर्ती का मामला हो, बीजेपी का मामला हो, रसोइया का मामला हो, या आंगनबाड़ी केंद्र की सेविकाओं का मामला हो, यदि सभी मामलों पर विस्तार से विचार किया जाए तो यह प्रतीत होता है कि बिहार सरकार संविधान पर नहीं लाठी पर विश्वास करता है।

लाठी चलाकर लोकतंत्र को चलाना चाहते हैं, जो कि बिहार की जनता के लिए दुर्भाग्यपूर्ण है वह लोकतंत्र की हत्या है। और होगा भी क्यों नहीं क्योंकि नीतीश कुमार नाममात्र के मुख्यमंत्री रह गए हैं, असली मुख्यमंत्री तो तेजस्वी यादव हैं। तो जिसकी लाठी उसकी भैंस की कहावत तो सत्यापित किया है जाएगा। उपाध्यक्ष द्वारा भारतीय जनता पार्टी से भी अपील करते हुए कहा गया कि अपनी पार्टी फंड से तत्काल 1 करोड़ रुपये विजय सिंह के परिवार को दें, चुकी विजय सिंह भाजपा के कार्यकर्ता थे।उन्होंने अपनी पूरी जीवन भाजपा के लिए समर्पित कर दी।और भाजपा द्वारा किए जा रहे आंदोलन में ही उनकी हत्या हुई है, इसलिए भाजपा का ये दायित्व बनता है। पटना प्रशासन की ओर से विजय सिंह की मौत लाठीचार्ज में नहीं होने की बात कही जा रही है, इसपर उपाध्यक्ष ने कहा कि बिहार सरकार प्रशासन की मदद से इस मामले की लिपापोती करने में जुटी है। इसलिए मामले की जांच स्वतंत्र एजेंसी से कराई जानी चाहिए। सरकार द्वारा प्रशासन के माध्यम से विजय सिंह के परिवारिक सदस्यों पर दबाव भी बनवाने की कोशिश किया जा रहा है। उनके द्वारा कहा गया कि बिहार सरकार ये सब करना बंद कर दें। और विजय सिंह के परिवार को एक करोड़ की मुआवजा राशि तथा परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी तत्काल प्रदान करें। अन्यथा राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना उग्र आंदोलन को विवश होगी। राष्ट्रीय जनता दल एवं जनता दल यूनाइटेड सिर्फ एक दो राज्यों तक ही सीमित है। पर करणी सेना 22 राज्यों में सक्रिय है।



## मोहर्रम को लेकर पीस कमेटी की बैठक, किसी भी तरह के शस्त्रों का प्रयोग वर्जित शेषधर पांडेय

**कैमुर/** अलीनगर थाने में रविवार की दोपहर मुहर्रम त्योहार को लेकर नायब तहसीलदार व थाना प्रभारी पीस कमेटी की बैठक बुलाई। बैठक में क्षेत्र के ताजियादार व सभी समुदाय के लोग मौजूद रहे। थाना प्रभारी शेषधर पाण्डेय ने त्योहारों को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने की अपील की। बता दें कि अलीनगर थाना में रविवार की दोपहर मोहर्रम त्यौहार को लेकर नायब तहसीलदार नीरज चतुर्वेदी व अलीनगर प्रभारी शेषधर पाण्डेय के नेतृत्व में पीस कमेटी की बैठक बुलाई। इस दौरान अलीनगर प्रभारी शेषधर पाण्डेय ने कहा कि त्योहारों को सौहार्दपूर्ण ढंग से मनाने की परंपरा हम सभी को बनाए रखनी है। त्योहारों का आनंद तभी है जब हम सब मिल बैठकर उस का आनंद लें। इसके साथ ही बताया कि किसी भी प्रकार की कोई नई परंपरा की शुरुआत नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि जुलूस में किसी भी प्रकार का शस्त्र लेकर चलना सख्त मना है। तलवार,चाकू,छुरी आदि का प्रदर्शन नहीं होगा। सभी लोगों को सरकार की गाइडलाइंस माननी पड़ेगी अन्यथा सख्त कार्रवाई निश्चित तहै। साथ ही अराजक तत्वों या किसी प्रकार का उपद्रव करने वालों की जानकारी तत्काल पुलिस को देने की अपील की। वही ताजियादारो से उनकी समस्याओं की जानकारी ली और शीघ्र समस्या दूर कराने का आश्वासन दिया।इस दौरान शेख कयामुद्दीन, सरवर अली, वसीम ,इश्तियाक आसिफ इकबाल, अशरफ जमाल, सद्दाम हुसैन, इरशाद अहमद, इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

## थाना परिसर में लगा जनता दरबार भूमि संबंधित एक मामले को किया निष्पादित



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता कैमूर/**कैमूर- जिला के अधौरा प्रखंड अंतर्गत लोहरा थाना परिसर में लगा जनता दरबार, कई मामलों पर हुआ सुनवाई, भूमि संबंधित एक मामले को किया गया निष्पक्ष रुप से निष्पादित। आपको बता दें की जन समस्याओं को देखते हुए कैमूर आरक्षी अधीक्षक के निर्देशानुसार प्रतिदिन जन समस्याओं के निराकरण हेतु सभी थाना परिसरों में जनता दरबार का आयोजन किया जाता है। जिसके तहत लोहारा थाना अध्यक्ष संजय कुमार सिंह उर्फ सिंघम के द्वारा जनता दरबार में आए कधार कलां के राजेश सिंह व बद्री सिंह के बीच चल रहे 10 कट्ठा भूमि के विवाद को दोनों पक्षों के साक्ष्यों को देखते हुए बातों को सुनते व समझते हुए, दोनों की रजामंदी से भूमि के मामले को निष्पक्ष रूप से निष्पादित किया गया।

## सड़क बना जलाशय जनप्रतिनिधि अधिकारी मौन इसका जिम्मेवार है कौन



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता कैमूर/** कैमूर- जिला के कुदरा प्रखंड अंतर्गत घटांव पंचायत के फाखराबाद गांव की सड़क बना जलाशय, जनप्रतिनिधि हैं मौन, तो इसका जिम्मेवार है कौन। आपको बता दें कि फाखराबाद गांव की मतदाताओं की संख्या लगभग 2000 से 2500 के बीच है। यह गांव लोकसभा चुनाव हो, विधानसभा चुनाव हो या पंचायती चुनाव हो, चुनाव के समय में जनप्रतिनिधियों को बहुत ही याद आता है, और प्यारा लगता है। जनप्रतिनिधियों के द्वारा अनेकों तरह के लोक लुभावने वादे किए जाते हैं। पर चुनाव की प्रक्रिया समाप्त होते ही जनप्रतिनिधि यह भूल जाते हैं, कि जिला में फाखराबाद गांव भी कही है। सासाराम संसदीय क्षेत्र के सांसद छेदी पासवान का इस गांव में बहुत ही बोलबाला है, तो मोहनियां विधानसभा के विधायक संगीता कुमारी को भी चाहने वालों की संख्या कम नहीं है और इस गांव में विधायिका का आवागमन अक्सर होते रहता है, इतना ही नहीं कैमूर जिला पार्षद पूर्व अध्यक्ष सह जिला पार्षद प्रतिनिधि प्रमोद कुमार सिंह का भी निवास स्थान पास में ही है, और पंचायत के मुखिया भी इसी गांव के हैं, जो कि प्रतिदिन इसी रास्ते से आते जाते हैं। पर ग्रामीणों को बर्षो बर्षो से हो रही समस्याओं कि समाधान के लिए किसी के द्वारा भी पहल नहीं किया जा रहा है। इससे तो यही प्रतीत होता है कि इनके द्वारा या तो जानबूझकर समस्याओं को अनदेखी किया जा रहा है, या इनके बस की बात नहीं इसलिए मौन है। यह सड़क फाखराबाद गांव से पुसौली गोला बाजार एवं राष्टीय राजमार्ग तक जाने के लिए मुख्य मार्ग है, इतना ही नहीं यदि इस सड़क को छोड़ दिया जाए तो इन ग्राम वासियों के लिए इस सड़क के अलावा यातायात के संसाधन से आने जाने के लिए कोई अन्य मार्ग नहीं है। जिस पर की पानी व कचरे की अंबार लगा रहता है, फिर भी जनप्रतिनिधि अधिकारी मौन है जो कि बहुत ही दुर्भाग्य का विषय है।

**बैठक** — सिकन्दरपुर की कार्यकर्ता बैठक रविवार को बलिया मार्ग स्थित मिलन वाटिका में हुई

## समाजवादी पार्टी विधानसभा क्षेत्र सिकन्दरपुर का समीक्षात्मक कार्यकर्ता बैठक सम्पन्न



**सिकन्दरपुर,बलिया।**समाजवादी पार्टी विधानसभा क्षेत्र सिकन्दरपुर की कार्यकर्ता बैठक रविवार को बलिया मार्ग स्थित मिलन वाटिका में हुई। इस में पर्यवेक्षक के रूप में पूर्व सांसद एवं लोकसभा क्षेत्र सलेमपुर के प्रभारी रमाशंकर विधार्थी ने भी भाग लिया। इस दौरान प्रभारी महोदय ने विधानसभा क्षेत्र सिकन्दरपुर में संगठन के स्थिति की समीक्षा कर अनेक सुझाब दिए।इस अवसर पर मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री अंबिका चौधरी ने कहा कि वर्तमान समय की मांग है कि संगठन के कार्यकर्ताओं व पदाधिकारी को पार्टी की नीतियों को गांव गांव में घर घर पहुंचाएं जिससे समाजवादी पार्टी 2024 में संसद की अधिकाधिक सीट जीत सके।साथ ही जनविरोधी सरकार को हटाया जा सके। पर्यवेक्षक पुर्व रमाशंकर विधार्थी ने कहा कि सिकन्दरपुर में जिस तरह का संगठन बना है वह काबिले तारीफ़ है। बैठक को अपने सम्बोधन में विधायक सिकन्दरपुर मो. जियाउद्दीन रिजवी ने कहा कि समीक्षा बैठक में सभी जोन प्रभारी, सेक्टर प्रभारी तथा बूथ अध्यक्ष ने शत प्रतिशत उपस्थिति दर्ज करा कर यह साबित कर दिया है कि यहां संगठन निष्ठापूर्वक अपना काम कर रहा है।उन्होंने लोक सभा चुनाव 2024 में समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी को अधिक से अधिक मतों से अपने विधान सभा क्षेत्र से जिताने का पधाधिकारियो को संकल्प दिलाया। बैठक को डॉ विश्राम यादव, ओ पी यादव, यशपाल सिंह, चन्द्र शेखर सिंह, डा0मदन राय, फून्नू राय, विवेक सिंह, अमित यादव, (पूर्व जिलापंचायत सदस्य) संजय यादव पूर्व प्रमुख, अनंत मिश्र, सत्येंद्र शर्मा, भीष्म यादव, जितेश वर्मा गिरिजेश मिश्र, वीर बहादुर वर्मा, आदि ने भी विचार व्यक्त किया। समीक्षक एवं प्रभारी पूर्व सांसद रमाशंकर विधार्थी ने सभी पधाधिकारियों को माला पहनाकर सम्मानित किया।

## अधौरा प्रखंड अंतर्गत लोहरा थाना परिसर में थाना अध्यक्ष संजय कुमार सिंह उर्फ सिंघम की अध्यक्षता में मुहर्रम त्योहार को लेकर थाना परिसर में हुआ शांति समिति की बैठक





**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता कैमूर/** कैमूर- जिला के अधौरा प्रखंड अंतर्गत लोहरा थाना परिसर में थाना अध्यक्ष संजय कुमार सिंह उर्फ सिंघम की अध्यक्षता में इस्लामिक त्योहार मुहर्रम को शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु शांति समिति की किया गया बैठक। उपस्थित गणमान्यों को संबोधित करते हुए थाना अध्यक्ष सिंघम के द्वारा कहा गया कि पर्व त्योहार शांति एवं सौहार्द का प्रतीक है, इसे मिलजुल कर भाई चारे के साथ मनाना चाहिए। यदि किसी भी व्यक्ति को किसी तरह की कोई परेशानी हो तो वह प्रशासन की सहयोग सदैव लें, हम 24 घंटा उपलब्ध है। मोहर्रम के जुलूस में डीजे पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध रहेगा कोई भी किसी तरह की हथियार का प्रदर्शन नहीं करेगा।

यदि किसी को भी किसी तरह की संदिग्ध नजर आता है,तो प्रशासन को तत्काल सूचित करें तत्काल सहयोग प्रदान किया जाएगा। अवसर पर काधार कलां के वार्ड पार्षद विनोद सिंह, कुमारी देवी, सुदामा सिंह, बरमतगया देवी, लोहरा के सरपंच नंदलाल राम, रामेश्वर सिंह, विश्राम सिंह, बद्री सिंह के साथ ही भारी संख्या में लोग उपस्थित रहें।

## ख़ास ख़बर

## 18 जुलाई को झारखंड मजदूर संघ करेगी एकदिवसीय धरना प्रदर्शन, बैठक में लिया गया निर्णय



**बरहरवा-** बाकुडी बाजार अवस्थित झारखंड मजदूर संघ के केंद्रीय कार्यालय में केंद्रीय महामंत्री राजकुमार यादव की अध्यक्षता में ग्रामीणों की बैठक आहूत की गई। इस दौरान बाकुडी उप स्वास्थ्य केंद्र निर्माण एवं साथ ही साथ प्रस्तावित 18 जुलाई को झारखंड मजदूर संघ जिला समिति साहिबगंज की ओर से दी जाने वाली एकदिवसीय धरना कार्यक्रम की सफलता के बारे में भी चर्चा किया गया।

इस क्रम में अध्यक्ष ने कहा कि बाकुडी बाजार राजस्व ग्राम है और पंचायत सचिवालय भी है जहां कई प्रकार के शिक्षण संस्थाएं, राजकीय मध्य विद्यालय बागोडी एवं उच्च विद्यालय बाकुडी ग्रामीण हाट एवं पत्थर उद्योग क्षेत्र हैं। वही यह इलाका आदिम जनजाति एवं ओबीसी तथा हरिजन जाति तथा मुस्लिम क्षेत्र है। वही बाकुडी रेलवे स्टेशन से पूरब की ओर बहुल क्षेत्र सीता पहाड़, चौकी पहाड़, पत्ती बोना, चाल पहाड़, पाक तोड़ी, गदाई टोंगी, पत्थर चपटी, बाकुडी संथाली अंश कमाल टोला हैदूसरी और रेलवे स्टेशन के पश्चिम दिशा की ओर रेलवे फाटक समस्या है। वही यहाँ के ग्रामीण लंबे समय से बाकुडी बाजार मौजा में ही स्वास्थ्य उप केंद्र का निर्माण जिला प्रशासन से मांग करती आ रही है जहां जमीन की कमी नहीं है। इसको लेकर झारखंड मजदूर संघ जिला प्रशासन से यह भी मांग करती है की सक्रियता के साथ स्थल का चयन में निष्पक्ष रूप से करें। इस बैठक में मुख्य रूप से योगेंद्र प्रसाद भगत, राज किशोर यादव, भुनेश्वर पंडित, सुधीर प्रसाद साह, संतोष कुमार गुप्ता, रिजाउल करीम, रामकिशन तूरी, बसंती देवी जल सहिया, देवी भगत सहिया, सुशील यादव, शिवनारायण यादव, प्रशांत यादव समेत कई लोग बैठक में सम्मिलित हुए।

## वाटर प्लांट का हुआ शुभारंभ, लोगों को मानक के अनुरूप मिल सकेगा 1 लीटर वाला बंद बोतल मिनरल वाटर



**साहिबगंज-** शहर के बिजली घाट के समीप रविवार को नमामि जल का 1 लीटर का मॉडलिंग प्लांट का शुभारंभ हुआ। इसका उद्घाटन केनरा बैंक के मैनेजर गौरव कुमार मिश्रा ने नारियल फोड़ने के बाद फीता काटकर किया। जहाँ उद्घाटन के बाद लोगों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। इस मौके पर नमामि जल प्लांट के प्रोपराइटर अमित कुमार ने कहा कि लोगों को मानक के अनुरूप कम से कम दाम पर 1 लीटर वाला बंद बोतल मिनरल वाटर उपलब्ध करवाया जाएगा।

वही उन्होंने कहा कि प्रतिदिन एक हजार एक लीटर वाला बंद बोतल का मिनरल वाटर प्रोडक्शन करने की क्षमता है ऐसे में मांग के अनुरूप कम दामों पर लोगों के बीच एक लीटर वाला बंद बोतल मिनरल वाटर उपलब्ध करवाया जाएगा। वहीं बतौर मुख्य अतिथि प्लांट का उद्घाटन करने पहुंचे केनरा बैंक के मैनेजर गौरव कुमार मिश्रा ने कहा कि चूंकि यह प्लांट गंगा किनारे स्थित है ऐसे में इस प्लांट से लोगों को शुद्ध और मानक के अनुरूप मिनरल वाटर बंद बोतल में उपलब्ध हो सकेगा। वही उन्होंने कहा कि हमारा बैंक का यह प्रयास है कि अधिक से अधिक लोगों को रोजगार का साधन उपलब्ध हो सके। इसी के साथ कैनरा बैंक के सहयोग से प्लांट का विस्तार किया गया है।पूर्व में इस प्लांट से केवल 20 लीटर वाला बंद बोतल मिनरल वाटर लोगों को उपलब्ध कराया जा रहा था लेकिन अब इसी प्लांट से 20 लीटर के साथ साथ 1 लीटर वाला भी बंद बोतल मिनल प्लांट उपलब्ध कराया जाएगा। इस मौके पर नवीन मिश्रा, सौरभ, अरविंद ठाकुर समेत कई लोग मौजूद थे।

# भारत जोड़ो की बात आम जनो के साथ अभियान का कॉंग्रेस ने किया आगाज,

## जिला कार्यालय में बैठक आयोजित



**साहिबगंज-** जिला कांग्रेस कमिटी साहिबगंज द्वारा प्रदेश द्वारा निर्देशित ÷भारत जोड़ो की बात, आम जनों के साथ÷ अभियान की शुरुआत को लेकर एक संवाददाता सम्मेलन जिला कांग्रेस कार्यालय में किया गया। जिसमें जिला प्रभारी महासचिव उदय लखवानी एवं जिला अध्यक्ष बरकतुल्लाह खान ने पत्रकारों को संबोधित किया। जहां संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए उदय लखवानी ने कहा कि इस अभियान का एकमात्र उद्देश्य है कि भारत जोड़ो के दौरान राहुल गांधी ने जो कन्याकुमारी से लेकर कश्मीर तक एक तपस्वी की तरह पूरे देश को जोड़ने की कवायद शुरू की उसे हमें घर घर तक पहुंचाना है। आप सब जानते हैं कि पूरे भारत में महंगाई बेरोजगारी नफरत चरम पर दिखाई देने लगी तब भारत जोड़ो यात्रा की शुरुआत की गई। वही यात्रा की शुरुआत से ही भाजपा नीति केंद्र सरकार के द्वारा कई तरह के व्यवधान पैदा किए गए और जब भारत जोड़ो यात्रा की सफलता दिखाई देने लगी तब कोरोना का डर दिखा कर और कोरोना का हवाला देकर इस यात्रा को रोकने का प्रयास भी किया गया लेकिन राहुल गांधी ना झुके ना डरे ना रुके लगातार चलते रहे। जहां और भी अनेक व्यवधानों के बावजूद राहुल गांधी अपने गंतव्य तक पहुंचे और जो उन्हें भारत जोड़ो यात्रा का जो संदेश देना था उन्होंने कन्याकुमारी से लेकर कश्मीर तक लोगों तक पहुंचाने का काम किया। साथ ही साथ इस दौरान उन्होंने आमलोगों की उनके समस्याओं से रूबरू होने का काम भी किया। वही भारत जोड़ो यात्रा की सफलता को देखकर भाजपा नीति केंद्र सरकार ने भारत राहुल गाँधी की बुलंद आवाज को कुंद करने का प्रयास शुरू किया परिणाम स्वरूप संसद की सदस्यता न्यायालय के निर्णय के बाद 24 घंटे के अंदर सदस्यता छीन ली गई जो स्वतंत्र भारत के इतिहास में पहली बार हुआ है। वही उसके तुरंत बाद मकान खाली कराया गया जो नीचता की हद है हम इस अभियान के तहत जिले के तमाम कांग्रेसजन समाजसेवी बुद्धिजीवी शिक्षक एवं पत्रकार मित्र के घर बगैर किसी औपचारिकता एवं तामझाम के जाकर भारत जोड़ो यात्रा की बात रखेंगे एवं जिले से संबंधित जन मुद्दों पर बात करेंगे।वही कोंग्रेस जिलाध्यक्ष बरकतुल्लाह खान ने अपने संबोधन में कहा कि ÷राहुल गांधी की पदयात्रा देश की सबसे बड़ी पदयात्रा थी जो भारत जोड़ो यात्रा से लाखों लोगों ने राहुल गांधी से मुलाकात किया एवं अपनी समस्याओं को रखा। वही बाद में जब इन्हीं बातों को राहुल गांधी ने मीडिया के माध्यम से सरकार के सामने रखा तो सरकार बौखला गई नतीजतन राहुल गांधी को जो परेशानी उठानी पड़ी उससे पूरा देश अवगत है। वही तमाम परेशानियों के बावजूद राहुल गांधी ने आज भी बगैर किसी बात की परवाह किए लगातार लोगों के बीच हैं और उनकी आवाज को बुलंद कर रहे हैं। जहां आज हम सभी कांग्रेसजन संकल्प ले रहे हैं कि राहुल गांधी की बातों को आमजनों तक पहुंचाकर राहुल गांधी को ताकत देने का काम करेंगे।

इस संवाददाता सम्मेलन के बाद जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक रखी गई है जिसमें सारे कांग्रेसजन मिलकर यह तय करेंगे कि हम किस प्रकार से इस अभियान को सफल बनाएं÷। वही संवाददाता सम्मेलन की समाप्ति के बाद जिला कांग्रेस कमिटी की बैठक जिला अध्यक्ष बरकतुल्लाह खान की अध्यक्षता में की गई जिसमें सभी कांग्रेसजनों के साथ सलाह मशवरा के बाद निर्णय लिया कि पंचायत स्तर पर प्रभारी नियुक्त कर इस अभियान को घर घर तक पहुंचाने की जिम्मेवारी तय की जानी चाहिए। वही पंपलेट पोस्टर बैनर के माध्यम से राहुल गांधी की बातों को आमजन तक पहुंचाने का काम किया जाए। उधर जिलाध्यक्ष बरकतुल्लाह खान ने कहा कि दो तीन दिनों के अंदर जिला प्रभारी उदय लखमानी से सलाह मशवरा कर पंचायत स्तर पर प्रभारियों की घोषणा कर दी जाएगी। वही जिला कमिटी के पदाधिकारियों को 4 से 5 पंचायत की जिम्मेवारी दी जा सकती है। साथ ही इस बार सभी विभागों को अलग से पंचायत स्तर पर जिम्मेदारी देने की बात भी कही है। इस बैठक में जिला अध्यक्ष बरकतुल्लाह खान एवं जिला प्रभारी महासचिव उदय लखवानी के अलावा राजमहल विधानसभा के प्रभारी देवीलाल मुर्मू, मो. कलीमउद्दीन, बासुकीनाथ यादव, अशोक पासवान,-भोलानाथ महतो, सरफराज आलम, नित्यानंद गुप्ता, आदित्य यादव, विनोद कुमार वर्मा, मो. सलाउद्दीन, रंजीत टुडू, अजय यादव, इखलाक नदीम, सब्दुल अंसारी अजफर अली, सैफ अहमद, शेख हाफिज, मो. रियाज, मो. आरिफ, मो. निसार, पप्पू एवं दर्जनों कांग्रेसजन उपस्थित थे।

## भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ राजमहल विधायक ने की टिफिन बैठक



**राजमहल-** भारतीय जनता पार्टी द्वारा राजमहल विधानसभा क्षेत्र के राजमहल स्थित प्रसिद्ध माँ पगली दुर्गा मंदिर प्रांगण में टिफिन बैठक का आयोजन किया गया। इसमें राजमहल विधायक अनंत ओझा ने कार्यकर्ताओं के साथ सहभोज किया। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार की पिछले नौ साल की उपलब्धियों पर चर्चा की गई। वही राजमहल विधायक अनंत ओझा ने कहा कि 9 साल में केन्द्र सरकार ने विकास को लेकर नए आयाम स्थापित किए हैं। वही नरेन्द्र मोदी की सरकार के 9 साल पूरे हुए हैं और उनके नेतृत्व में समाज के गरीब शोषित वंचित, किसानों, महिलाओं और युवाओं के कल्याण के लिए अनेक काम हुए हैं। इसी वजह से देश के प्रधानमंत्री के निर्णायक नेतृत्व पर भरोसा करते हुए देश के युवा, गरीब, किसान और पूरा देश प्रधानमंत्री के साथ आज खड़ा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के लिए संकल्पित होकर काम कर रही है। पहले देश में एक सामान्य सोच थी कि सरकार में कोई भी आये कुछ नहीं हो सकता लेकिन अब देश की जनता में यह धारणा बनी हैं कि मोदी हैं तो मुमकिन हैं। पहले सरकार से देश की जनता कहती थी हुआ तो हुआ÷ मगर अब जनता कह रही हैं जो कभी नहीं हुआ वो मोदी सरकार के शासन काल में हुआ है। वही गरीब कल्याण अन्न योजना के माध्यम से 80 करोड़ लोगों को जरूरी राशन पहुँचा रही हैं जो दुनिया की सबसे बड़ी खाद्य वितरण योजना हैं।

वही प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 3 करोड़ से ज्यादा शहरी और ग्रामीण आवास गरीब परिवारों को बनाया गया और उनके पक्के घर का सपना पूरा किया गया। 11.88 करोड़ नल से जल कनेक्शन हर घर नल योजना के तहत लोगो के घर तक शुद्ध पेयजल की व्यवस्था की गयी। वही किसान सम्मान निधि के माध्यम से देश के 11 करोड़ से अधिक किसानों को सलाना 6 हजार रुपये की आर्थिक मदद की जा रही है। वही आयुष्मान भारत योजना से देश के लगभग 55 करोड़ लोगों को सालाना 5 लाख रुपये तक का मुफ्त स्वास्थ बीमा का लाभ मिल रहा हैं। सौभाग्य योजना के माध्यम से अब तक 3 करोड़ से अधिक घरों में बिजली पहुँचाई जा चुकी हैं। 36 करोड़ से अधिक एलईडी बल्ब वितरित किये जा चुके हैं। उज्ज्वला योजना के तहत 9 करोड़ से अधिक महिलाओं को चूल्हे के धुएं से मुक्ति मिली। उनका स्वास्थ्य भी सुधरा और जीवन स्तर भी एवं जन धन योजना 45 करोड़ से अधिक परिवार का बैंक खाता खुला। इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी विश्व भर के चौदह देशों ने अपने देश के सर्वोच्च सम्मान से प्रधानमंत्री मोदी को सम्मानित किया हैं कुछ दिन पहले ही अमेरिका में मोदी जी का भव्य स्वागत हुआ था। वही प्रधानमंत्री मोदी देश के बाहर हिंदुस्तान के प्रगति की बात करते हैं मगर कांग्रेस के एक बड़े नेता देश के बाहर हिंदुस्तान का बुराई करके आते हैं। इस दौरान राजमहल विधायक अनन्त ओझा ने राजमहल मंडई स्थित माँ पगली दुर्गा मंदिर में कार्यकर्त्ताओं के साथ पूजा अर्चना करके क्षेत्र की विकास और प्रगति की कामना किया। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष रामदरश यादव, जिला महामंत्री कार्तिक साह, राजेश मंडल, सोनेलाल ठाकुर, संजीव दे, सागर मंडल, तमल मंडल, ललन राय, धर्मराज मंडल, बिरेन साह, उज्ज्वल मंडल, राज कुमार साह, धर्मेन्द्र मंडल, सुनील प्रमाणिक, श्रीकांत मंडल, हरिबोल मंडल सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## दंगा कांड में अरशद को फंसाने को लेकर सामाजिक व राजनीतिक कार्यकर्ता हो रहे गोलबंद, फुंक रहे बिगुल



**साहिबगंज-** बीते दिनों अप्रैल माह में शहर के कुलीपाड़ा मोहल्ले में चैती दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान दो समुदाय में हिंसक झड़प में दर्ज हुए कांड संख्या 27/23 में पर्यावरण प्रेमी सह जिले के चर्चित सामाजिक कार्यकर्ता सैयद अरशद नसर को दंगा का मास्टरमाइंड के रूप में फंसाने को लेकर चल रहे साज़िश के ख़िलाफ़ ज़िले के कई सामाजिक व राजनीतिक कार्यकर्ताओं ने मुखर होकर आवाज़ बुलंद करना शुरू कर दिया है। यहाँ बताते चले की इस मामले में पुलिस दंगा कांड के अभियुक्त असद जैदी व नदीम जैदी जो फिलहाल जमानत पर बाहर हैं का कन्फेशन स्टेटमेंट लेकर अरशद को दंगा कांड का मास्टरमाइंड के रूप में आरोपित बनाने की साज़िश रची जा रही है व केस डायरी में अरशद का नाम लाया गया है जिसको लेकर शिव सेना के उप राज्य प्रमुख संजय पांडेय, झारखंड मजदूर संघ प्रजातांत्रिक के केन्द्रीय महामंत्री राजकुमार यादव, भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी के जिला सदस्य श्याम सुंदर पोद्दार, कांग्रेस के रामकिशुन रविदास, संतोष कुमार स्वर्णकार, मछुआ सोसायटी के अध्यक्ष अशोक कुमार चौधरी, सामाजिक कार्यकर्ता कैलाश प्रसाद, रामनाथ विद्रोही, अभय मुर्मू, आशीष रंजन, शिवजी ठाकुर, वीरेंद्र पासवान, राजेश यादव, सुरेश केजरीवाल समेत दर्जनों सामाजिक व राजनीतिक कार्यकर्ताओं ने सरकार व जिला पुलिस प्रशासन से अरशद को दंगा कांड में फंसाने की हो रही गंदी साज़िश पर रोक लगाने व इस साज़िश के पीछे छिपे तत्त्वों की पहचान कर कड़ी से कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है। वही सभी राजनीतिक दलों के नेताओं ने इस प्रकार के कार्य को गलत बताते हुए सड़क से लेकर मीडिया, मीडिया से लेकर न्यायालय तक में बिगुल फुंकने की बात कही है।

## बिन्दुधाम कांवरिया सेवा शिविर का बीडीओ ने किया शुभारंभ



**बरहरवा-** श्रावण मास के पावन अवसर पर बाबा भोलेनाथ के नारों से पूरा क्षेत्र बम बम भोले शंकर से गूँजता रहता है। जहां समाज के लोग दूर दूर से आने वाले कावरियों की सेवा हेतु यथाशक्ति शिविर का आयोजन जगह जगह करते है। इसी क्रम में रविवार को पतना अंतर्गत प्रसिद्ध मंदिर बिंदूधाम मंदिर प्रांगण में कावंरिया सेवा शिविर का शुभारंभ पतना प्रखण्ड बिकास पदाधिकारी सौरभ कु. सुमन ने फीता काटकर किया। इस दौरान बिंदूधाम मंदिर कमिटी के कार्यकारी अध्यक्ष शक्तिनाथ अमन ने बताया की प्रत्येक वर्ष श्रावण मास के मौके पर स्थानीय लोग ही नहीं बल्कि दूर दूर जैसे बंगाल बिहार से भी भोलेबाबा के भक्त बोल बम के नारों के साथ पैदल काँवर यात्रा करते हुए बिंदूधाम मंदिर बाबा को जल चढ़ाने हेतु पहुँचते है जिसका स्वागत कमिटी तहे दिल से करती है और करती रहेगी। इसी के फलस्वरूल काँवर यात्रियों व भक्तों की सुरक्षा व्यवस्था और सामाजिक देखरेख सेवा के उद्देश्य से उक्त शिविर का बिस्थापन किया गया है जहाँ काँवर भक्तो के विश्राम से लेकर अन्य पूजन सामग्रियों शीतल जल, शर्बत एवं फल की व्यवस्था भी मंदिर कमिटी की ओर से की जाएगी। वहीं स्थानीय प्रसाशन को भी इस दौरान सुरक्षा के दृष्टिकोण से जगह जगह सुरक्षा बलों की तैनाती की अपील भी की गई है जिसका पूर्ण सहयोग होना तय है। इस मौके पर बीडीओ सौरभ कुमार सुमन, शक्तिनाथ अमन, दिनेश कर्मकार, निलकंठ साहा, भरत, पुटू, प्रभु, बलराम साहा सहित दर्जनों स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

## बोरियो थाना पुलिस की ओर से रविवार को चलाया गया वाहन जांच अभियान



**बोरियो-** पुलिस अधीक्षक अनुरंजन किस्पोट्टा के निर्देश पर बोरियो थाना क्षेत्र की पुलिस ने थाना गेट के समीप दोपहिया वाहनों का सघन जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान बिना हेलमेट पहनकर वाहन चलाने वाले चालकों से ड्राइविंग लाइसेंस सहित अन्य कागजात की जांच की गई। इस अवसर पर एसआई सिद्धार्थ टोप्पो, पप्पू यादव, सहित अन्य पुलिस बल उपस्थित थे।

**बैठक** बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष मो. तमरुद्दीन के अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई।

## झामुमो पंचायत कमेटी गठित को लेकर बैठक हुई आयोजित




**उधवा-** प्रखण्ड क्षेत्र के चांदशहर पंचायत में जेएमएम पार्टी के पंचायत कमिटी विस्तार को लेकर बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष मो. तमरुद्दीन के अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में मुख्य रूप से पूर्व प्रखंड अध्यक्ष अनवारूल हक व जेएमएम के वरिष्ट नेता कीनू सोरेन उपस्थिति हुए। इस दौरान मो. तमरुद्दीन ने उपस्थित लोगों से कहा कि जेएमएम पार्टी हमेशा से एक दूसरे को जोड़ने का कार्य कर रही है। वही उन्होंने आगे कहा कि सरकार विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारकर आमजनों तक इसका लाभ पहुंचा रही है। सभी लोग जेएमएम का साथ देकर आने वाले चुनाव में फिर से राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को झारखंड का सीएम बनाए। वही उन्होंने सरकार के उपलब्धियों को ग्रामीणों के समक्ष रखा हालांकि चांदशहर पंचायत कमिटी विस्तार अगले आदेश तक स्थगित कर दिया गया है।उधर बैठक स्थगित होने पर मौके पर उपस्थित सैकड़ों लोगों में काफी नाराजगी दिखाई दिया। इधर उपस्थित ग्रामीणों ने आरोप लगाते हुए बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष को अवगत कराते हुए कहा कि पूर्व पंचायत अध्यक्ष पार्टी के हित में कार्य नहीं करते है ऐसे में खानापूर्ति के लिए उसे अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है जिससे वे लोग पंचायत अध्यक्ष के कार्यशैली से काफी नाखुश है। वही राजेश नदाब, केशरुल शेख, समरूल उर्फ पुलिस, सुकरान आदि ने बताया कि विगत दिन पतौड़ा झील में आयोजित एक समारोह में जिला व प्रखण्ड के पदाधिकारी के निर्देश पर 15 जुलाई को चांदशहर पंचायत में कमिटी विस्तार को लेकर समय सीमा निर्धारित किया गया था मगर इसके बावजूद भी आज के बैठक में पार्टी के किसी सदस्यों के अनुपस्थित होने के कारण बैठक स्थगित करना सरासर अनुचित है हालांकि जेएमएम के पदाधिकारियों का निर्देश का हम लोग अक्षरशः पालन कर रहे है।वही बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष मो. तमरुद्दीन शेख ने तुरंत जिला अध्यक्ष से दूरभाष पर बात कर लोगों को आश्वासन देते हुए कहा कि बहुत जल्द ही तारीख की घोषणा कर जिलाध्यक्ष के उपस्थिति में पंचायत कमिटी का विस्तार किया जाएगा। वही ग्रामीणों ने जल्द ही कमिटी विस्तार की मांग की है। इस मौके पर उप मुखिया प्रतिनिधि बरकत शेख, जिला कार्यकारिणी सदस्य समीउल नदाब, जैनुल आबेदीन शेख, केशरुल शेख, समरूल शेख, राजेश नदाब, मोस्ताकिम उर्फ भदुआ शेख, गोदू शेख, कामरूल शेख, सुकरन शेख, जियाउल नदाब, सफीक शेख, नज्जू शेख, फोटिक शेख, अतरूल शेख समेत सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

## राज्यव्यापी जनसेवकों का हड़ताल 67 दिनों बाद हुआ समाप्त, प्रखण्डों में आज देंगे योगदान



**साहिबगंज-** झारखण्ड राज्य जनसेवक संघ का 67 दिनों से चला आ रहा अनिश्चितकालीन हड़ताल संयुक्त सचिव के साथ सकारात्मक वार्ता के बाद समाप्त हो गया। जहां पिछले 9 मई से राज्य के लगभग 1400 जनसेवक अपने ग्रेड पे 2400 को पुन॰ बहाल करने एवं 11 सुत्री मांगों को लेकर हड़ताल पर थे। वही आपको बता दें कि झारखंड सरकार के कृषि विभाग ने पिछले अप्रैल माह के अंतिम सप्ताह में जनसेवकों का ग्रेड पे घटा दिया था जहां अपनी लंबित 11 सुत्री मांग एवं ग्रेड पे अवनती काला आदेश के विरोध में सभी जनसेवक हड़ताल में आ गए थे। साथ ही काला आदेश को लेकर राज्य के सभी जिलों के जनसेवकों ने उच्च न्यायालय में चुनौती दी थी जहां उच्च न्यायालय के द्वारा जनसेवकों के ग्रेड पे अवनति को अंतिम सुनवाई तक रोक लगा दी थी। उधर जनसेवकों के शिष्ट मंडल को कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के संयुक्त सचिव के द्वारा वार्ता के लिए बुलाई गई थी जहां वार्ता उपरांत सहमति से शपथपत्र जारी करते हुए सरकार ने न्यायालय के आदेशानुसार जनसेवकों का ग्रेड पे यथावत 2400 रहने दिया है। वही हड़ताल अवधि में उनके उपार्जित अवकाश, अग्रीम अवकाश में समायोजित कर दिया साथ ही अन्य 11 सुत्री मांगों पर भी विधिसम्मत अतिशिघ्र पुरा करने का लिखित आश्वासन भी दिया। वही इसको लेकर जिला जनसेवक संघ के सचिव ने बताया की सकारात्मक शपथपत्र जारी होते ही जनसेवकों में खुशी की लहर दौड़ गई है। इस दौरान सभी जनसेवकों ने एक दुसरे को गुलाल लगाकर एवं माला पहनाकर खुशी मनाई। जहां सभी जनसेवकों ने बताया कि 17 जुलाई सोमवार से सभी प्रखण्डों एवं पंचायतों में जनसेवकों का उत्कृष्ट कर्तव्य निर्वहन पुन॰ पूर्व की भांती प्रभावी हो जाएगा।

## ख़ास ख़बर

## अश्लील वीडियो कॉल के जरिए ब्लैकमेलिंग

**रुदौली अयोध्या।** जनपद के दर्जनों युवाओं से व्हाट्सएप पर वीडियो कालिंग के जरिए ब्लैकमेल कर धन उगाही की जा रही है।प्राप्त जानकारी के अनुसार व्हाट्सएप पर जुड़े युवाओं को साइबर अपराधियों द्वारा व्हाट्सएप वीडियो कॉलिंग की जाती है इसके बाद अश्लीलता परोसते हुए भोले-भाले युवाओं को अपने चंगुल में फंसाया जाता है। युवाओं को झांसे में लेकर उनकी चुपके से नग्न वीडियोग्राफी की जाती है। इसके बाद रिकॉर्डेड वीडियो को दिखाकर साइबर अपराधियों द्वारा धन की बड़ी रकम वसूली जाती है। जनपद के कई युवाओं ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि मेरे पास फेसबुक पर पहले फ्रेंड रिक्वेस्ट 7 जिसके बाद व्हाट्सएप नम्बर माँगा जाता है।उसके बाद व्हाट्सएप/फेसबुक पर वीडियो कॉल करते हुए अपराधियों ने एक महिला को आगे करते हुए . चैटिंग कराई जिसके बाद बातों ही बातों में पीड़ितों की नग्न तस्वीरें कैमरे में रिकार्ड कर लिया गया। इसके बाद वीडियो क्लिप भेज कर उनसे ब्लैक मेलिंग करते हुए रुपए की भारी डिमांड किया गया उनसे कहा गया कि यदि पैसा नहीं दोगे तो तुम्हारी वीडियो क्लिप इंटरनेट समेत सोशल मीडिया पर वायरल कर दी जाएगी। जिसमें कई युवा पैसा देकर अवैध उगाही का शिकार हो गए और लोक-लज्जा के भय से अवसाद पूर्ण जीवन जी रहे हैं। बताते चलें कि ऑनलाइन फ्रॉड करने का यह तरीका बहुत तेजी से पांव पसार रहा है। बड़ी संख्या में लोगों के पास इस तरह की वीडियो कॉल आ रही है जिसमें लोग फंसते जा रहे हैं।

## थाना करनैलगंज पुलिस द्वारा गुमशुदा व्यक्ति को बरामद कर उसके परिजन को किया सुपुर्द




**आवेश अंसारी जिला ब्यूरो/** गोण्डा शुभ भास्कर पुलिस अधीक्षक अंकित मित्तल ने ''ऑपरेशन मुस्कान'' के तहत अभियान चलाकर गुमशुदा बालकों व्यक्तियों की शीघ्र बरामदगी करने के निर्देश जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक थानाध्यक्षों को दिए थे।उक्त निर्देश के अनुक्रम में थाना करनैलगंज पुलिस द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक गोण्डा के पर्यवेक्षण में गुमशुदा पंकज यादव को बरामद किया गया। गुमशुदा व्यक्ति अपने घर से कही चला गया था। जिसकी गुमशुदगी थाना करनैलगंज में उसके पिता झब्बर पुत्र रामलाल नि0 ग्राम लालेमऊ थाना को0 करनैलगंज द्वारा दर्ज करायी गयी थी। आज दिनांक 16.07.2023 को थाना करनैलगंज के उ0नि0 मिर्जा वाहिद बेग द्वारा गुमशुदा व्यक्ति को बरामद कर उसके परिजनों को सुपुर्द किया गया। परिजनो द्वारा गोण्डा पुलिस को धन्यवाद ज्ञापित किया गया। उक्त सराहनीय कार्य की आमजनमानस में काफी सराहना की जा रही है।

## थाना तरबगंज क्षेत्र के अन्तर्गत नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म करने का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार




**आवेश अंसारी गोंण्डा जिला ब्यूरो/**गोंण्डा शुभ भास्कर पुलिस अधीक्षक अंकित मित्तल ने अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं एवं बालिकाओं से घटित अपराधों में वांछित अभियुक्तों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी करने के निर्देश जनपद के समस्त प्र0नि0 थानाध्यक्षों को दिए थे।उक्त निर्देश के अनुक्रम में थाना तरबगंज पुलिस द्वारा दुष्कर्म करने के वांछित अभियुक्त प्रवीण कुमार मिश्र को गिरफ्तार कर लिया गया। उक्त अभियुक्त ने थाना तरबगंज क्षेत्र की रहने वाली एक नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म किया गया जिससे पीड़िता गर्भवती हो गयी थी। जिसके सम्बन्ध में पीड़िता के भाई द्वारा थाना तरबगंज में अभियोग पंजीकृत कराया गया था। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध थाना तरबगंज पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गयी।गिरफ्तार अभियुक्त-01. प्रवीण कुमार मिश्र पुत्र राधेश्याम मिश्र नि0 ग्राम विशुनपुर टेपरा थाना तरबगंज जनपद गोण्डा।पंजीकृत अभियोग-01. मु0अ0सं0-260/23 धारा 376 ए0बी0 भादवि 5j(ii)/6 पाक्सो ऐक्ट व 3(2)5 एस0सी0एस0टी0 ऐक्ट थाना तरबगंज जनपद गोण्डा।01. प्र0नि0 तरबगंज सुरेश कुमार वर्मा मय टीम।

# कुल्लू मनाली जा रहे एक ही परिवार के 11 सदस्य लापता, हिमाचल प्रदेश के ब्यास नदी में आई बाढ़ एवं भूस्खलन के चलते बस सहित लापता होने की परिवारीजन जता रहे आशंका



**मिल्कीपुर**-अयोध्या।कुमारगंज थाना क्षेत्र स्थित पिठला गांव से हिमाचल प्रदेश के कुल्लू मनाली के लिए निकले एक ही परिवार के 11 लोग अचानक लापता हो गए हैं। उनके सगे संबंधी अब उनकी खोजबीन में जुट गए हैं हालांकि किसी अनहोनी की आशंका से घबराए परिवारी जनों ने कुमारगंज पुलिस को मामले की जानकारी देते हुए कार्यवाही की गुहार की है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक पिठला गांव निवासी 62 वर्षीय अब्दुल मजीद अपने दामाद रहबर एवं अपने पूरे परिवार सहित हिमाचल प्रदेश के कुल्लू मनाली में रहकर मेहनत मजदूरी करके जीवन का गुजर-बसर कर रहे थे। इधर बीते जून माह में अब्दुल मजीद अपने परिवार के साथ अपने गांव पिठला आ गए थे। बीते 8 जुलाई को अब्दुल मजीद अपने परिवार के साथ कुल्लू मनाली के लिए निकले थे। वह 9 जून को चंडीगढ़ बस अड्डे से 2 बजकर 40 मिनट पर रोडवेज की बस से कुल्लू मनाली के लिए निकले थे। मनाली में मौजूद मजीद का दामाद रहबर अपने साले ससुर और साली के मोबाइल पर बराबर संपर्क में था। रहबर ने मजीद के परिवारी जनों को बताया कि हमारी साली करीना से कई बार बात हुई थी और उसने बताया था कि 9/10 जुलाई की रात 12 बजे तक हम लोग मनाली बस अड्डा पहुंच जाएंगे, वही पर मिलना। मोबाइल पर हुई वार्ता के क्रम में रहे बर मनाली बस अड्डे पर अपने ससुराली जनों का इंतजार करता रहा किंतु वह बस अड्डे तक नहीं पहुंचे। जिसके बाद रात्रि 3 बजे के लगभग रहे बरनी अपने ससुर के साथ मौजूद उनके बेटों एवं अन्य लोगों के पास मौजूद 5 मोबाइल फोन नंबरों पर संपर्क साधा लेकिन सब के सब मोबाइल बंद मिले। इसके बाद रहबर की बेचैनी बढ़ी और वह मनाली से गाड़ी लेकर खोज में निकल पड़ा जहां मंडी थाने से आगे उसे पुलिसकर्मियों ने रोक दिया किंतु वह जिस स्थान पर करीना ने फोन पर बताया था कि हम लोग बिलासपुर से आगे पहुंच चुके हैं वहां तक पैदल ही पहुंचा और आसपास लोगों से पूछताछ की। आसपास मौजूद लोगों ने बताया कि रात में व्यास नदी में बाढ़ आ गई थी और बाढ़ के पानी के चलते सड़क बह गई। सड़क पर खड़ी कई बसें और छोटे वाहन भी पानी के बहाव में बह गए हैं। इसके बाद वह सीधे मंडी थाने पहुंचा और हिमाचल प्रदेश पुलिस को सूचना दी जिस पर स्थानीय पुलिस ने उसे कार्यवाही का भरोसा दिलाया और कहा कि खोजबीन की जाएगी। अब्दुल मजीद के दामाद रहबर ने समूचे घटनाक्रम की जानकारी अब्दुल मजीद के पैतृक गांव पिठला में निवासरत उसके अन्य परिवारी जनों को। सूचना मिलते ही गांव में सन्नाटा पसर गया और चर्चाओं का बाजार गर्म हो गया। जानकारी के बाद अब्दुल मजीद के चचेरे भाई जुगल पुत्र प्यारे बसपा नेता भगवती सिंह के साथ कुमारगंज थाने पहुंचे और उन्होंने कुमारगंज पुलिस को घटना की सूचना दी। जिस पर प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार सिंह ने हिमाचल प्रदेश की पुलिस से संपर्क करते हुए मामले में कार्यवाही का भरोसा दिलाया है। एक ही परिवार के 11 लापता लोगों में अब्दुल मजीद पुत्र सद्दीक उम्र 62 वर्ष तथा नाजिमा पत्नी अब्दुल मजीद उम्र 60 वर्ष, बाहर पुत्र अब्दुल मजीद उम्र 42 वर्ष, परवीन पत्नी बहार उम्र 40 वर्ष इश्तिहार पुत्र अब्दुल मजीद उम्र 21 वर्ष, ओमाईसा सबना पत्नी इश्तहार 19 वर्ष, करीना पुत्री अब्दुल मजीद उम्र 18 वर्ष, वारिस अली पुत्र बहार उम्र 10 वर्ष, मौसम पुत्र बहार उम्र 6 वर्ष, अलमीरा पुत्री बहार 4 वर्ष एवं अब्दुल मजीद के रिश्तेदार एजाज अहमद निवासी लालगंज चौराहा कासिम अली का पुरवा तहसील मुसाफिरखाना जनपद अमेठी शामिल हैं।

# प्रमुख सचिव परिवहन एवं महानिदेशक उत्तर प्रदेश शासन एल वेंकटेश्वर लू की अध्यक्षता में हुई मण्डलीय समीक्षा बैठक



**अयोध्या ।** प्रमुख सचिव परिवहन एवं महानिदेशक उपाम उत्तर प्रदेश शासन एल0 वेंकटेश्वर लू की अध्यक्षता में जनसमस्याओं जनशिकायतों के प्रभावी निस्तारण, विभाग की जनकल्याणकारी योजनाओं, विभागीय लक्ष्यों एवं निर्माणाधीन परियोजनाओं और सड़क सुरक्षा के सम्बंध में मण्डलीय समीक्षा बैठक आयुक्त कार्यालय सभागार में आयोजित की गयी। प्रमुख सचिव ने सर्वप्रथम जनशिकायतों के निस्तारण की जानकारी प्राप्त की तथा निर्देश दिये कि शिकायतों का निस्तारण गुणवत्ता पूर्ण किया जाय। उन्होंने विद्युत विभाग के कार्यो की समीक्षा करते हुये कहा कि जनपद में लाइन लास की घटनाओं में कमी लायी जाय और विद्युत संसाधनों के सद्उपयोग के लिए सभी कालेजों तथा अन्य माध्यमों से लोगों को जागरूक किया जाय। उन्होंने कहा कि अवैध बिजली कनेक्शन बंद कराने तथा बकाया बिजली बिलों को जमा कराने हेतु सभी अधिकारी व कर्मचारी जमीनी स्तर पर कार्य करें। सिंचाई विभाग के कार्यो की समीक्षा करते हुये उन्होंने कहा कि वर्तमान में बाढ़ की स्थिति को देखते हुये बाढ़ आने के पूर्व ही सभी तैयारियां पूर्ण कर ली जाय। जहां पर चेक डैम बनाने की आवश्यकता हो वहां चेकडैम बना लिया जाय। यह सुनिश्चित किया जाय कि चेक डैम बनाने में बेहतर तकनीकी एवं उच्च गुणवत्ता की सामग्री का उपयोग किया जाय।उन्होंने निराश्रित गो-आश्रय स्थल में चारे की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिये तथा कहा कि नोडल अधिकारी निरन्तर गो-आश्रय स्थलों का निरीक्षण करते रहे। इसके पश्चात उन्होंने सड़क सुरक्षा के विषय में मण्डल में कराये गये कार्यो आदि की जानकारी प्राप्त की तथा कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए निरन्तर प्रयास किये जाय तथा मण्डल के सभी डिग्री कालेजों में छात्रों को सड़क सुरक्षा के विषय में गोष्ठि आदि के माध्यम से जागरूक किया जाय तथा विद्यालयो के एनसीसी ट्रेनरों को बुलाकर उनको भी सड़क सुरक्षा के विषय में जागरूक किया जाय तथा इसकी महत्ता के बारे में बताया जाय, जिससे वे बच्चों को भी जागरूक कर सकें और ट्राफिक पुलिस को भी सड़क सुरक्षा के विषय में जागरूक किया जाय। प्रमुख सचिव ने कहा कि सभी जिलों में सड़क सुरक्षा के विषय में कराये जा रहे कार्यो की नियमित मॉनीटरिंग की जाय। उन्होंने कहा कि गुड समेरिटन लॉ के अन्तर्गत घायलों की सहायता करने वाले व्यक्तियों के लिए परिवहन विभाग द्वारा प्रोत्साहन धनराशि प्रदान किये जाने की व्यवस्था है, जिसके अन्तर्गत अधिक से अधिक लोगो को प्रोत्साहित किया जाय।उन्होंने निर्देश दिए कि सड़कों के सोल्डर का निर्माण ठीक ढंग से किया जाय जिससे की दुर्घटनाओं में कमी लायी जा सकें। बैठक में संयुक्त विकास आयुक्त अरविन्द चन्द्र जैन द्वारा मण्डल में कराये जा रहे विकास कार्यो के प्रगति की एवं मण्डल में सड़क सुरक्षा के विषय में कराये जा रहे कार्यो की बिन्दुवार प्रस्तुतीकरण सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन अयोध्या मण्डल श्रीमती ऋतु सिंह ने किया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अयोध्या श्रीमती अनिता यादव, अपर आयुक्त न्यायिक राजेन्द्र प्रसाद त्रिपाठी, अपर जिलाधिकारी प्रशासन अमित सिंह, उप परिवहन आयुक्त लखनऊ परिक्षेत्र सहित सम्बंधित विभाग के मण्डलीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# भगवान भोलेनाथ की कृपा से ही बनता है कावड़ यात्रा उठाने का संयोग- राजेश पाण्डेय

**अयोध्या।** सावन मास के पवित्र माह में भगवान भोले नाथ की पूजा विधि विधान पूर्वक करने से सारे पुण्य की प्राप्ति होती हैं द्य भगवान भोले नाथ की कृपा अपने भक्तों पर अवश्य होती है उक्त बातें श्री अयोध्या तीर्थ पुरोहित धर्माथ सेवा ट्रस्ट अयोध्या के अध्यक्ष राजेश पाण्डेय ने श्रावण मास पर सभी भक्तों को शुभकामनाएं देते हुए कही।श्री पाण्डेय ने कहा कि अयोध्या में आने वाले सभी भक्तों शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अयोध्या जैसे पावन धाम जिसकी महिमा हर जगह है जहाँ पर एक बार दर्शन कर लेने के बाद , भगवान भोले नाथ की कृपा हो जाती हैं और उसके समस्त पाप जन्म जन्मांतर बन जाता हैं।अयोध्या धाम से माँ सरयू का पवित्र जल से भगवान भोले नाथ का जलाभिषेक का शास्त्रों में विशेष रूप से महत्व हैं।भगवान श्रीराम जी की अयोध्या नगरी का अपना एक महत्व है।जहाँ सभी नागेश्वर नाथ जी की दिव्य पूजा अर्चना का वर्णन किया गया है द्य अयोध्या मे एकादशी के दिन से ही कवाड की शुरुआत हो जाती द्य "अवध पुरी मम पुरी सुहावन, उत्तर दिशि बह सरयू पावन" अयोध्या मे लाखों की संख्या में श्रदालु पहुँच गए हैं और माँ सरयु में स्नान ध्यान करके श्री राम जन्मभूमि, भगवान श्री हनुमान जी का दर्शन और अन्य मंदिरों का भी दर्शन करने के साथ लोग यहाँ से कांवड लेकर अपने अपने क्षेत्र में प्रस्थान कर रहे हैं।

**स्थापना दिवस** भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान परिषद नई दिल्ली का 95 वां स्थापना दिवस

## भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद का स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया




**आवेश अंसारी जिला ब्यूरो।** गोंण्डा शुभ भास्कर आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कुमारगंज अयोध्या के अधीन संचालित कृषि विज्ञान केंद्र मनकापुर गोंडा में आज दिनांक 16 जुलाई 2023 दिन रविवार को भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान परिषद नई दिल्ली का 95 वां स्थापना दिवस आज धूमधाम से मनाया गया । इस अवसर पर एक किसान गोष्ठी आयोजित कर कृषकों को खेती की तकनीकी जानकारी दी गई । स्थापना दिवस स्थापना दिवस में मुख्य अतिथि बीके उपमा बहन ने कृषक गोष्ठी का शुभारंभ किया । उन्होंने कृषकों से वैज्ञानिक खेती करने का आह्वान किया । डॉ. पीके मिश्रा प्रभारी अधिकारी कृषि विज्ञान केंद्र मनकापुर ने कृषकों की दुगनी आय हेतु फलदार वृक्षों के रोपण को जरूरी बताया । उन्होंने बताया कि फलदार वृक्षों से पर्यावरण सुरक्षित रहता है । फलों से विटामिन, खनिज लवण आदि मिल जाते हैं । डॉ.रामलखन सिंह वरिष्ठ वैज्ञानिक शस्य विज्ञान ने धान की रोपाई में अंतरण दूरी, खाद एवं उर्वरक प्रबंध, खरपतवार प्रबंधन, दलहनी तिलहनी फसलों में गंधक के प्रयोग एवं महत्त्व, प्राकृतिक एवं जैविक खेती की जानकारी दी । उन्होंने बताया कि धान की रोपाई में प्रति वर्ग मीटर 45 से 50 पूजा होना चाहिए । प्रत्येक स्थान पर दो स्वस्थ पौधों का रोपण करना चाहिए । धान रोपाई के 10 से 12 दिन बाद मृत पौधों के स्थान पर नए पौधों की रोपाई करें । धान की फसल में यूरिया की टाप ड्रेसिंग के स्थान पर नैनो यूरिया का पर्णीय छिड़काव ज्यादा लाभकारी है । उन्होंने बताया कि नैनो यूरिया की 4 मिलीलीटर मात्रा को प्रति लीटर पानी में घोल बनाकर खड़ी फसल में छिड़काव करना चाहिए । डॉ अजीत सिंह वत्स वरिष्ठ वैज्ञानिक फसल सुरक्षा ने फसलों में रासायनिक दवाओं की संस्तुत मात्रा के प्रयोग पर बल दिया । उन्होंने बताया कि अंधाधुंध रासायनिक दवाओं के प्रयोग से मानव एवं पशु पक्षियों का स्वास्थ्य खराब होने के साथ-साथ पर्यावरण प्रदूषित हो रहा है । इसको बचाने की नितांत आवश्यकता है । डॉ. मनोज कुमार सिंह उद्यान वैज्ञानिक ने फलदार वृक्ष के पुराने बागों के जीर्णोद्धार पर बल दिया । उन्होंने बताया कि पुराने बागों के जीर्णोद्धार से अच्छी फलत प्राप्त होती है । इस अवसर पर उपस्थित कृषकों को आंवला अमरूद नींबू करौंदा आदि फलदार वृक्षों का निशुल्क वितरण किया गया । मुख्य अतिथि बीके उपमा बहन ने पर्यावरण की सुरक्षा हेतु वृक्षारोपण को जरूरी बताया तथा कृषि विज्ञान केंद्र के प्रांगण में आंवला के पौधे का रोपण कर वृक्षारोपण का संदेश दिया । उन्होंने उत्तम स्वास्थ्य के लिए खान-पान, नियमित व्यायाम एवं प्राणायाम को जरूरी बताया ।

## सिंधी सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**अयोध्या।** सुचेता कृपलानी किस राज्य की मुख्यमंत्री थी, पतंग,चाकू, नागपंचमी व मुल्तानी मिट्टी को सिंधी मे क्या कहते हैं आदि सिंधियत से जुडे बीस सवालो को सिंधी सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता मे पूछे गये जिसका जवाब प्रतिभागियों ने बड़ी सूझबूझ से दिया

प्रतियोगिता में 105 महिलाओं ने भाग लिया प्रतियोगिता का आयोजन उत्तर प्रदेश सिंधी युवा समाज ने किया था रामनगर कालोनी स्थित संत नवलराम दरबार में पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया मुख्य अतिथि विश्व सिंधी सेवा संगम के अध्यक्ष हरीश मध्यान, विशिष्ट अतिथि महिला विंग की अध्यक्ष नीलम मध्यान, सेवा संगम के कोषाध्यक्ष गोपाल चावला व महिला विंग की महासचिव कशिश चावला ने विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए सभी अतिथियों ने कहा कि सिंधियत की लौ को जलाए रखने के लिए घरो मे सिंधी भाषा में बोलना व रसोईघर मे सिंधी व्यंजनों को बनाना और सिंधी खेलो को जिंदा रखना होगा

प्रथम पुरस्कार कोमल लखमानी, द्वितीय पुरस्कार कनक चैनानी, आरती चंदानी व हिमाशी लखमानी तृतीय पुरस्कार शालिनी राजपाल, हर्षा हासानी,राधा उतरानी रागिनी चंदानी और सांत्वना पुरस्कार गीत हासानी, अनन्या माखेजा,जानवी वलेशाह,नीलम राहेजा, लक्ष्मी संगतानी,छाया संगतानी व अंजलि माखेजा को दिया गया अध्यक्षता समाजसेवी सुरेश भारतीय व संचालन ओमप्रकाश ओमी ने किया सभी पुरस्कार आरती केशवानी के सहयोग से रहे।

## स्कॉर्पियो ने बाइक सवार को मारी टक्कर दो लोगों मौत



**मिल्कीपुर**- अयोध्या।थाना कुमारगंज क्षेत्र के अयोध्या रायबरेली राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित पिठला चौराहे के पास जगदीशपुर की ओर से रांग साइड से आ रही तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने अयोध्या की ओर से जगदीशपुर की ओर जा रहे बाइक सवार दो लोगों को समाने से इतना जबरदस्त टक्कर मारा की दोनों के परखच्चे उड़ गए। दोनों घायलों को सौ शैय्या संयुक्त चिकित्सालय कुमारगंज ले गए जहां पर तैनात डॉ विकास यादव ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचना भी दे दी है।प्राप्त जानकारी के अनुसार सिमोर थाना गाजीपुर जनपद फतेहपुर निवासी भूरा पुत्र तुर्राब व अबरार पुत्र इमाम खां अयोध्या की ओर से जगदीशपुर की ओर मोटरसाइकिल एचएफ डीलक्स यूपी 42ए वाई 0157 से जा रहे थे। जैसे ही वे पिठला चौराहे के निकट पहुंचे ही थे के हलियापुर की ओर से रॉन्ग साइड से आ रही तेज रफ्तार स्कॉर्पियो यूपी 42 ए एक्स 2500 ने समाने से इतना जबरदस्त टक्कर मारा की भूरा व अबरार के परखच्चे उड़ गए भीषण दुर्घटना देख स्थानीय लोग भी मौके पर पहुंच गए स्कार्पियो चालक स्कॉर्पियो छोड़कर भागने का प्रयास किया लेकिन स्थानीय लोगों ने दौड़ाकर पकड़ लिया।घटना की सूचना पर पहुंचे प्रभारी निरीक्षक थाना कुमारगंज संजीव सिंह चौकी प्रभारी एनडीए संतोष मौर्या ने पुलिस फोर्स एवं स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को उपचार के लिए सौ शैय्या अस्पताल ले गए, जहां इमरजेंसी में तैनात डॉ विकास यादव ने दोनों लोगों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने दोनों मृतकों के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## दिलीप राम त्रिपाठी को नया प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत किया गया



**अयोध्या ।** अखिल भारतीय चाणक्य परिषद की राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक सतीश पाण्डेय की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में परिषद के उन्यन विकास हेतु विस्तृत चर्चा की गई। परिषद की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने के लिए अर्थ समिति का गठन किया गया। गाँव पंचायत से लेकर प्रदेश स्तर तक के सभी पदाधिकारियों को बदलने का निर्णय लिया गया और दिनेश कान्त पाण्डेय को प्रदेश अध्यक्ष पद से हटा दिया गया और दिलीप राम त्रिपाठी को उनके स्थान पर प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत किया गया। परिषद ने दिलीप राम त्रिपाठी को निर्देशित किया है कि एक महीने के अन्दर प्रदेश के समस्त जनपद एवं समस्त विकास खण्डों का गठन करके शीर्ष नेतृत्व को अवगत करावें तथा साथ ही प्रदेश कमेटी का गठन कर प्रपत्र राष्ट्रीय नेतृत्व को उपलब्ध करावें साथ ही त्रिपाठी को यह भी निर्देशित किया गया है कि जनपद में 31 अगस्त को होने वाले उपाक्रम श्रावणी के कार्यक्रम को पूर्व की भाँति विधिवत सम्पन्न करावें तथा जनपदवार सदस्यता अभियान का कार्यक्रम जोर-शोर से चलाया जाय। साथ ही साथ विधि प्रकोष्ठ, युवा प्रकोष्ठ एवं महिला प्रकोष्ठ तथा मीडिया सेल का गठन कर शीर्ष नेतृत्व को सूची उपलब्ध करावें । विधि प्रकोष्ठ जिला प्रभारी जनपद अयोध्या देव प्रकाश मिश्र एडवोकेट को बनाया गया है। मनोनीत अध्यक्ष दिलीप राम त्रिपाठी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में पूर्व प्रमाणिकता के साथ अखिल भारतीय चाणक्य परिषद ने लड़कियों की शादी समाज में बीमार लोगों का इलाज व समाज की समस्याओं को का निराकरण भी करा रही है। अखिल भारतीय चाणक्य परिषद ब्राह्मणों के आन मान सम्मान के लिए संकल्पबद्ध है।बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित रहे राष्ट्रीय संरक्षक राम अनुज तिवारी, राष्ट्रीय अध्यक्ष रामनारायण शुक्ल, राष्ट्रीय महामंत्री आचार्य राधेश्याम मिश्र, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सतीश पाण्डेय, संजीव चतुर्वेदी राष्ट्रीय प्रवक्ता जयप्रकाश तिवारी राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य, गगन आचारी, क्षीरेश्वर दत्त मिश्र कोषाध्यक्ष, इन्द्रमणि मिश्र, काशीनाथ तिवारी, रमाकान्त तिवारी, राजेन्द्र तिवारी, भावनी भीख पाण्डेय,डॉ जयगुरूदेव शुक्ला, प्रियव्रत चतुर्वेदी, प्रदीप कुमार द्विवेदी बंगाली द्विवेदी आदि राष्ट्रीय कार्य समिति के सदस्य मौजूद रहे।

## समाजवादी शिक्षक सभा निवर्तमान कमेटी की बैठक सम्पन्न हुई



**अयोध्या ।** समाजवादी शिक्षक सभा निवर्तमान कमेटी की बैठक पार्टी कार्यालय लोहिया भवन गुलाबबाड़ी पर सम्पन्न हुई जिसमें मुलायम सिंह यादव शिक्षक सम्मान 2022-23 के चयन समिति के गठन हेतु नि0 जिलाध्यक्ष दान बहादुर सिंह की अध्यक्षता में बैठक आहूत की गई। मुलायम सिंह यादव शिक्षक सम्मान के संस्थापक पूर्व मंत्री तेजनारायण पाण्डेय पवन हैं। उनके नेतृत्व में शिक्षक सभा कार्यक्रम को आयोजित करती है। बैठक को सम्बोधित करते हुए शिक्षक सभा के नि0 जिलाध्यक्ष दान बहादुर सिंह ने कहा कि 2012 से मुलायम सिंह यादव शिक्षक सम्मान शिक्षक दिवस की पूर्व संध्या पर अनवरत दिया जाता रहा है। गत वर्षो की भॉति इस वर्ष भी 05 शिक्षक/शिक्षिकाओं को पार्टी कार्यालय लोहिया भवन गुलाबबाड़ी पर 04 सितम्बर को अपराह्न 1.00 बजे प्रदान किया जायेगा। सपा जिला प्रवक्ता चौ0 बलराम यादव ने बताया कि शिक्षक सभा के नि0 जिलाध्यक्ष दान बहादुर सिंह ने सर्वसम्मति से 11 सदस्यीय चयन समिति का गठन किया। चयन समिति के सदस्यों में डा0 घनश्याम यादव, संत प्रसाद मिश्रा, विमल सिंह यादव, तहसीलदार सिंह, दलसिंगार गौड़, प्रदीप कुमार तिवारी, अमर नाथ सिंह, डा0 हनुमान प्रसाद मिश्रा, जय प्रकाश चौरसिया, सत्य प्रकाश, अशोक साहनी को शामिल किया गया। श्री सिंह ने बताया कि सम्मान के इच्छुक प्राथमिक से उच्च शिक्षा तक के शिक्षक/शिक्षिकायें अपना बायोडाटा पार्टी कार्यालय अथवा व्हाट्सअप नं0-9415716324 पर भेज सकते हैं जो बायोडाटा प्राप्त होंगे उन पर चयन समिति विचार करके रिपोर्ट देगी। इसकी घोषणा 20 अगस्त के पश्चात की जायेगी, जो बायोडाटा कमेटी के पास विगत वर्षो में आये थे वे कमेटी के पास सुरक्षित हैं। नये पुराने सब पर चयन समिति विचार करेगी। बैठक की अध्यक्षता शिक्षक सभा के नि0 जिलाध्यक्ष दान बहादुर सिंह व संचालन नि0 महासचिव डा0 घनश्याम यादव ने किया। कार्यक्रम के अन्त में शिक्षक के समस्याओं को लेकर भी चर्चा हुई जिसमें माध्यमिक विद्यालयों में सन् 2000 के बाद नियुक्त शिक्षकों का वेतन एक वर्ष से सरकार हठधर्मिता के कारण नहीं मिल रहा है। शिक्षक हित को ध्यान में रखकर सरकार वेतन भुगतान करे।

## ख़ास ख़बर

# स्वास्थ्य सहियाओं का विगत 4 महीने से मानदेय का भुगतान लंबित, आंदोलन ही एकमात्र रास्ता



**दैनिक शुभ भास्कर/कुंडहित(जामताड़ा)**/रविवार को मुख्यालय स्थित पुराना प्रखंड कार्यालय परिसर में स्वास्थ्य सहिया संघ की बैठक आयोजित की गई। जिसमें स्वास्थ्य सहियाओं के लंबित मानदेय भुगतान को लेकर चर्चा किया गया। तथा आगे की रणनीति तैयार की गई। वही बैठक के दौरान कई मुद्दों पर भी चर्चा की गई। इस दौरान संघ की जिला अध्यक्ष मिताली मंडल ने बताया कि कुंडहित प्रखंड के स्वास्थ्य सहियाओं का विगत 4 महीने से मानदेय का भुगतान नहीं हुआ है। इसलिए बैठक आयोजित की गई है। उन्होंने बताया कि बैठक के उपरांत प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी कुंडहित को एक ज्ञापन सौंपा जाएगा। फिर भी अगर मानदेय का भुगतान नहीं होता है तो हम लोग उपायुक्त महोदय को भी ज्ञापन सौंपने का काम करेंगे।

# ग्रामीण जलापूर्ति योजना के पाइप लाइन में लगे भाल्भ चोरी, नाला थाना में दिया गया आवेदन



**दैनिक शुभ भास्कर/सुष्मिता कुमारी/ नाला (जामताड़ा)/** कास्ता एवं धोबना संयुक्त ग्रामीण जलापूर्ति योजना के पाइप लाइन में लगा भाल्भ अज्ञात चोरों के द्वारा चोरी कर ली गई है। इस संबंध में संबंधित स्थल अभियंता आसीफ महमूद तथा संवेदक अभय कुमार सिन्हा ने संयुक्त रूप से थाना में लिखित आवेदन दिया है। इस क्रम में आवेदन में कहा है कि 16 जुलाई को समय लगभग 7:00 बजे पाइप में पानी छोड़ने के क्रम में पता चला कि सारेशकुंडा मोड़ के पास पानी का निकासी हो रहा था। वहां पाइपलाइन में 3 पीस भाल्भ,2-100 एमएम और 1-100 एमएम एयर भाल्भ नहीं था। आवेदन में कहा है कि अज्ञात चोरों के द्वारा बीते रात को बल्ब की चोरी कर ली गई है। उन्होंने बताया कि संबंध में विभाग के कार्यपालक अभियंता को भी लिखित जानकारी दी गई है। थाना में दिए गए आवेदन में उन्होंने अज्ञात चोर के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की है।

# आमबगान मैदान में 8 फुटबॉल टीम लीग मैच में हुआ शामिल



**दैनिक शुभ भास्कर/संवाददाता/मधुपुर/देवघर/**मधुपुर देवघर जिला फुटबॉल संघ के तत्वावधान मे रविवार से पुरुष वर्ग के लिए आठ टीमों को लेकर लीग मैच शुरू किया गया ।पहला मैच रघुनाथपूर वनाम पंदनिया के बीच खेला गया। जिसमें रघुनाथपुर तिन गोल से विजयी रहा। तथा दुसरा मैच मधुपुर एफ0सी वनाम वाई0एस0सी चांदमारी के बीच खेला गया जिसमें मधुपुर एफ0सी नो (9)गोल से विजयी रहा। वहीं 23 जुलाई तक चलने वाला यह लीग मैच प्रतिदिन दो मैच खेला जाएगा ।सभी मैच पथरचपटी रोड स्थित आमबगान मैदान में सम्पन्न होगा ।निर्णायक की भूमिका में रवीवार को पहला मैच जितलाल मरंडि,बबलु सोरेन, बिक्रम बास्कि,अनिल मुर्मू थे। जबकि दूसरे मैच के निर्णायक के रुप में शैलेन्द्र मरांडि, विष्णु टूडु, बबलु सोरेन, बिक्रम बास्कि थे।लीग मैच के सफल आयोजन के लिए जिला फुटबॉल संध के उपाध्यक्ष रामचन्द्र झा,सचिव विष्णु टुडू के साथ कोषाध्यक्ष राजेश सोरेन एवं जिला फुटबॉल संध के अध्यक्ष विद्रोह कुमार मित्रा मौजूद थे।

# जामताड़ा में कांग्रेस ने भारत जोड़ों की बात आम जनों के साथ अभियान का किया शुभारंभ

### 16 जुलाई से भारत जोड़ों की बात आम जनों के साथ अभियान की शुरुआत



**दैनिक शुभ भास्कर/मनीष बरणवाल/जामताड़ा/**रविवार16 जुलाई से भारत जोड़ों की बात आम जनों के साथ अभियान की शुरुआत जिले में की जा रही है । जो 05 सितंबर 2023 को शिक्षक दिवस के दिन प्रत्येक जिले के शिक्षकों को सम्मानित करने के उपरांत समाप्त होगा। उक्त बातें जामताड़ा जिला कांग्रेस के अध्यक्ष हरिमोहन मिश्रा ने अपने आवासीय कार्यालय में एक प्रेस कांफ्रेंस आयोजित कर कहीं। मौके पर जामताड़ा जिला कांग्रेस के सभी प्रखंड अध्यक्ष और मंडल अध्यक्ष उपस्थित थे। कांग्रेस जिलाध्यक्ष हरिमोहन मिश्रा ने बताया कि इस अभियान के तहत झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के सभी पदाधिकारी, प्रदेश डेलीगेट जिला एवं प्रखंड कांग्रेस कमिटी के नेता लोगों के घर घर जाकर मिलने का काम करेंगे एवं राहुल जी के भारत जोड़ो यात्रा के उद्देश्यों पर चर्चा करते हुए अपनी तस्वीर को सोशल मीडिया पर शेयर करेंगे ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों के बीच राहुल जी के संदेश को पहुंचाया जा सके। साथ ही मंडल, पंचायत, बूथ स्तर तक संगठन की पूर्णता के कार्य को अंतिम रूप देंगे। इस अभियान का एकमात्र उद्देश्य ये हैं कि भारत जोड़ो यात्रा के दौरान राहुल जी कन्याकुमारी से लेकर काश्मीर तक एक तपस्वी की तरह पूरे देश को जोड़ने की कवायद शुरू की उसे हमें घर घर तक पहुँचाना है। उन्होंने कहा कि आप सब जानते हैं कि जब पूरे भारत में महँगाई बेरोजगारी नफरत चरम पर दिखाई देने लगी तब भारत जोड़ो यात्रा की शुरुआत 7 सितम्बर 2023 में की गई । यात्रा के शुरुआत से ही भाजपा नीत केंद्र सरकार के द्वारा कई तरह के व्यावधान पैदा किए गए और जब भारत जोड़ो यात्रा की सफलता दिखाई देने लगी तब कोरोना का डर दिखाकर और कोरोना का हवाला देकर इस यात्रा को रोकने का प्रयास भी किया गया किन्तु राहुल गांधी जी ना झुके ना डरे ना रूके लगातार चलते रहे। कश्मीर पहुँचने से पहले सुरक्षा का हवाला देकर एक बार फिर उन्हें डराने का प्रयास किया गया किन्तु राहुल गांधी जी अपने गंतव्य तक पहुँचे और जो भारत जोड़ों यात्रा का संदेश देना था उन्होने कन्याकुमारी से लेकर काश्मीर तक लोगों तक पहुँचाने का काम किया। साथ ही साथ उनकी समस्याओं से रूबरू होने का काम किया। भारत जोड़ो यात्रा की सफलता को देखकर भाजपानीत केन्द्र सरकार ने भारत की बुलंद आवाज को कुंद करने का प्रयास शुरू किया। परिणाम स्वरूप संसद की सदस्यता न्यायालय के निर्णय के बाद 24 घंटे के अंदर सदस्यता छीन ली गई। जो स्वतंत्र भारत के इतिहास में पहली बार हुआ। उसके तुरंत बाद मकान खाली कराया गया जो निचता की हद है। उन्होंने बताया कि इस बाबत प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर का निर्देश है कि इस अभियान के तहत जिले के कांग्रेस जन, समाजसेवी, बुद्धिजीवी, शिक्षक एवं पत्रकार मित्र के घर बगैर किसी औपचारिकता एवं तामझान के जाकर भारत जोड़ो यात्रा की बात रखेंगे एवं जिले से संबंधित जन मुद्दों पर बात करेंगे। इस अभियान के तहत सभी विधायकगण अपनी जिले के सास्थ-साथ आस-पास के जिलों में जाकर अभियान के तहत भारत जोड़ो की बात आमजनों के साथ करेंगे। इस दौरान सरकार द्वारा किये जा रहे कार्यों पर भी चर्चा कर यह जानने का प्रयास करेंगे कि और कौने-कौने से जनमुद्दे हैं जो राज्य सरकार के अधिन आते हैं, वैसे जनमुद्दों को प्रदेश कांग्रेस तक पहुंचाने का काम करेंगे ताकि हम उस पर विचार कर सरकार को ऐसे जनमुद्दों से अवगत करायेंगे। राहुल गांधी जी की यात्रा देश की सबसे बड़ी पदयात्रा थी, भारत जोड़ो यात्रा से लाखों लोगों से राहुल गांधी मिले एवं अपनी समस्याओं को रखा। बाद में जब इन्हीं बातों को राहुल मीडिया के माध्यम से सरकार के सामने रखा तो सरकार बौखला गई। नतिजतन राहुल गांधी जी को जो परेशानी उठानी पड़ी उससे पूरा देश अवगत है। तमाम झंझावत के बावजूद राहुल जी आज भी बगैर किसी बात की परवाह किये लगातार लोगों के बीच हैं और उनकी आवाज को बुलंद कर रहे हैं। आज इस अभियान के माध्यम से हम संकल्प ले रहे हैं कि राहुल जी की बातों को आमजनों तक पहुंचाकर राहुल जी को ताकत देने का काम करेंगे।

# पत्रकार समाज कल्याण समिति की मासिक बैठक सम्पन्न, चर्चा



**आवेश अंसारी जिला ब्यूरो/गोण्डा।**शुभ भास्कर रविवार को पत्रकार समाज कल्याण समिति की मासिक बैठक सिंचाई विभाग डाक बंगले में जिलाध्यक्ष नरेन्द्र लाल गुप्ता की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई जिसमें संगठन का विस्तार करते हुए करनैलगंज व मनकापुर जैसी महत्वपूर्ण तहसीलों के अध्यक्ष व अन्य पदाधिकारियों की घोषणा की गयी। इसके साथ ही जिले में लगातार बढ़ रही पत्रकारों के उत्पीड़न की घटनाओं पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति पर व्यापक स्तर पर आंदोलन की भी चेतावनी दी गयी।बैठक को सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष नरेन्द्र लाल गुप्ता ने कहा कि संगठन अब नये अवतार में नजर आएगा। निष्क्रिय लोगों के लिए अब इस संगठन में कोई जगह नहीं है। उन्होंने पत्रकार उत्पीड़न की घटनाओं को चिंताजनक बताते हुए कहा कि हमारा संगठन हर उस पत्रकार के साथ हमेशा कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा रहेगा जो वास्तव में पत्रकार है और खबरों को लेकर उसका उत्पीड़न किया जा रहा है।

### पत्रकारों का उत्पीड़न कतई बर्दाश्त नहीं- नरेंद्रलाल गुप्ता

जिला प्रभारी वरिष्ठ पत्रकार ए आर उस्मानी ने कहा कि चूंकि यूट्यूबर भी प्रिंट एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया की तरह ही क्षेत्रों में जाकर रिपोर्टिंग करते हैं और शासन व प्रशासन उनकी खबरों का संज्ञान भी लेता है, ऐसे में पत्रकार समाज कल्याण समिति उन्हें पत्रकार मानती है और यदि ऐसे लोग संगठन से जुड़ना चाहते हैं तो कुछ शर्तों के आधार पर उनका स्वागत है। इस प्रस्ताव का सभी साथियों ने एक स्वर से समर्थन किया। दीपक श्रीवास्तव ने संगठन की एकता और मजबूती पर बल दिया। सुनील तिवारी ने कहा कि संघे शक्ति कलयुगे। इस दौरान सर्वसम्मति से मनकापुर व करनैलगंज तहसील इकाई के अध्यक्ष तथा कुछ अन्य पदाधिकारियों के नामों की घोषणा की गयी जिसका सभी पदाधिकारियों एवं सम्मानित सदस्यों द्वारा तालियों की गड़गड़ाहट से स्वागत किया गया। इस अवसर पर प्रदीप तिवारी, ओवैश अंसारी, मनोज कुमार श्रीवास्तव, रमजान अली, निरंकार तिवारी, करन सिंह, अमित गर्ग, कुंवर राजेन्द्र सिंह, प्रमोद पाण्डेय, रोहित वर्मा, महेश गोस्वामी, फहीम खान, राकेश गुप्ता, डीएन शुक्ला सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे और सभी ने अपने अपने विचार व्यक्त किए।

# सनबीम स्कूल में छात्रा की मौत के मामले में किशोर को मिली जमानत

**अयोध्या।** शहर के बहुचर्चित सनबीम स्कूल में कक्षा 10 की छात्रा की बिल्डिंग से गिरकर हुई मौत के मामले में किशोर अपचारी को जमानत पर रिहा करने का आदेश कोर्ट से हुआ है।यह आदेश प्रधान न्यायाधीश किशोर न्याय बोर्ड साक्षी सिंह की अदालत से हुआ है।शहर के एक मोहल्ले की रहने वाली विद्यालय की कक्षा 10 की छात्रा की 26 मई को विद्यालय की छत से गिरकर मौत हो गई थी।इसकी एफआईआर पीड़िता के पिता ने सामूहिक दुष्कर्म, हत्या व साक्ष्य छिपाने की धारा में दर्ज कराई थी।इस मामले में जांच के लिए एसआईटी का गठन किया गया था।बाद में पता चला कि दुष्कर्म और हत्या का मामला न होकर यह आत्महत्या का मामला है।गत पांच जून को मामले में विद्यालय के प्रबंधक बृजेश यादव और एक किशोर अपचारी को गिरफ्तार किया गया था।आरोपी बृजेश यादव को गिरफ्तारी के दूसरे दिन ही जमानत पर रिहा कर दिया गया था।वहीं किशोर अपचारी को बाल संरक्षण गृह भेज दिया गया था। उसकी जमानत पर सुनवाई प्रधान न्यायाधीश किशोर न्याय बोर्ड के यहां हुई।सुनवाई के बाद बोर्ड ने उसे जमानत पर रिहा करने का आदेश दे दिया।

# केन्द्र व प्रदेश की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति को मिला




**अयोध्या।** भाजपा द्वारा 17 से 19 जुलाई के मध्य विशेष सम्पर्क अभियान चलाया जायेगा। जिसमें प्रत्येक घर व शैक्षणिक संस्थाओं में सम्पर्क करके मिस्ड काल के माध्यम से पार्टी की सदस्यता लोगो को ग्रहण करानी है। इस अभियान को लेकर सहादतगंज स्थित भाजपा कार्यालय में जिले व महानगर की बैठक का आयोजन किया गया। जिले की बैठक को सम्बोधित करते हुए सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि राष्टहित सर्वोपरि की विचारधारा से जनता खुद को जोड़कर देख रही है। केन्द्र व प्रदेश की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति को मिला है। जिससे आम जनता में उत्साह का माहौल है। मिस्ड काल अभियान को गति प्रदान करने की जिम्मेदारी प्रत्येक कार्यकर्ता की है। विशेष सम्पर्क अभियान के तहत स्वयं की समीक्षा करते हुए अपने लक्ष्य को पूरा करना है। जिलाध्यक्ष संजीव सिंह ने बताया कि घर घर व शैक्षणिक संस्थाओं में सम्पर्क करके उसकी फोटो सरल एप व नमो एप पर अपलोड करना है। विशेष सम्पर्क अभियान की मानीटरिंग जिला स्तर पर की जायेगी। 17 जुलाई से तीन दिवसीय अभियान में सभी को सक्रियता बढ़ानी होगी। इस अभियान में सभी जनप्रतिनिधि व वरिष्ठ कार्यकर्ता, जिला पदाधिकारी, मोर्चो व मण्डलों के पदाधिकारी, शक्तिकेन्द्र संयोतक, बूथ अध्यक्ष व बूथ पदाधिकारियों को घर घर सम्पर्क करके मिस्ड काल करानी है। इस अवसर पर कोऑपरेटिव चेयरमैन धर्मेंद्र सिंह टिल्लू महा जनसंपर्क अभियान के लोकसभा संयोजक ओम प्रकाश सिंह पूर्व जिला अध्यक्ष कमला शंकर पांडे जिला महामंत्री राधेश्याम त्यागी राघवेंद्र पांडे अशोक कसौधन मनोज वर्मा जिला उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार पांडे अखंड सिंह शिव गोविंद पांडे धर्मेंद्र सिंह पिछड़ा आयोग सदस्य रघुनंदन चौरसिया बासुदेव मौर्य गोकर्ण द्विवेदी ब्लाक प्रमुख पवन सिंह कप्तान सिंह जिला पंचायत सदस्य सुनील सिंह राजपूत उपस्थित रहे।

# गोसाईगंज रेलवे स्टेशन पर पीआरएस आरक्षण टिकट के समय बढ़ाये जाने की मांग

**अयोध्या।** गोसाईगंज के समाजसेवी जगदीश कुमार जायसवाल ने रविवार को अम्बेडकरनगर सांसद रितेश पान्डेय के अम्बेडकर नगर मुख्यालय स्थित आवास पर उनके न मौजूदगी मे उनके प्रतिनिधि अरविन्द तिवारी को एक ज्ञापन देकर गोसाईगंज रेलवे स्टेशन पर पीआरएस आरक्षण टिकट के समय बढ़ाये जाने की मांग की है !दिए गए मांग पत्र मे श्री जायसवाल ने दर्शाया हैं कि अयोध्या कैंट-अकबरपुर रेल प्रखंड स्थित अयोध्या धाम क्षेत्र के प्रमुख व्यवसायिक नगर गोसाईगंज रेलवे स्टेशन पर संचालित पीआरएस का समय महकमे द्वारा प्रातः 11:30 बजे से शाम 5:30 बजे तक मात्र 6 घंटा निर्धारित किया गया है !जबकि यूटीएस टिकट काउंटर अलग होने के बावजूद यहाँ पीआरएस काउंटर के लिए 4 विभागीय कर्मी तैनात है !गोसाईगंज रेलवे स्टेशन पर चौतरफा बीसो किमी0 परिधि के लोग प्रतिदिन आरक्षण टिकट बुक निरस्त कराने आते है !लेकिन मात्र 6 घंटा पीआरएस का समय निर्धारित होने के कारण दूरदराज से आरक्षण कराने आए लोगों का लाइन में लगने के बाद भी समय समाप्ति होने पर जब आरक्षण टिकट नहीं मिलता हैं तो वें भारी मन से निराश होकर लौट जाते है !सबसे ज्यादा दिक्कत तो उन रेल यात्रियों को होती है जिनको सुबह शामसेम डे की ट्रेनों का आरक्षण निरस्त कराना होता है !इसके लिए उन्हें धन एवं समय दोनों बर्बाद कर 40 किलोमीटर का चक्कर लगाकर अन्यत्र जाना पड़ता है !जब कि बरसों से क्षेत्रीय नागरिकों द्वारा गोशाईगंज स्टेशन पर आरक्षण का समय प्रातः 8 बजे से रात 8 बजे (12घंटे)तक करने की मांग बराबर विभाग से की जाती रही है !परंतु खेद है कि आज तक लोगों को यह सुविधा नहीं मिली !आरक्षण का समय प्रातः 8 बजे से रात 8 बजे तक कर देने से जहां आरक्षणकर्ताओं को लाभ होगा वही फलस्वरुप विभागीय आय मे भी भारी वृद्धि होंगी !सांसद प्रतिनिधि अरविन्द तिवारी ने बताया कि सांसद रितेश पांडे मंगलवार क़ो आएंगे !उनके आते ही श्री जायसवाल का पत्र उनको देकर जल्द से जल्द गोसाईगंज रेलवे स्टेशन पर पीआरएस की सुबिधा 12 घंटे के लिए बहाल कारवाई जाएगी ! इस दौरान श्री जायसवाल के साथ नगर पंचायत सभासद प्रतिनिधि दिनेश जयसवाल,विजय कुमार वर्मा, मुजफ्फर आफ़ाक़ मौजूद थे !

# वृक्ष लगाकर संरक्षित करना जरूरी- अरुण सिंघल

**अयोध्या।**मां शांति सेवा फाउंडेशन बेनीगंज द्वारा आयोजित पौधरोपण कार्यक्रम साकेत महाविद्यालय परिसर में किया गया। जिसमे पक्षी एवं बंदरों के भोजन के लिए अमरूद आंवला सहित कई पौधों का रोपण किया गया, संस्था संरक्षक अरुण कुमार सिंघल, चंद्र प्रकाश चौधरी, संस्थापक बसंत राम के नेतृत्व में सदस्य विनय प्रकाश मौर्य, विजय कुमार श्रीवास्तव, संजीव कुमार यादव,पत्रकार सुबोध श्रीवास्तव सहित अन्य सदस्यों ने संयुक्त रूप से पौधरोपण किया ।संस्था के संरक्षक अरुण सिंघल ने कहा कि वृक्ष जीवन का महत्वपूर्ण अंग है वृक्ष लगाने के साथ वृक्ष को संरक्षित करना अत्यंत जरूरी है। इसी क्रम में संस्था के संरक्षक चंद्र प्रकाश चौधरी ने कहा कि जीवन के लिए शुद्ध हवा जरूरी है। संस्था के संस्थापक बसंत राम ने बताया कि संस्था प्रत्येक वर्ष बरसात में वृक्षारोपण कार्यक्रम करता है। कोरोना महामारी में ऑक्सीजन की वजह से लोगों ने अपनों को खोया है वह घड़ी फिर ना आए ऐसे में हम सबको अभी से सचेत होकर वृक्ष लगाना जरूरी है। सांसे हो रही है कम आओ वृक्ष लगाए हम। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों का संस्था अध्यक्ष नेहा कुमारी ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

**बैठक** — गांधी मैदान के समीप टिफिन बैठक का आयोजन किया गया

# भाजपा जामताड़ा जिला इकाई द्वारा टिफिन बैठक का किया आयोजन




**दैनिक शुभ भास्कर/मनीष बरणवाल/ जामताड़ा/** रविवार को गांधी मैदान के समीप भाजपा जामताड़ा जिला इकाई के द्वारा टिफिन बैठक का आयोजन किया गया। इसके बाद सोमवार से विशेष जनसंपर्क अभियान चलाया जाएगा। जिसमें जिले के विद्यार्थियों शिक्षकों एवं श्रमिकों से संपर्क कर उन्हें मोदी सरकार की उपलब्धियां बताई जाएगी। इस बैठक में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के वरिष्ठ नेता वीरेंद्र मंडल उपस्थित थे। भाजपा के वरिष्ठ नेता वीरेंद्र मंडल ने कहा कि जामताड़ा भाजपा जिला इकाई के द्वारा टिफिन बैठक का आयोजन किया गया। सभी भाजपा पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं के द्वारा अपने-अपने घरों से लाए गए टिफिन भोजन को एक दूसरे से साझा करते हुए। भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी गण के द्वारा पूर्व में 1 महीने तक चले महा जनसंपर्क अभियान के अनुभव को साझा किया।

मिशन 2024 की चर्चा करते हुए मोदी सरकार की उपलब्धियों को प्रत्येक व्यक्ति एवं परिवार तक पहुंचाने पर भी विशेष चर्चा हुई। सोमवार से विशेष जनसंपर्क अभियान के तहत जिले भर के शिक्षकों विद्यार्थियों एवं श्रमिकों के बीच देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी के जन कल्याणकारी योजनाओं महत्वाकांक्षी योजनाओं को पहुंचाया जाएगा। 17 से 19 तक चलने वाले विशेष जनसंपर्क अभियान के तहत जिले के स्कूल एवं कॉलेज पर भी विशेष फोकस रहेगा। टिफिन बैठक कार्यक्रम का आयोजन जिला अध्यक्ष सोमनाथ सिंह की अध्यक्षता में की गई। मौके पर मुख्य रूप से भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष अनूप पांडे, भाजपा नगर अध्यक्ष पिंटू गुप्ता, भाजपा जिला उपाध्यक्ष सुकुमार सरखेल, भाजपा जामताड़ा ग्रामीण अध्यक्ष रंजीत राणा, वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता मोहन लाल बर्मन, मुन्ना मंडल, श्यामल मंडल ,सीताराम दे, नागेश्वर मंडल , अशोक मंडल, मुकेश यादव, प्रदीप राउत, चंदन राउत, बबीता राउत , लखींद्र सिंह, बृजेश राउत समेत तमाम भाजपा कार्यकर्ता गण एवं पदाधिकारी गण उपस्थित थे।

# स्काउट विंग यानी क्यूब मास्टर्स और रोवर स्काउट लीडर्स हेतु राज्य स्तरीय उन्नत प्रशिक्षण आयोजित



**दैनिक शुभ भास्कर/संवाददाता/मधुपुर/ देवघर/** मधुपुर शहर के 52 बीघा स्थित डीटीसी स्काउट एंड गाइड प्रशिक्षण केंद्र में ईस्टर्न रेलवे भारत स्काउट्स एंड गाइड्स स्टेट एसोसिएशन द्वारा स्काउट विंग यानी क्यूब मास्टर्स, स्काउट मास्टर्स और रोवर स्काउट लीडर्स के लिए राज्य स्तरीय उन्नत प्रशिक्षण पाठ्यक्रम का आयोजन 16 से 22 जुलाई 2023 तक किया जा रहा है। जिसमें 28 क्यूब मास्टर्स, 34 स्काउट्स शामिल हैं। पूर्वी रेलवे के अंतर्गत विभिन्न जिला संघों के मास्टर्स और 20 रोवर स्काउट लीडर पूरे उत्साह के साथ भाग ले रहे हैं। पाठ्यक्रमों को सुचारू रूप से चलाने में मदद करने के लिए तीन संबंधित अनुभागों के लिए कुल मिलाकर 16 स्टाफ सदस्य मौजूद हैं। पाठ्यक्रम संभुनाथ सेनगुप्ता, एलटी (सी) और क्यूब मास्टर्स के लिए एलओसी, संजीब शा, एसओसी (एस) और एएलटी (एस) जो स्काउट मास्टर्स के लिए एलओसी हैं और संजय प्रकाश शर्मा के गतिशील नेतृत्व में आयोजित किए जा रहे हैं। रोवर स्काउट लीडर्स के लिए एएलटी (आर) और एलओसी और श्री सुभासिस सरकार, एसटीसी (एस) के बेहद सक्षम पर्यवेक्षण और मार्गदर्शन के तहत शिविर का शुभारम्भ 16 जुलाई 2023 को ध्वज समारोह द्वारा किया गया।

ध्वज समारोह के दौरान, सुभासिस सरकार, एसटीसी (एस) ने पाठ्यक्रम प्राधिकरण को संबंधित एलओसी को सौंप दिया और इससे पाठ्यक्रम का उद्घाटन हुआ। पाठ्यक्रम के यह सात दिवसीय आवासीय मॉड्यूल प्रतिभागियों को अपने स्काउटिंग कौशल का यथासंभव सर्वोत्तम उपयोग करने में मदद करेंगे और प्रतिभागी परीक्षण के दौरान जो कुछ भी सीखेंगे, उसे जमीनी स्तर के माध्यम से लागू करेंगे।

मुद्रक स्वामी प्रकाशक सुनील कुमार मिश्रा द्वारा शुभ लाभ प्रिंटर्स मावली उदयपुर स्थानीय संपादक मो0 शरफे आलम बिहार, झारखण्ड मो0- 7764978689 - 8804707324
सह संपादक : उमेश कुमार, 96259 58256 दैनिक शुभ भास्कर, RNI UP HIN/ 2015/64737, पी आरबी एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु जिम्मेदार सभी न्याय क्षेत्र उदयपुर राजस्थान होगा।

## ख़ास ख़बर

# प्रखंड के प्रभारी अंचलाधिकारी द्वारा एक युवती ने शादी का झांसा देकर व यौन शोषण का लगाया आरोप


**ललन कुमार/ दैनिक शुभ भास्कर/ मरौना ,सुपौल/**जिले में मरौना प्रखंड के प्रभारी अंचलाधिकारी द्वारा एक युवती से शादी का झांसा देकर यौन शोषण किए जाने का एक सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। मामले का उजागर तब हुआ जब युवती द्वारा दिए गए बयान का वीडियो वायरल हुआ। युवती का कहना है कि मैं पटना में 64 वी बीपीएससी की तैयारी कर रही थी। इसी दौरान मुझे किसलय कुमार जो मरौना में प्रभारी अंचलाधिकारी के पद पर कार्यरत है से एक कोचिंग में पढ़ने के दरमियान मुलाकात हुई।बीपीएससी की तैयारी में मैथली की नोट के लिए हम से सम्पर्क किया। धीरे- धीरे वह नोट के बहाने हर रोज हमारे रुम आने लगा।एक दिन पेप्सी में नशा मिलाकर पिला दिया जिससे मैं बेहोश हो गई। बेहोशी की हालात में मेरे साथ यौन शोषण किया। दूसरे रोज सुबह आठ बजे किसलय कुमार जब पुनः मेरे यहां पहुँचा तो मैं उससे कहा कि यह तुमने क्या किया। मैं पुलिस में कम्प्लेन करूंगी।उन्होंने हमसे क्षमा मांग लिया।कहा कि गलती हुआ उसे भूल जाओ ।मै तुमसे शादी करने के लिए तैयार हूं। फिर आपस मे हम लोगो ने अपने शादी के लिए घरवालों से बातचीत की।किसलय कुमार के घर वाले भी इस शर्त पर राजी हो गए की पहले तुम लोग बीपीएससी कंप्लीट करो फिर शादी कर देंगे।इधर किसलय कुंमार का रिजल्ट क्लियर हो गया।वह इंटरव्यू के बाद वहां से निर्मली आ गया। लेकिन हम लोगो की बात होती रही।जब शादी की बात आई तो मुकर रहे हैं। जिसकी जानकारी मिलते ही मैं निर्मली नगर पहुंचकर हकीकत से रूबरू हुए।इस बीच हमे किसलय कुमार ने कहा कि गार्जियन नही बात मान रहे है। निर्मली थाना अध्यक्ष से मिलकर मामले को लेकर प्राथमिकी दर्ज करने का गुहार लगाई।प्रशासनिक अधिकारी को भी इसकी जानकारी दी गई। लेकिन किसी ने भी हमें मदद करने के लिए तैयार नहीं है। अगर हमें न्याय नहीं मिला तो मैं अपनी जान दे दूंगी। पूछने पर थानाध्यक्ष पंकज कुमार ने बताया कि पीड़ित युवती निर्मली थाना आई थी। आवेदन प्राप्त नहीं होने के कारण प्राथमिकी दर्ज नहीं की गई है।

# सड़क मार्ग पर एक अनियंत्रित ऑटो सड़क के नीचे जा गिरा जिसमे ऑटो चालक हुआ गंभीर रूप से जख्मी



**डॉ बिनीत शेखर/दैनिक शुभ भास्कर ,निर्मली ,सुपौल/**जिले में मरौना प्रखंड के परिकोच गांव के पास सड़क मार्ग पर एक अनियंत्रित ऑटो सड़क के नीचे जा गिरा. जिससे ऑटो चालक गंभीर रूप से जख्मी हो गए. जिसके बाद घटना की आवाज सुनते ही घटनास्थल पर लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी .जिसके बाद आनन-फानन में लोगों के द्वारा ऑटो चालक को अनुमंडलीय अस्पताल निर्मली में भर्ती कराया गया. जहां उपस्थित डॉक्टर सौरभ सुमन के के द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया. जहाँ गंभीर रूप से जख्मी ऑटो चालक को बेहतर इलाज के लिए सदर सुपौल रेफर कर दिया गया. वहीं गंभीर रूप से जख्मी ऑटो चालक की पहचान मधुबनी जिले के दोहा-राम गांव निवासी मोहम्मद मूसा उद्दीन के पुत्र मोहम्मद मुतकिम बताया गया है.

# गेहू के बिछड़ा उखाड़ने के क्रम में एक लड़की हुई सर्प दंस के शिकार



**डॉ बिनीत शेखर/ दैनिक शुभ भास्कर, निर्मली ,सुपौल/** जिले में प्रखण्ड क्षेत्र के दिघिया गांव में खेत में गेंहू के बिछड़ा उखाड़ने के दौरान एक लड़की सर्प दंश का शिकार हो गई. जिसके बाद आनन फानन में परिजनों के द्वारा सर्पदंश से जख्मी लड़की को अनुमंडलीय अस्पताल निर्मली में भर्ती कराया गया जहां उपस्थित डॉक्टर सौरभ सुमन के द्वारा प्राथमिक उपचार कर सदर अस्पताल सुपौल रेफर कर दिया गया. सर्पदंश से जख्मी दिघिया गांव निवासी राजकुमार पासवान की पुत्री रीना कुमारी के रूप में बताया गया है. जो अपने खेत में गेंहू की बिछड़ा उखाड़ रही थी इसी दौरान गेंहू के बिछड़े में छिपे सर्प ने लड़की के हाथों में काट लिया जिससे लड़की जख्मी हो गई और परिजन घबरा गए.

# विधानमंडल में दिए गए जबाब के अनुरूप संघ से वार्ता कर समस्याओं का समाधान करे सरकार- पंकज सिंह





**सोनू भगत/दैनिक शुभ भास्कर, छातापुर, सुपौल/**जिले के छातापुर प्रखंड अंतर्गत धरना-प्रदर्शन में शामिल होने की वजह से शिक्षकों को निलंबित करने की कार्रवाई के विरुद्ध बिहार पंचायत-नगर प्रारंभिक शिक्षक संघ और माध्यमिक शिक्षक संघ का संयुक्त बैठक माध्यमिक शिक्षक संघ भवन सुपौल में माध्यमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष दिलीप कुमार मेहता की अध्यक्षता और जिला उपाध्यक्ष श्रवण के संचालन में सम्पन्न हुआ। बैठक में मौजूद कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष पंकज कुमार सिंह ने कहा कि धरना प्रदर्शन में शामिल होने की वजह से शिक्षकों को निलंबित करना पुरी तरह गलत है।

अपने मांगों को लेकर शांतिपूर्ण ढंग से धरना-प्रदर्शन करने की स्वतंत्रता भारत के सभी नागरिकों का मौलिक अधिकार है,जिसे कोई भी छीन नही सकता है। कहा कि मानसून सत्र के दौरान सरकार द्वारा सदन में दिए गए जबाब के अनुरूप पूर्व से बहाल सभी नियोजित शिक्षकों को अध्यापक नियमावली 2023 के तहत सामंजन हेतू संघीय प्रतिनिधियों के साथ अविलंब वार्ता की तिथि निर्धारित कर समस्याओं का समाधान

**शिक्षकों पर निलंबन की कार्रवाई गलत- पंकज सिंह बिना शर्त राज्यकर्मी घोषित नही किया गया,तो विद्यालयों में होगी तालाबंदी- पंकज सिंह**

करें। कहा कि वादे के मुताबिक सरकार बिना शर्त राज्यकर्मी का दर्जा घोषित करने में आनाकानी करती है,तो 78 हजार प्रारंभिक माध्यमिक में ताला लटका दिया जाएगा। माध्यमिक शिक्षक संघ के सचिव सुरेन्द्र यादव ने कहा कि अधिकारियों द्वारा असंवैधानिक पत्र जारी कर शिक्षकों को निलंबित करना दुर्भाग्यपूर्ण है।

कहा कि जिनके ऊपर संविधान बचाने की जिम्मेदारी है,वही कानून का उल्लंघन कर रहे हैं। इस मौके पर जिला संरक्षक सुनील कुमार यादव, जिला कोषाध्यक्ष अनिल कुमार, जिला उपाध्यक्ष श्रवण चौधरी, गोविन्द मंडल, जिला सचिव बिनोद कुमार यादव, शमीउल्लाह, एहतेशामूल हक, परमानंद प्रभाकर, परमेश्वर कुमार, राजीव झा, राजीव कुमार रंजन, बदरे आलम, बीरेन्द्र मंडल, अमित सिंह, अरबिंद यादव, श्री प्रसाद विश्वास, पवन मंडल, परमेश्वर राम, रोशन राज, मुमताज आलम, अशोक ठाकुर, अमरदीप यादव, महाबीर मंडल, दिनेश कुमार दिनकर, मीराज खालिक आदि मौजूद थे।

# पिकअप गाड़ी ने बाइक सवार को मारी टक्कर, बाइक पर सवार एक की मौत दो घायल





**अमरेश कुमार/दैनिक शुभ भास्कर,पिपरा,सुपौल/** जिले में पिपरा थाना क्षेत्र के एनएच 327 ई पर पिपरा में हीरो शोरूम समीप में पिकअप वैन और बाइक सवार की आमने-सामने टक्कर हो गई। जिसमे बाइक सवार एक युवक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई है, जबकि बाइक पर सवार एक बच्ची और एक बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल है। जिसे इलाज के लिए सीएचसी पिपरा भेजा गया है।जानकारी मिली है कि कटैया के बथनाहा निवासी मोहमद जमाल अपने संबंधी जो फुलपरास थाना इलाके के गोबरगम्मा निवासी महेबूर रहमान और एक 7 वर्षीय बच्ची जहाना खातून के साथ बाइक से त्रिवेणीगंज थाना क्षेत्र के मटकुरिया में सादी समारोह में जा रहे थे, उसी दौरान पिपरा त्रिवेणीगंज रोड में हीरो शोरूम समीप त्रिवेनीगंज की ओर से आ रही एक तेज रफ्तार पिकअप वैन ने सामने से बाइक सवार को जोडदार टक्कर मार दी।

जहां घटनास्थल पर महेबुर रहमान का मौत हो गई, टक्कर इतनी जबरदस्त थी की बाइक की परखच्चे उड़ गए, और पिक अप वेन एक घर में घुस गया। घटना में बाइक पर सवार एक युवक की घटनास्थल पर मौत हो गई, और बाइक पर सवार एक बच्ची और एक बुजुर्ग बुरी तरह जख्मी हो गए। जिसके बाद राहगीरों ने घायल को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पिपरा पहुंचाया। जहां अस्पताल में मोजूद डॉक्टर द्वारा प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए दोनो घायलों को हायर सेंटर रेफर कर दिया है।घटना की सूचना पिपरा पुलिस भी मौके पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया और घटना की जांच में जुट गई है।

# बाइक की ठोकर से एक बच्चे की मौत





**ललन कुमार/ दैनिक शुभ भास्कर/मरौना,**जिले के मरौना निर्मली मुख्य सड़क स्थित बरोमोतर गांव के वार्ड दो में शनिवार की देर शाम एक बाइक सवार ने एक पांच वर्षीय मासूम बच्ची को ठोकर मार दी। जिससे मासूम बच्चे को गम्भीर चोटे आई ।जिसे परिजनों के सहयोग से पीएचसी मरौना लाया गया। जहां नाजुक स्थिति को देखते हुए प्रार्थमिक उपचार के बाद दरभंगा रेफर कर दिया गया। जंहा इलाज की दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक के माँ ने बताया बुधवार की शाम मेरा पांच वर्षीय पुत्र धर्मेंद्र कुमा घर के बगल में सड़क के किनारे खेल रहा था उसी दौरान गांव के युवक निर्मली की ओर से तेज रफ्तार में आया और धर्मेंद्र कुमार को ठोकर मार दिया।घटना को लेकर मृतक के परिजनों में चीख पुकार मची हुई है। घटना को लेकर मृतक के परिजन ने मरौना थाना में एक लिखित आवेदन दिया है। पूछने पर मरौना थानाध्यक्ष कृष्ण कुमार ने बताया शव को पोस्टमार्टम के बाद मृतक के परिजन को सौंप दिया गया है। आगे की करवाई की जा रही है।

# कोशि नदी के तांडब से 20 परिवार का घर कट कर नदी हुआ बिलिन



**सरोज कुमार/दैनिक शुभ भास्कर, किशनपुर, सुपौल/**जिले में किसनपुर प्रखंड क्षेत्र के मौजहा पंचायत के बुढ़िया डीह के वार्ड नंबर 08 में कोशी नदी के तांडव से 20 परिवारों का घर कटकर नदी में विलीन हो गया है। जिसको लेकर रविवार को पंचायत के मुखिया अमर कुमार चौधरी के द्वारा 20 पिरित परिवार के बीच पॉलिथिन का वितरण किया गया है। मौके पर पिड़ित परिवार प्रमेश्वरी यादव,सचिदानंद यादव,सुखदेव यादव,विनोद यादव, मुखो यादव,विद्यानंद यादव,मुनेश्वर यादव,श्रीराम यादव,संतोष यादव,उमेश यादव,प्रदीप यादव,इंद्रजीत यादव,देवनारायण यादव,विजय यादव,विजेंद्र यादव,श्याम यादव,रणवीर यादव,विष्णु सदा,श्याम महतो शामिल था। वही पंचायत के मुखिया अमर कुमार चौधरी ने कहा की अभी बाढ़ का समय आया है मेरे पंचायत में ऐसे बहुत से घर है जो कोशी के तट पर है कभी भी कोशी में शमा सकता है। हम हमेशा प्रयास करते है की कोशी नदी से जो परेशान है उसके परेशानी को हर संभव दूर किया जाएगा।

# एस.एस. बी. बाह्य सीमा चौकी कटैया ने संयुक्त गस्त ड्यूटि के दौरान अवैध नेपाली शराब को किया जब्त



**अभिषेक आनन्द/ दैनिक शुभ भास्कर ,वीरपुर,सुपौल/** जिले में वीरपुर अनुमंडल अंतर्गत एस.एस. बी. 45 बटालियन की बाह्य सीमा चौकी कटैया (भीमनगर) , बिहार पुलिस के साथ संयुक्त गस्त ड्यूटि के दौरान नेपाल भारत अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर अवैध रूप से नेपाल से भारत लाये जा रही नेपाली शराब को जब्त किया । जानकारी देते हुए 45 वाहिनी के कार्यवाहक कमांडेंट श्री जगदीश कुमार शर्मा (द्वितीय कमान अधिकारी) ने बताया कि विश्वसनीय सूत्रों के माध्यम से सूचना मिली थी कि सीमा स्तम्भ संख्या 207/09 के पास से अवैध सामान की तस्करी होने वाली है, सूचना की विश्वसनीयता देखते हुये तस्करों को पकड़ने के लिए एस.एस. बी. के उप निरीक्षक तेनजिंग के साथ 04 अन्य एवं बिहार पुलिस के उप निरक्षक जयआनंदन कुमार एवं एक अन्य पुलिस कर्मी का एक संयुक्त गस्त दल का गठन किया गया और चिन्हित स्थान के पास गस्त करने लगा । कुछ समय उपरांत गस्त दल के द्वारा एक लावारिस बोरी की बरामदगी की गई। बोरी की तलाशी ली गयी जिसमें नेपाली शराब दिलवाले की 300 बोतल (300 मि.ली. प्रत्येक) 90 लिटर शराब पायी गयी । तथपश्चात घटना स्थल पर विधिवत तरीके से जब्ती की कागजी कार्यवाई पूरी की गयी तथा जब्त शराब को ओ पी भीमनगर सुपौल बिहार के सुपुर्द किया गया ।

# पिपरा में जड़ी बूटी दुकान के आगे से दिन दहाड़े बाइक की हुई चोरी




**अमरेश कुमार/दैनिक शुभ भास्कर,पिपरा,सुपौल/**जिले में पिपरा थाना क्षेत्र के पिपरा बाजार स्तिथ सुभाष चौक समीप एक दुकान के आगे से दिनदहाड़े बाइक की चोरी होने का मामला सामने आया है। इस बाबत पीड़ित प्रभा जड़ी-बूटी दुकानदार बबलू कुमार ने थाने में आवेदन देकर कहा है कि वह दुकान पर ग्राहकों को सामान दे रहे थे।इसी दौरान दिन दहाड़े उसके दुकान के आगे लगी बाइक हीरो होंडा स्प्लेंडर प्लस गाड़ी चोरी हो गई है।चोरी हुई गाड़ी का न बीआर 19 क्यू 5993 बताया गया है। दिनदहाड़े हुई इस चोरी की घटना से आसपास के दुकानदार दहशत में है।मामले के संबंध में थानाध्यक्ष बिनोद कुमार सिंह ने बताया कि आवेदन मिला है और पुलिस जांच में जुट गई है।

**जब्त** — 330 बोतल अवैध नेपाली शराब के साथ दो मोटर साइकिल को जप्त किया

# एस एस बी सीमा चौकी सिमरी घाट ने अवैध नेपाली शराब के साथ दो मोटर साइकिल को किया जप्त



**अभिषेक आनन्द /दैनिक शुभ भास्कर ,वीरपुर ,सुपौल** ।जिले में वीरपुर अनुमंडल अंतर्गत एस एस बी 45वीं बटालियन की सीमा चौकी सिमरी घाट के नाका दल ने ड्यूटि के दौरान 330 बोतल अवैध नेपाली शराब के साथ दो मोटर साइकिल को जप्त किया। जानकारी देते हुए 45वीं बटालियन के कार्यवाहक कमांडेंट, श्री जगदीश कुमार शर्मा , (द्वितीय कमान अधिकारी) ने बताया कि विश्वसनीय सूत्रों के माध्यम से सूचना मिली थी कि सीमा स्तम्भ संख्या 220 के क्षेत्र से स्पर संख्या 2160 के पास नेपाल से भारत की तरफ प्रतिबंधित समान की तस्करी होने वाली हैं। सूचना की पुष्टि करने के उपरांत तस्करों को पकड़ने के लिए एक नाका दल का गठन किया गया 7 स.उप. नि. मोले देवनाथ एवं 03 अन्य कार्मिकों का नाका दल चिन्हित स्थान के लिए रवाना हुआ।चिन्हित स्थान पर नाका दल सतर्कता के साथ ड्युटी करने लगा 7 कुछ समय उपरांत नाका दल द्वारा देखा गया कि स्पर संख्या 2160 के पास दो संदिग्ध मोटरसाइकल सवारों को नाका दल द्वारा ललकारे जाने पर उक्त दोनों व्यक्ति मोटरसाइकल छोड़ कर नदी के रास्ते नेपाल प्रभाग की तरफ फरार हो गया 7 तत्पश्चात मोटरसाइकल पर रखे सामान की तलाशी ली गयी तलाशी के दौरान मोटरसाइकल पर रखी बोरी में नेपाली शराब दिलवाले की 330 बोतल (300 Ml प्रत्येक)= 99 लीटर प्राप्त हुई । जिसे नाका दल द्वारा जब्त किया गया । आवश्यक कागजी कार्यवाई के उपरांत जब्त की गई शराब तथा दोनों मोटरसाइकल संख्या BR5OT-9258, RJ14HE2578 को मध निषेध भीमनगर, सुपौल बिहार के सुपुर्द किया गया ।

# उत्तरप्रदेश के बदायूं में शिक्षक संतपाल सिंह राठौर के स्मृति दिवस पर छातापुर की शिक्षिका कुमारी अनु साह हुई सम्मानित





**सोनू भगत/दैनिक शुभ भास्कर,, छातापुर ,सुपौल/**जिले में छातापुर प्रखंड अंतर्गत उत्तरप्रदेश के बदायूं में शिक्षक संतपाल सिंह राठौर के स्मृति दिवस के अवसर पर उनके पुत्र हरिप्रताप सिंह राठौर ने भारत के सभी राज्यों के उत्कृष्ट नवाचारी शिक्षकों को एक मंच पर सम्मानित किया।

जिसमे बिहार के सुपौल जिले के छातापुर प्रखंड की भी एक प्राइमरी स्कूल की शिक्षिका कुमारी अनु साह को भी सम्मानित किया गया । कुमारी अनु साह छातापुर प्रखंड के भीमपुर पंचायत के एक प्राइमरी स्कूल में शिक्षिका के पद पर कार्यरत है और वह नवाचारी शिक्षिका के रूप में विख्यात है ।

संसाधन के अभाव में भी वह बेहतरीन शिक्षा देकर बच्चों के बीच काफी लोकप्रिय है। उनके इस सम्मान प्राप्त करने पर उनके परिजनों के साथ- साथ शिक्षकों में भी हर्ष व्याप्त है । सभी उनकी इस उपलब्धि पर काफी खुश है और बधाइयां दे रहे हैं। ज्ञात हो कि कुमारी अनु साह को गत वर्ष दिसंबर में भी गुजरात की संस्था टीम मंथन ने उसे राष्ट्रीय गौरव शिक्षक सम्मान से सम्मानित किया था

## खास ख़बर

# नवादा इंटरनेशनल फ़िल्म फेस्टिवल के लिए खगड़िया में बनी फ़िल्म "प्रस्थान" चयनित

**ANA/Indu Prabha/**खगड़िया। कनाडा में परचम लहराने के बाद दिनों दिन कामयाबी मिल रही है खगड़िया में बनी हिन्दी शॉर्ट फ़िल्म "प्रस्थान" को। नवादा इंटरनेशनल फ़िल्म फेस्टिवल फोर्थ सीज़न 2023 के लिए फ़िल्म "प्रस्थान" का चयन कर लिये जाने से खगड़िया का मान फिर से बढ़ गया। उक्त बातें, मीडिया से शेयर करते हुए फ़िल्म "प्रस्थान" के कलाकार डॉ अरविन्द वर्मा ने कहा इसके पूर्व भी इस फ़िल्म का चयन कनाडा के फिल्म फेस्टिवल में किया गया था। सच पूछिए तो खगड़िया के कलाकारों द्वारा अभिनीत इस फ़िल्म की ख्याति बढ़ रही है। जैसे जैसे जानकारी मिल रही है, कलाकारों का हौसला भी बढ़ रहा है। आगे डॉ वर्मा ने कहा फ़िल्म "प्रस्थान" के निदेशक हैं टी पी जालान और कैमरामैन हैं मुंबई के कृष्णा पाण्डेय। फ़िल्म की शूटिंग विगत जनवरी 2023 में ही हुई थी। फ़िल्म के प्रमुख कलाकार हैं टी पी जालान, संजू सोलंकी, डॉ अरविन्द वर्मा, सीमा चंद्रा, अंजनी किशोर, कुणाल सिंह, संजय शर्मा, नवीन गोयनका आदि।

# जिरौल के किसानों ने पटवन के लिए किया फाटक का मांग



**हरलाखी से संवाददाता/ दीपक कुमार साह की रिपोर्ट/ हरलाखी/**प्रखंड अंतर्गत जिरौल गॉव के ग्रामीणों ने नहर में फाटक देने की मांग में कार्यपालक अभियंता कार्य प्रमंडल पश्चिमी कोसी नहर बेनीपट्टी को आवेदन दिया है. दरअसल ग्रामीण रामफल यादव, राम विलिक्षण शर्मा, रामकुमार यादव,रामनंदन प्रसाद, राजवीर यादव, रामदेव यादव,कपिलदेव साह,राघवेंद्र प्रसाद, विल्ट यादव,जिमेदार यादव,मांझी यादव,उत्तम प्रसाद यादव,रामसुदीश यादव,उपेन्द्र साफी, अरुण कुमार यादव, रमन यादव, विष्णु कुमार यादव, शंकर शर्मा, देवचन्द्र शर्मा, महेंद्र मुखिया,आनंद कुमार समेत दर्जनों किसानों का मांग है कि जिरौल गांव पश्चिमी टोल के समीप एक पुलिया है जहां कमला नहर कोसी में मिलती है. उक्त पुलिया में फाटक नही होने से आसपास के कई गांवों के किसानों को पटवन में परेशानी होती है.

# समय पर टीकाकरण नही होने से लंगड़ा बुखार से पशुओं की हो गयी मौत



**हरलाखी से संवाददाता/ दीपक कुमार साह की रिपोर्ट/** मधुबनी। हरलाखी प्रखंड क्षेत्र के बौरहर पंचायत के अंतर्गत जिरौल गांव मे रविवार के दिन समय पर लंगड़ा नामक बीमारी के टीकाकरण नही होने से मेघनाथ यादव उर्फ (लेख यादव) वार्ड नंबर 6 निवाशी का भैंस मर गई। घर के बगल में एक वृक्ष के नीचे बथान पर भैंस बंधी हुई हुआ था जब वह भैस को चारा खिलाने गया तो देखा कि भैस का पूरा शरीर गर्म से टप रहा है और जब वह चारा खिलाने के कोशिश किया तो एकाएक देखा उस पार से उस गिर गया। वही पर ग्राम पंचायत बौरहर के मुखियापति मनोज कुमार पहुंच कर उन्हें सांत्वना दी एवं पशु चिकित्सक, अंचल अधिकारी से बात कर इन्हें उचित मुआवजा दिलाने की मांग की ताकि गरीब किसान को कुछ राहत मिल सके।

# सिंधी सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**अयोध्या।** सुचेता कृपलानी किस राज्य की मुख्यमंत्री थी, पतंग,चाकू, नागपंचमी व मुल्तानी मिट्टी को सिंधी मे क्या कहते हैं आदि सिंधियत से जुडे बीस सवालो को सिंधी सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता मे पूछे गये जिसका जवाब प्रतिभागियों ने बड़ी सूझबूझ से दिया प्रतियोगिता में 105 महिलाओं ने भाग लिया प्रतियोगिता का आयोजन उत्तर प्रदेश सिंधी युवा समाज ने किया था रामनगर कालोनी स्थित संत नवलराम दरबार में पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया मुख्य अतिथि विश्व सिंधी सेवा संगम के अध्यक्ष हरीश मध्यान, विशिष्ट अतिथि महिला विंग की अध्यक्ष नीलम मध्यान, सेवा संगम के कोषाध्यक्ष गोपाल चावला व महिला विंग की महासचिव कशिश चावला ने विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए सभी अतिथियों ने कहा कि सिंधियत की लौ को जलाए रखने के लिए घरो मे सिंधी भाषा में बोलना व रसोईघर मे सिंधी व्यंजनों को बनाना और सिंधी खेलो को जिंदा रखना होगा प्रथम पुरस्कार कोमल लखमानी,द्वितीय पुरस्कार कनक चैनानी, आरती चंदानी व हिमाशी लखमानी तृतीय पुरस्कार शालिनी राजपाल, हर्षा हासानी,राधा उतरानी रागिनी चंदानी और सांत्वना पुरस्कार गीत हासानी, अनन्या माखेजा,जानवी वलेशाह,नीलम राहेजा, लक्ष्मी संगतानी,छाया संगतानी व अंजलि माखेजा को दिया गया अध्यक्षता समाजसेवी सुरेश भारतीय व संचालन ओमप्रकाश ओमी ने किया सभी पुरस्कार आरती केशवानी के सहयोग से रहे।

# राम कृष्ण सेवा फाउन्डेशन के कैम्प में बनें 31 महादानी

**रक्तदाता प्रत्यक्ष है भगवान- राजमणि यादव**

**अयोध्या।**राम कृष्ण सेवा फाउन्डेशन के तत्वावधान में एक दिवसीय रक्तदान शिविर का आयोजन जिला चिकित्सालय अयोध्या में किया गया जिसमें 31 रक्तदाता रक्तदान कर महादानी बनें।रक्तदान शिविर में मुख्य अतिथि के रुप में जिला पंचायत सदस्य राज मणि यादव व विशिष्ट अतिथि के रुप में अन्नपुर्णा रसोई के महासचिव व उद्यमी मुन्ना गुप्ता जी उपस्थित रहें।रक्तदाताओं का उत्साह वर्धन करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा की रक्तदाता प्रत्यक्ष रुप से भगवान है, जिनके खून से मरीजों को जीवनदान मिलता है।

विशिष्ट अतिथि ने इस रक्तदान शिविर को जरूरतमंद लोगों के लिए वरदान बताया।

अन्नपुर्णा रसोई के प्रबंधक राजेश चौबे जी ने कहा कि रक्तदान को कलयुग का सबसे पुनीत व नेक कार्य है। संस्था अध्यक्ष आकाश गुप्त ने बताया कि संस्था के उद्देश्य हर जरूरतमंद को ब्लड मुहैया कराना है और अभी तक संस्था द्वारा साढ़े पांच हजार मरीजों को ब्लड मुहैया कराया जा चूका है। रक्तदान करने वालो में विशाल गुप्ता, रजनी छेत्री, विकास सोनकर, अधिकता आशीष मांझी, मो अकरम, अमन मिश्र, सपना सिंह, मुन्ना गुप्ता, शैलेंद्र पाठक, पंचराम, सुनील मौर्य, सचिन कुमार, प्रमोद कुमार, इंद्रपाल सिंह, फौजी संदीप यादव, अखिलेश शुक्ला, अर्शी अब्बास, रोहिताश चंद राजू, उत्तम गुप्ता, शुभम् सोनी, शिखर पांडेय, राम जी श्रीवास्ताव, भानु प्रकाश, अभय प्रकाश श्रीवास्तव, चंद्र शेखर राणा, अमित कुमार पाल, पुरेंद्र सिंह, विपिन कुमार व अन्य रहे।

संस्था की ओर से सभी रक्तदाताओं को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया व रक्तदान कराने मेंरामू प्रजापति, विष्णु पांडेय, ममता खत्री, घनश्याम वर्मा जी का योगदान रहा। इस मौके पर अंतराष्ट्रीय कवि ताराचंद तन्हा, शशि रावत,अशीष कौर, इंद्र प्रीत सिंह बेदी, राहुल कुमार, कायस्थ पल्लवी वर्मा, अंशिका सिंह, आश्चर्य दीपक गुप्ता, व अन्य रहे।

# सामूहिक दुष्कर्म मामले में पुलिस ने नामजद दोनों आरोपियों को किया गिरफ्तार

**अयोध्या।** नगर कोतवाली क्षेत्र निवासी एक नाबालिग छात्रा को बरगलाकर अपने जाल में फंसा उसके धर्मांतरण के प्रयास और सामूहिक दुष्कर्म मामले में पुलिस ने नामजद दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों और पीड़िता को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजवाया है।

गौरतलब है कि काफी जद्दोजहद और आला अधिकारियों से शिकायत के बाद घटना के दो दिन बाद महिला थाना पुलिस ने पीड़िता के पिता की शिकायत पर हसनू कटरा निवासी खालिद अंसारी और शिवम यादव के खिलाफ केस पंजीकृत किया था। शिकायत में आरोप था कि एक कॉलेज की छात्रा फरियादी की 16 वर्षीय पुत्री की पढ़ाई के दौरान शिवम यादव से जान पहचान हुई और शिवम ने पुत्री की मुलाकात हसनू कटरा निवासी खालिद अंसारी से कराई।गिफ्ट देकर अपने जाल में फंसाने के बाद खालिद उसे मजार, मस्जिद और मौलानाओं के पास ले गया तथा पवित्र जल जमजम पिला उसे पवित्र करने का झांसा दिया गया। जिसके बाद निकाह की बात कही गई तथा दोनों ने कई बार पुत्री से दुष्कर्म किया। आरोप यह भी था कि शादीशुदा कई बच्चो के पिता खालिद की कोशिश धर्मांतरण करवा पुत्री को बेंचने की थी। केस दर्ज कर विवेचना में जुटी पुलिस ने दोनों नामजद आरोपियों को नियावां चौराहे के पास से गिरफ्तार किया है।

# अवध विवि में अंजनी कुमार मिश्र ने कुलसचिव का कार्यभार ग्रहण किया

**अयोध्या।** डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल की मौजूदगी में रविवार को अंजनी कुमार मिश्र ने विश्वविद्यालय में कुलसचिव का कार्यभार ग्रहण किया। विश्वविद्यालय के कौटिल्य प्रशासनिक भवन में उत्तर प्रदेश शासन लखनऊ, उच्च शिक्षा विभाग के आदेशानुसार पूर्वाह्न अंजनी कुमार मिश्र ने विश्वविद्यालय में कुलसचिव का कार्यभार ग्रहण किया है। इससे पहले अंजनी मिश्र छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर में परीक्षा नियंत्रक व एनसीटीई नई दिल्ली में उप सचिव के पद पर भी कार्यरत रहे। रविवार को उन्होंने विश्वविद्यालय में कुलसचिव का कार्यभार ग्रहण किया। बताते चले कि विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक उमानाथ शासन के निर्देश पर 01 जुलाई 2020 से अबतक विश्वविद्यालय में कुलसचिव के पद पर कार्यरत रहे है। विश्वविद्यालय में कुलसचिव के पद आसीन होने पर अंजनी कुमार मिश्र को विश्वविद्यालय के वित्त अधिकारी पूर्णेन्दु शुक्ल, परीक्षा नियंत्रक उमानाथ, उपकुलसचिव दिनेश कुमार मौर्य, सहायक कुलसचिव डॉ0 रीमा श्रीवास्तव व मो0 सहील सहित विश्वविद्यालय के शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने बधाई दी।

# जिले के खिलाड़ियों ने प्रथम झारखंड राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में जीते 3 पदक




**साहिबगंज-** झारखंड राज्य एथलेटिक्स एसोसियेशन, रांची एवं बोकारो जिला एथलेटिक्स संघ के तत्वधान में 15 से 16 जुलाई तक बोकारो के चंदन क्यारी स्पोर्टस कांप्लेक्स में आयोजित प्रथम झारखंड राज्य स्तरीय जूनियर अंडर 18, 20 वर्ष आयु वर्ग बालक, बालिका चैंपियनशिप में साहिबगंज जिला एथलेटिक्स संघ के तत्वधान में भाग लेते हुए जेवलिन थ्रो में नीरज कुमार यादव ने 18 वर्ष आयु वर्ग, शिवम कुमार ने 20 वर्ष आयु वर्ग में एवं बालिका 18 वर्ष आयु वर्ग 400 मीटर दौड़ में सुहाना प्रवीन ने कई पदक जीता। ज्ञातव्य हो जिले से कुल 10 एथलीट भाग ले रहे थे जहां अन्य एथलीटों का प्रदर्शन भी सराहनीय रहा।

इस मौके पर चंदन क्यारी में कोच योगेश यादव, अशोक कुमार, टीम मैनेजर निमाइ चौधरी, तकनीकी पदाधिकारी मनोज कुमार उपस्थित थे। उधर जिले के खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर उपायुक्त रामनिवास यादव, पुलिस अधीक्षक अनुरंजन किस्पोट्टा, जिला खेल पदाधिकारी अमित कुमार, जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष राजेश कुमार, सचिव माधव चंद्र घोष, कल्याण श्रीवास्तव, संतोष टिंकू समेत जिले के खेलप्रेमियों ने बधाई दी है।

# विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल का पंचायत से गांव स्तर तक करें विस्तार- देवी सिंह, प्रांत मंत्री




**बोरियो-** विश्व हिन्दू परिषद और बजरंग दल का जिलास्तरीय बैठक रविवार को सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बोरियो के प्रांगण में आयोजित किया गया। जहां इस बैठक में प्रांत मंत्री देवी सिंह, जिला मंत्री गोपीचन्द्र साह, विभाग मंत्री कालीचरण मंडल, जिला संयोजक करण सिंह यादव, सुरक्षा प्रमुख अर्जुन यादव, बोरियो नगर मंत्री किशोर ठाकुर की उपस्थिति में बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बैठक में विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल कमेटी को मजबूती प्रदान करने के लिए ग्रामीण क्षेत्र में संगठन का विस्तार करने का निर्णय लिया गया। इसके साथ ही बैठक में मुख्य अतिथियों के द्वारा संबोधन में कहा गया कि विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल पंचायत स्तर से गांव स्तर तक संगठन को मजबूती प्रदान करें तथा इससे युवाओं को जोड़कर संगठन की जानकारी दें। इस अवसर पर बैठक में नगर संयोजक रजनीश साह, सह संयोजक अरुण ठाकुर, रितेश मंडल, प्रचार प्रसार प्रमुख सम्राट, सेवा प्रमुख विजय शर्मा, गौरक्षा प्रमुख विष्णु मोदी, रोहित पंडित, अनुप दास, शिवम, सुभाष पांडेय, ध्रुव कुमार, कश्यप, बरहरवा से गोपालचंद साहा, अशोक कुमार राम, प्रमोद कापरी, फुलचंद्र मोहली, भोला साहा, अभय पांडे, रजनी कुमारी, पुनम कुमारी, प्रियांशु कुमारी सहित कई लोग उपस्थित थे।

# सुनीता सैनी व सुनीता सोनी होगी वर्ष 2023 के संतरा देवी बागड़ी स्मृति सावित्री बाई फुले शिक्षिका पुरस्कार से सम्मानित





**लक्ष्मणगढ़।**वर्ष 2023 के संतरा देवी बागड़ी स्मृति सावित्री बाई फुले शिक्षिका पुरस्कार की चयन समिति ने घोषणा कर दी है। यह जानकारी देते हुए आयोजन समिति के सज्जन कुमार बबेरवाल, झाबरमल सिंगोदिया व महेंद्र चुनवाल ने बताया कि शिक्षिका सुनीता सैनी धर्मपत्नी कमलेश कुमार सैनी व सुनीता सोनी धर्मपत्नी पवन कुमार सोनी को सावित्री बाई फुले शिक्षिका सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। सैनी वर्तमान में राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय पिपली लक्ष्मनगढ में शिक्षिका के पद पर कार्यरत हैं। जबकि सोनी राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय न.2 लक्ष्मनगढ में शिक्षिका के पद पर कार्यरत हैं। उन्होंने बताया कि चयन समिति में सात सदस्यीय चयन समिति में व्याख्याता जेपी सिंगोदिया, व्याख्याता दिलीप चुनवाल, व्याख्याता प्रमोद भभैवा, व्याख्याता सतीश राकसिया, शारीरिक शिक्षक रामस्वरूप बबेरवाल, शिक्षक सुशील चुनवाल व रतनलाल भभैवा शामिल थे। उन्होंने बताया कि 24 जुलाई को सैनी भवन में आयोजित बागड़ी की नवीं पुण्यतिथि पर आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में सम्मानित किया जाएगा।

# मृतिका के पिता ने रविवार को थाने में आवेदन देकर दहेज हत्या का केस कराया दर्ज

**शुभ भास्कर संवाददाता बेतिया विनोद कुमार,**साठी थाना क्षेत्र के धर्मपुर गांव से 14 जुलाई 2023 को पुलिस ने घर के धरण से लटकता हुआ एक विवाहिता के शव को बरामद किया था। इस मामले में मृतिका के पिता ने रविवार को थाने में आवेदन देकर दहेज हत्या का केस दर्ज कराया है। अपने दिए गए आवेदन में मृतिका सविता देवी के पिता प्रेम चंद्र शर्मा ग्राम सनसरैया थाना मुफसील बेतिया ने बताया है कि मैं अपनी बेटी सविता की शादी 6 वर्ष पहले साठी थाना क्षेत्र के धर्मपुर निवासी श्याम सागर शर्मा से की। शादी के बाद श्याम सागर शर्मा अपनी कमाई का पूरा पैसा अपने भाई के परिवार पर खर्च करता था। इसी बीच मेरी बेटी अपने पति और उसकी भौजाई के बीच पूर्व से चल रहे अनैतिक संबंध का विरोध करती रही। इस पर हमारे दमाद एवं उनके भाई राम सागर शर्मा, प्रेम सागर शर्मा, शिव सागर शर्मा एवं तीनों की पत्नियां मिलकर हमारी बेटी के ऊपर एक मोटरसाइकिल एवं पांच लाख रुपए दहेज मांगने का दबाव बना रहे थे और मेरी बेटी के विरोध करने पर उसके साथ मारपीट करते थे। इसी बीच एक बेटी पैदा हुई तो उन लोगों का अत्याचार और प्रतारण बढ़ता गया। मैं कई बार सुलह समझौता कराने का प्रयास किया। एक सोची समझी साजिश के तहत दमाद विदेश चला गया और वहां से मोबाइल पर मेरी बेटी को भदी भदी गाली देने लगा। उसके कहने पर उपरोक्त सभी लोग 14 जुलाई 2023 की रात्रि में मेरी बेटी को गला दबाकर उसकी हत्या कर आत्महत्या का रूप देने के लिए पंखा से लटका दिए। ग्रामीणों द्वारा दिए गए सूचना पर मैं धर्मपुर गांव पहुंचा तो घरवाले घर छोड़कर फरार थे।इस संदर्भ में थानाध्यक्ष उदय कुमार ने बताया कि मृतिका के पिता द्वारा दिए गए आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।

# लक्ष्मणगढ़ की लाड़ो ने शत प्रतिशत अंक हासिल कर रचा इतिहास



**लक्ष्मणगढ़।**देश के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों में प्रवेश के लिए होने वाली प्रवेश परीक्षा सीयूईटी यूजी में लक्ष्मणगढ़ तहसील के बैरास की छात्रा वर्षा रूहेला ने शत प्रतिशत अंक हासिल कर इतिहास रचते हुए रिकार्ड कायम किया है।युवा उद्यमी बिजेंद्र कुमार रूहेला की सुपुत्री व मोदी संस्थान से 12वीं उत्तीर्ण करने वाली वर्षा रूहेला ने आयाम एकेडमी मे तैयारी कर सफलता का परचम लहराया है।युवा उद्यमी नेपाल प्रवासी राकेश रूहेला की भतीजी वर्षा रूहेला पढ़ाई के साथ साथ सहशैक्षणिक गतिविधियों जैसे हिन्दी वाद विवाद प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते सफलता का परचम लहराया है।छात्रा वर्षा रूहेला ने 600 में से 600 अंक हासिल किए हैं।छात्रा को देश के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय डीयू,जेएनयू,बीएचयू आईसीएआर के मुख्य कैम्पस के प्रवेश मिलने की प्रबल संभावना है।छात्रा वर्षा रूहेला के शानदार व उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम पर ग्रामीणों ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए रूहेला परिवार को बधाई दी है।

**खुशी की लहर** मां अपने पुत्र को पा कर बेहद खुश है

# भागलपुर डीएसपी के सहयोग से 2 वर्ष के मासूम बच्चों को दिला कर बच्चे की मां में खुशी की लहर



**दैनिक शुभ भास्कर की रिपोर्ट/**भागलपुर जगदीशपुर ग्राम पंचायत पुरैनी दक्षिणी का एक मामला सामने आया है बीबी रेहाना पति स्वर्गीय मोहम्मद परवेज अंसारी नया टोला पुरैनी का शादी मोहम्मद परवेज अंसारी पिता मोहम्मद शाहजहां अंसारी राधानगर थाना सजौर भागलपुर के साथ शादी हुई थी महज शादी होने से 3 वर्ष हो रहा है जिससे उनके पति का आज से 2 महीना पहले मृत्यु हो गया जिससे 1 पुत्र 2 वर्ष का है पति के मृत्यु के बाद 2 माह तक लड़की अपने ससुराल में रहती है और ससुराल वाले अभागन बता कर प्रताड़ना का सारा रास्ता अख्तियार कर लिया और तरह तरह का इल्जाम लगाकर प्रताड़ना शुरू कर दिया ताकि पीड़िता स्वयं ससुराल छोड़ दे और जो भी तोहफे के तौर पर लेनदेन है वह सब ससुराल वाले हड़प ले और पीड़िता मजबूर होकर खुद यह कहे कि मैं ससुराल में नहीं रहूंगी और ऐसा ही करना शुरू कर दिया पीड़िता के ससुराल वाले 2 वर्ष के मासूम बच्चे को हथकंडा बनाकर पीड़िता के साथ अपना सारा दाव पेंच चलाना शुरु कर दिया और पीड़िता को ससुराल से भगा दिया और मासूम बच्चे को पीड़िता के सास ससुर रख लिया और पीड़िता अपने मासूम बच्चे के लिए गांव के जनप्रतिनिधि से गुहार लगाया कई दिनों तक उहापोह स्थिति बनी रही और मामला दिन प्रतिदिन बिगड़ते चला गया हल की कोई गुंजाइश नजर नहीं आ रही थी भागलपुर डीएसपी गौरव कुमार एवं सजौर थाना अध्यक्ष महास्वेता कुमारी के सहयोग से पीड़िता रेहाना को सहयोग मिला और आज मां अपने पुत्र को पा कर बेहद खुश है इसमें मुख्य रूप से पीड़िता के साथ अजमेरी खातून मोहम्मद रिजवान अमीर हसन मौजूद थे।

# मंत्री आलमगीर आलम के निर्देश पर अंडरग्राउंड बायपास में लगा स्ट्रीट लाइट



**बरहरवा-** विगत कुछ दिनों पूर्व बरहरवा नगर पंचायत में रेलवे फाटक समीप बायपास का निर्माण किया गया था जिसमें रौशनी की कमी के कारण रात में लोगों को आने जाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। अभी वर्तमान में बरसात का समय चल रहा है जिससे उस बायपास में पानी हमेशा जमा रहता है लेकिन उसमें अंधेरा रहने के कारण आवागमन में लोगों को भय लगता था कि किसी भी प्रकार का विषैला जीव आने जाने वाले लोगो को नुकसान पहुंचा सकता है तथा अंधेरे में किसी भी समय अप्रिय घटना घट सकती है। जहां इन सभी बातों को ध्यान में रखते हुए ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम के निर्देश पर नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी सुमन कुमार के द्वारा स्ट्रीट लाइट लगाया गया जिससे लोगों को कठिनाई का सामना नही करना पड़े। उधर अब बायपास में स्ट्रीट लाइट के लग जाने से आवागमन सरल हो जाएगा। इस मौके पर जिला महासचिव मिठुन कुमार मंडल, प्रखण्ड महासचिव निताय सरकार, बिजली मिस्त्री बास्की, शिवम पांडे, सुमित भगत सहित अन्य उपस्थित थे।

# अधिकारों के लिए लड़ना होगा- मोनू जायसवाल

**चन्दौली पीडीडीयू नगर** 16 जुलाई आज सुबह 10 बजे के करीब एक टोटो पर लाउडस्पीकर से पूरे बाजार में घोषणा की जा रही थी कि जी0टी0रोड के दोनों पटरी के दुकानदार/मकान मालिक डिवाइडर से 15 मीटर की दूरी तक अपने-अपने निर्माण को हटा लें इस पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए व्यापार सभा, समाजवादी पार्टी, चन्दौली के जिलाध्यक्ष अमरनाथ जायसवाल मोनू ने कहा कि इतिहास गवाह रहा है कि बिना लड़ाई लड़े कभी अधिकार नहीं मिला,व्यापारी भाई अपने हक के लिये अब रोड पर आना ही होगा और आंदोलन करना ही होगा। ये तुगलकी फरमान नहीं चलेगा कि तीन दिन के अंदर अपना घर दुकान खाली कर दें हम क्या झोपड़पट्टी में रहते हैं, सालों से हमने सरकार को टैक्स दिया है, सभी व्यापारीबंधु भाईयों से निवेदन है की एक बैठक कर चंदौली से मिलकर इस तुगलकी फरमान को रोका जाए

# धान की रोपाई मजदूर की तालाब में डूबने से मौत

**सैयदराजा चंदौली** क्षेत्र बर्फी कमरौर गांव में शनिवार की देर शाम 55 वर्षीय ईद की तालाब में डूबने से मौत हो गई सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अंत्य परीक्षण हेतु जिला चिकित्सालय भेज कर अगली कार्रवाई में जुट गई प्राप्त जानकारी के अनुसार बरठी कमरौर गांव निवासी 55 वर्षीय रामदेव राम धान की रोपाई करने के बाद शाम को तालाब में नहाने चला गया तभी अचानक पैर फिसल गया और तू खरे के गहरे पानी में चला गया जब कुछ देर बाद ग्रामीणों ने उन्हें पानी में डूबता देखा तो बाहर निकाला और नगर पंचायत स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर लाया गया जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया सूचना पर पहुंची पुलिस ने सबको कब्जे में लेकर अंत्य परीक्षण हेतु जिला चिकित्सालय भेज कर अगली कार्रवाई में जुट गई है

## ख़ास ख़बर

## महाविद्यालय में परीक्षा की तैयारी को लेकर विशेष कक्षा का आयोजन




**संवाददाता- राजमणि पांडेय/कोडरमा-** कोडरमा जिला अंतर्गत डोमचांच प्रखंड स्थित रमेश प्रसाद यादव स्नातक महाविद्यालय डोमचांच में बीए सेमेस्टर 2 सत्र 2022- 26 तथा बीए सेमेस्टर सत्र 2020-23 के सभी छात्र छात्राओं के लिए दिनांक 17/07/ 2023 से 27/07/2023 तक महाविद्यालय के द्वारा विशेष कक्षा का आयोजन किया गया है जिसमें परीक्षा संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी वैसे छात्र-छात्राओं जो विशेष कक्षा में सम्मिलित नहीं होंगे आंतरिक परीक्षा में भाग नहीं ले पाएंगे इस सूचना की जानकारी महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ प्रवीण कुमार मेहता के द्वारा दी गई!

## तारापुर फ्लाईओवर के पास बना गड्ढा राहगीरों के लिए मुसीबत भरा साबित हो रहा है





**सकलडीहा चंदौली** क्षेत्र के सकलडीहा अलीनगर मार्ग आए दिन आवागमन करते समय गिरकर चोटिल हो रहे हैं शिकायत के बाद भी विभागीय अधिकारी पूरी तरह अनजान बने हुए हैं इसको लेकर जागीरो में भारी रोष व्याप्त है अलीनगर प्रतिदिन दर्जनों गांव के सैकड़ों लोग प्रतिदिन आवागमन करते हैं लेकिन गया रेलवे लाइन पर तारापुर गांव के समीप बना फ्लाईओवर के नीचे महीनों से बने हुए गड्ढे में हल्की बरसात होने पर भी पानी जमा हो जाता है जिससे आवागमन करते समय गिरोह को मुसीबत का सामना करना पड़ता है आए दिन में चोटिल हो जा रहे हैं कई बार इसकी शिकायत विभागीय अधिकारियों से किया लेकिन स्थिति जस की तस बनी हुई है इसको लेकर प्रदीप गौड़ अमन तिवारी केदार यादव लाल भरत यादव हरिहर यादव पिंटू मिश्रा जयप्रकाश लाल श्याम लाल यादव सहित तमाम लोगों ने विभागीय अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराते हुए जल्द से जल्द समस्या को दूर करवाने की मांग की है

## मनरेगा के तहत प्राचीन शिव सरोवर की साफ सफाई शुरू



**सकलडीहा,** कस्बा को प्राचीन शिव सरोवर का घाट कूड़ा करकट से पटा पड़ा है। जिसे लेकर दुर्गापूजा सेवा समिति और समाजसेवियों द्वारा अधिकारियों को पत्रक देकर साफ सफाई कराने की मांग किया था। इस क्रम में ब्लॉक प्रशासन की ओर से मनरेगा के तहत 6 लाख की आईडी जारी कर साफ सफाई कार्य शुरू कराया गया। घाटों की साफ सफाई शुरू होने से भक्तों में हर्ष है। लम्बे समय से सकलडीहा कस्बा के टिमिलपुर गांव सभा में प्राचीन शिव सरोवर की घाट कूड़ा करकट से पटा पड़ा हुआ था। जिससे महिलाओं को घाट पर पूजा अर्चना के दौरान काफी समस्या होता था। दुर्गापूजा सेवा समिति और समाज सेवी अभय यादव रिंकू, अमित कुमार द्वारा तहसीलदार और बीडीओ को पत्रक देकर साफ सफाई कराने की मांग किया था। अधिकारियों ने सरोवर की साफ सफाई कराने का आश्वासन दिया था। इस क्रम में बीडीओ अरूण कुमार पांडेय ने मनरेगा के तहत 6 लाख से अधिक की आईडी जारी कराकर पूरे सरोवर की सफाई कराने का निर्देश है। इस बाबत ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अशोक कुमार ने बताया कि घाट की साफ सफाई शुरू करा दी गयी है। सरोवर में पानी कम रहा तो पूरा चौतरफ घाट की सफाई करा दी जायेगी।

# स्वामी हरिदास संगीत विद्यापीठ के संस्थापक सचिव कृष्णा प्रसाद नहीं रहे



**मोतिहारी 16 जुलाई ,अशोक वर्मा/** स्वामी हरिदास संगीत विद्यापीठ के संस्थापक सचिव कृष्णा प्रसाद की मृत्यु शनिवार की रात्रि इलाज के दिल्ली हुई ।1 माह पूर्व लिवर की बीमारी से बुरी तरह अस्वस्थ होने के बाद उनके इंजीनियर पुत्र ने इलाज दिल्ली में कराया ,लेकिन स्वास्थ्य लाभ नहीं हुआ और मृत्यु के आगोश में समा गए ।उनकी मृत्यु की खबर मिलते हैं कला संस्कृति से जुड़े हुए एवं बुद्धिजीवी वर्ग के काफी लोग मर्माहत हुए। आपातकाल के दौरान 1975 में जब देश मे सेंसरशिप लगा था, अखबार एवं सभी प्रकार के कल्चरल एक्टिविटीज पर सेंसरशिप लग गया था ,उस दौर में मोतिहारी के नवयुवक कृष्ण प्रसाद ने स्वामी हरिदास संगीत विद्यापीठ की स्थापना की और बड़े हीं गुप्त ढंग से व्यवस्था के खिलाफ कलाकारों को मंच दिया। शोक संवेदना व्यक्त करते हुए गांधी स्मारक समिति के सचिव एवं पूर्व स्वास्थ्य मंत्री बृज किशोर सिंह ने कहा कि एक कुशल और मृदुभाषी कलाकार हमारे बीच से चला गया जिनकी कमी हमेशा खलती रहेगी। संवेदना व्यक्त करते हुए वरिष्ठ पत्रकार एवं छायाकार अशोक वर्मा ने कहा कि कृष्णा प्रसाद की मृत्यु मेरी व्यक्तिगत क्षति है यह सच है कि जो इंसान धरती पर आया है सभी को जाना है लेकिन कृष्णा प्रसाद ने आपातकाल में जिस साहस का काम किया था, उसे हमेशा याद किया जाएगा।बाद मे उन्होंने अपनी संस्था से एम ए. तक की संगीत में डिग्री दी। कला संस्कृति एवं पारंपरिक लोक नृत्य गीत की प्रस्तुति देकर स्वस्थ संस्कृति का संदेश उन्होंने दिया जिसके लिए वे हमेशा याद किए जाएंगे। उनके संगीत विद्यापीठ से सैकड़ों छात्र-छात्राएं संगीत शिक्षक शिक्षिका के रूप में सरकारी एवं प्राइवेट नौकरी में जाकर जीवन यापन कर रहे हैं। परिवर्तन संस्था के प्रसाद रत्नेश्वर ने कहा कि 2 साल पहले कृष्णा प्रसाद की पत्नी का देहांत हुआ था । पत्नी वियोग का भी उनके जीवन पर प्रभाव पड़ा था ,वे एकांकी जीवन जी रहे थे । उनकी मृत्यु से कला जगत को बड़ा नुकसान हुआ है। कृष्णा प्रसाद का एकलौता अभियंता पूत्र ने अपने नौकरी स्थल पर ले जाकर उनका इलाज कराया लेकिन नियति को कोई टाल नहीं सकता है। अंजनी अशेष ने कहा कि कृष्णा प्रसाद मेरे गुरु थे। सेवा संस्कृति मंच के अध्यक्ष सज्जन सिंघानिया ने कहा कि गुजरात भूकंप पीड़ितों के सहायतार्थ सेवा संस्कृति मंच एवं स्वामी हरिदास संगीत विद्यापीठ के संयुक्त तत्वाधान में सांस्कृतिक आयोजन हुआ था और उपलब्ध राशि को जिला पदाधिकारी के द्वारा गुजरात भेजा गया था। कवि धनुषधारी कुशवाहा ने कहा कि शादगी, व्यवहार कुशलता के मामले में कृष्णा प्रसाद हमेशा याद किए जाएंगे।उन्होंने समाज को बहुत कुछ दिया है ,लिया किसी से नहीं । शोक संवेदना व्यक्त करने वालों में मुंशी सिंह महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ प्रोफेसर अरुण कुमार, संगीत महाविद्यालय के प्राचार्य शैलेंद्र कुमार सिन्हा ,डॉक्टर प्रोफेसर राम निरंजन पांडे ,पूर्व कुलपति डॉ रविंद्र कुमार रवि, डॉ मधुबाला सिन्हा ,डॉक्टर मंजरी वर्मा, पत्रकार सचिन सिंह, इंतजारूल अहमद ,समाजसेवी ममता राज, तबला वादक संजय पांडे, हारमोनियम वादक रामचंद्र प्रसाद, कलाकार राजकुमार, प्रोफेसर विनय वर्मा के अलावा अन्य कई लोग हैं।

## ओडीएफ गांव सकलडीहा कूड़ा करकट के अंबार से पटा



**सकलडीहा,** जिला प्रशासन की ओर से सकलडीहा ब्लॉक की 76 गांव ओडीएफ प्लस में चयनित है। इसके पूर्व में सकलडीहा सहित पांच गांव को ओडीएफ घोषित कर दिया गया है। सकलडीहा कस्बा ओडीएफ गांव होने के बाद भी कस्बा में कूड़ा करकट का अंबार लगा हुआ है। यहां तक की गढ़ई भी कूड़ा करकट से पटता जा रहा है। शिकायत के बाद भी विभागीय अधिकारी से लेकर प्रधान अनजान बने हुए है। जिसे लेकर कस्बावासियों में आक्रोश है।स्वच्छ भारत मिशन के तहत गांवों को मॉडल गांव के रूप में विकसीत करने की कवायद किया जारहा है। इसके लिये जिला प्रशासन की ओर विकास खंड की 76 गांवों के राजस्व गांव को ओडीएफ के तहत चयनित किया गया है। इसके पूर्व में सकलडीहा, दिघवट, रेवसा,धनउर, और बरठी गांव को पूर्व में ओडीएफ घोषित किया जा चुका है। ओडीएफ गांव के तहत गांवों में सोख्ता गड्ढा, खाद गड्ढा, वर्मिंग कम्पोस्ट, तालाब का गंदा पानी का शुद्धिकरण,लीज पीठ,फिल्टर चेम्बर, शिल्ट कैंथर बनाने का निर्देश है।

जिससे पूर्ण रूप से गांव स्वच्छ भारत मिशन पर खरा उतर सके। इसके बाद भी ओडीएफ में चयनित सकलडीहा कस्बा में नियमित साफ सफाई तो दूर गांव की गढ़ई और गली मुहल्ले में कूड़ा करकट का अंबार लगा हुआ है। शिकायत के बाद भी प्रधान व विभागीय अधिकारी मौन साधे हुए है। इस बाबत एडीओ पंचायत बजरंगी पांडेय ने बताया कि शिकायत की जांच कराकर कार्रवाई की जायेगा।

## मौसा के अंतिम संस्कार में आये व्यक्ति की डूबने से मौत



**चहनियां।चंदौली/**बलुआ थाना क्षेत्र के महड़ौरा गांव में अपने मौसा के अंतिम संस्कार में शामिल होने आये खजूर गांव के रहने वाले शनिवार की शाम को 50 वर्षीय जोखन राम गंगा में डूबने से मौत हो गयी । घटना की सूचना पर पहुँचे कैलावर चौकी इंचार्ज ने व्यक्ति के तलाश के लिए प्राइवेट गोताखोर के साथ लगे रहे । घटना की सूचना पर परिजनों में हाहाकार मच गया । रविवार को पुलिस ने गोताखोरों के द्वारा शव को बाहर निकलवाया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।बरईपुर गांव में एक व्यक्ति की मौत हो गयी थी।जिनका महड़ौरा गांव के गंगा किनारे शनिवार की देर शाम को अंतिम संस्कार हुआ । अलीनगर थाना क्षेत्र के जोखन राम अपने मृतक मौसा के अंतिम संस्कार में शामिल होने आया था । हांथ पैर धोने के लिए गंगा किनारे उतरे । जहां पैर फिसलने से गंगा में डूब गये । वहां अन्य लोग आये लोगो ने बलुआ पुलिस को सूचना दी । जो मौके पर कैलावर चौकी इंचार्ज अनिल यादव मौके पर पहुचकर प्राइवेट गोताखोर की मदद से नाव से उक्त जोखन राम को खोजा किन्तु नही मिले । रात्रि के कारण खोजबीन नही किया गया । उक्त व्यक्ति के गंगा में डूबने की सूचना पर परिजनों में हाहाकार मच गया । रविवार की सुबह पुनः गोताखोरों के माध्यम से चौकी इंचार्ज अनिल यादव ने खोजबीन किया । कड़ी मशक्त के बाद वही से शव को गोताखोरों के माध्यम से शव को बाहर निकलवाया । शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया ।

## भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान द्वारा तीन दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण



**मोतिहारी 16 जुलाई अशोक वर्मा/** महावीर मध्य विद्यालय लुहटहां, में आयोजित तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन जिला शिक्षा पदाधिकारी श्री संजय कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी हेमचंद्र एवं श्री नित्यम कुमार गौरव उपस्थित रहे। विज्ञान और गणित को केंद्र में रखकर 3 दिनों तक चलने वाले इस प्रशिक्षण में पुणे से भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान के मोहम्मद तकी, कोमल गायकवाड, प्रेरणा यादव, स्वानंद एवं बिहार शिक्षा परियोजना, पटना से सुमन कुमार मुख्य रूप से उपस्थित थे। जिले के विभिन्न प्रखंडों से चयनित होकर आए 60 शिक्षकों को गणित और विज्ञान पढ़ाने के कौशल के साथ-साथ नई तकनीक की जानकारी दी गई। जिला प्रशिक्षक कुंदन कुमार आर्य, सूची कुमारी, संगीता कुमारी एवं पम्मी कुमारी ने भी प्रशिक्षण में सहयोग किया। जिला शिक्षा पदाधिकारी संजय कुमार ने शिक्षकों को नई तकनीक से अपने आप को अद्यतन करते हुए जिज्ञासु बनने की अपील की। 3 दिनों तक चले कई सत्रों में मुख्य रूप से फोकस ग्रुप डिस्कशन, इंस्पायर माणक, जीव विज्ञान, रसायन एवं भौतिकी के संबंध में कई नवीन बातें बतलाई गई। प्रशिक्षण में शामिल सभी 60 प्रतिभागियों को विज्ञान किट भेंट किया गया । जबकि समापन सत्र में डॉ सतीश कुमार साथी के संचालन में प्रशिक्षकों का सम्मान पूर्वक विदाई स्मृति चिन्ह भेंट कर किया गया।

## रोटरी लेक टाउन के अध्यक्ष एवं आदर्श होटल के मालिक ने की आत्महत्या, कमरे से बरामद हुआ शव



**मोतिहारी 16 जुलाई अशोक वर्मा/** नगर के छतौनी थाना अंतर्गत भवानीपुर की जीरात में संचालित आदर्श होटल के मालिक एवं मोतिहारी रोटरी लेक टाउन के नव मनोनीत अध्यक्ष नवनीत रंजन ने आज आत्महत्या कर ली। शव सुबह उसके कमरे से बरामद किया गया है। इस आत्महत्या की खबर से शहर में सुबह से ही चर्चाओं का बाजार गर्म है। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हालांकि, नवनीत ने आत्महत्या क्यों की इसके कारणों का पता नहीं चल सका है। पुलिस ने घटना की जांच शुरु कर दी है। घटना छतौनी थाना क्षेत्र के भवानीपुर जिरात की है। जानकारी के अनुसार नवनीत रंजन अपनी बूढ़ी मां के साथ घर में अकेला रहता था। साथ ही वह भवानीपुर जिरात स्थित अपने आवासीय आदर्श होटल का भी संचालन करता था। होटल से वह बीती रात लगभग साढ़े ग्यारह बजे अपने घर गया, जो उसके होटल के पास ही है। सुबह में उसकी मां उठी तो देखा कि नवनीत सोया हुआ था। घर का काम करने और खाना बनाने के बाद जब नवनीत की मां उसे उठाने गई तो देखी की वह आत्महत्या कर चुका था। उसकी मां ने शोर मचाया और आस पास के लोगों को बुलाया। स्थानीय लोग आए और मृतक के शव को घर से निकाला। साथ ही पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने के बाद पुलिस पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक की मां इंदू देवी ने बताया कि नवनीत रात होटल से आने के बाद सो गया। सुबह में उसके कमरे में गई, तो वह सोया हुआ था। दस बजे के करीब नास्ता के लिए बुलाने गई तो वह आत्महत्या कर चुका था। मृतक की मां ने बताया कि वह बहुत भोला था। उसका किसी से कोई विवाद भी नहीं था। इधर, छतौनी थाना के एसआई कंचन भास्कर ने बताया कि भवानीपुर जिरात स्थित आदर्श होटल के मालिक ने आत्महत्या कर ली है। उसका शव कमरे से बरामद किया गया है मामले की जांच चल रही है

**पौधारोपण** वृक्ष है,तो जीवन है- ज्ञानवति बाई जी

## श्री हंस मंदिर के तत्वाधान में किया गया पौधारोपण




**पीडीडीयू/चंदौली।** मानव उत्थान सेवा समिति द्वारा संचालित श्री हंस मंदिर शाखा मुगलसराय के तत्वाधान में दिन शनिवार को मानव धर्म के प्रणेता श्री सतपाल जी महाराज की प्रेरणा से वृक्षारोपण किया गया।जिसमें श्री हंस मंदिर आश्रम के मुख्य द्वार पर वार्ड की सभासद निधि तिवारी एवं महात्मा साध्वी श्री ज्ञानवती बाई जी के कर कमलों द्वारा वृक्षारोपण कर इस कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया, तत्पश्चात जिले के विभिन्न जगहों पर वृक्षारोपण किया गया। साथ में पर्यावरण से जानकारी देते हुए लोगों को जागरूक भी किया गया। इस दौरान शाखा प्रभारी साध्वी श्री ज्ञानवती बाई जी ने कहा हमें इस बात को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए पर्यावरण के संरक्षण के लिए पेड़ पौधों का होना कितना अनिवार्य हैं जो हमारे जीवन के लिए कितना महत्वपूर्ण है। एक वृक्ष सौ पुत्र के बराबर होते हैं और आज पर्यावरण के साथ जितना खिलवाड़ किया जा रहा है आने वाले समय के लिए खतरे से खाली नहीं है,इसलिए हमें खाली जगहों में अधिक से अधिक वृक्षारोपण करना चाहिए और साथ ही साथ उनकी देखभाल भी उतनी ही जरूरी है।पेड़ लगाने के बाद हमें उनका देखभाल तब तक करना चाहिए जब तक वह बड़े ना हो जाए।सूचना देते हुए बताया कि 17 जुलाई सोमवार को ग्राम गोधना में प्राथमिक विद्यालय के प्रांगण में वृक्षारोपण किया जाएगा। इस दौरान रामकिशन यादव, रोशन यादव,श्यामली जी रामचंद्र बाबा, कृष्ण मोहन गुप्ता, चिंतामणि देवी,आश्रम सेविका रीना जी,सहित अन्य कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

## बिजली की कटौती से नाराज़ ब्यापार मंडल अध्यक्ष ने दिया धरना प्रदर्शन की चेतावनी

**चहनियां।चंदौली/** बिजली की दिन और रात अघोषित कटौती के चलते लोगों का जीना दुश्वार हो गया है ।

एक तो उमस भरी गर्मी ऊपर से बिजलीं कटौती हो रही है।चहनिया,सुरतापुर व मारुफपुर विद्युत उप केन्द्र से विगत दो सप्ताह से दिन व रात में अघोषित बिजली कटौती से नाराज़ उधोग ब्यापार मंडल अध्यक्ष भानुप्रताप यादव ने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर बिजली कटौती बंद नहीं किया गया तो धरना प्रदर्शन के साथ ही आंदोलन किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि बिजली विभाग की मनमानी के चलते विगत कई दिनों से दिन व रात की बिजली कटौती हो रही है। जिसके चलते लोगों के रात की नींद व चैन छीन लिया है ।

दिन और रात मिलाकर लगभग सात से आठ घंटे विद्युत आपूर्ति हो रही हैं। जिसके चलते ब्यापार पर असर पड़ रहा है। एक तो सरकार द्वारा मिट्टी का तेल बंद कर दिया है जिससे बिजली कटौती होने पर लोग अंधेरे में रहने को विवश हो जाते हैं।

तो दूसरी तरफ मोबाइल पर नेटवर्क न मिलने से सही ढंग से बात तक नहीं हो पा रहा है।इन्वर्टर भी कुछ समय के बाद ज़बाब दे देता है तो लोग घरों के बाहर बैठे कर बिजली का इंतजार करते है। प्रदेश में दूसरी बार सरकार बनने के बाद बिजली 24 घंटे देने का वादा सरकार की खोखला साबित हो रही है। वहीं बरसात के मौसम में रात के अंधेरे में विशैले जानवरों से खतरा बना हुआ है।

यदि शीघ्र ही बिजली ब्यवस्था नही सुधरी तो सभी ब्यापारीययो के साथ विधुत उप केन्द्र पर धरना प्रदर्शन किया जाएगा। जिसकी जिम्मेदारी विधुत विभाग की होगी।

## कामरेड हिरालाल यादव की श्रद्धांजलि सभा सम्पन्न

**शिकारगंज चकिया 16 जुलाई,** जीवन भर इंकलाब जिंदाबाद के नारे के साथ जनता के लिए लड़ने वाले साथी थे रामअचल यादव!

कुछ लोग केवल अपने लिए और परिवार के लिए जीते हैं और कुछ समाज के लिए लड़ते हैं इसलिए समाज के लिए लड़ते रहने वाले साथी थे ये कामरेड!

चन्दौली जनपद में किसानों मजदूरों और आदिवासियों के आंदोलन को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका रही हैं! पूर्व काशी नरेश की अवैध कब्जे में पड़ी बैराठ फार्म की जमीन पर गरीबों को कब्जे दिलाने से लेकर, पेड़ विहीन पहाड़ी पर मजदूरों को खनन का अधिकार की लड़ाई के लिए लगातार लड़ते रहें हैं!

आज की सरकार की दमन की राजनीति के खिलाफ व लोकतंत्र की रक्षा के लिए लड़ाई लड़ने वाले की जरूरत हैं ऐसे समय में कामरेड रामअचल यादव जी का न रहना कम्युनिस्ट आंदोलन के लिए बहुत नुकसान देह हैं!

इसलिए किसानों मजदूरों आदिवासियों, नौजवानों और महिलाओं के आंदोलन को आगे बढ़ा कर ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि दी जा सकती हैं!

उक्त बातें आज शिकार गंज में चौधरी चरण सिंह इण्टर कालेज में श्रद्धांजलि सभा में बोलते हुए बर्ताव ने कहा माकपा राज्य सचिव कामरेड हिरा लाल यादव व पूर्व सांसद रामकिशन यादव ने कहा कि रामअचल यादव यादव समाज के लिए हर समय लड़ाई लड़ने का काम करते थे वह कठिन परिस्थितियों में हर समय झुझते थे और गरीबों में काफी लोकप्रिय रहें हैं उनके जाने से हम सब काफी दुखी हैं लेकिन संघर्ष जारी रखना होगा!

## ख़ास ख़बर

### जखनियां क्षेत्र के हथियाराम मठ एवं विभिन्न मार्गो का स्थलीय निरीक्षण



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित त्रिपाठी/गाजीपुर/** जिलाधिकारी आर्यका अखौरी एवं पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने जखनियां क्षेत्र के हथियाराम मठ एवं विभिन्न मार्गो का स्थलीय निरीक्षण किया । निरीक्षण के दौरान उन्होने रायपुर-हरिहर मार्ग एवं बुढानपुर से जखनियां मार्ग के जर्जर अवस्था को देखकर नाराजगी व्यक्त करते हुए मार्ग को तत्काल दो दिन के भीतर मरम्मत कराने का निर्देश दिया। उन्होने कार्यदायी संस्था को कार्य में लापरवाही होने पर कार्यवाही हेतु सचेत किया। तत्पश्चात हथियाराम मठ जाकर वहां की व्यवस्थाओ का जायजा लिया। इस अवसर अपर जिलाधिकारी वि0रा0 अरूण कुमार सिंह, उपजिलाधिकारी कासिमाबाद , पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, कार्यदायी संस्था के अधिकारी उपस्थित थे।

### डीएम साहिबा साहब आपके जमानिया क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय महली मिला बंद




**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित त्रिपाठी/गाजीपुर।** जमानिया क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय महली पर शनिवार को करीब साढ़े बारह बजे विद्यालय पर ताला लटका मिला।एक तरफ बीएसए हेमंत राव लागातार परिषदीय विद्यालयों का निरीक्षण कर दोषियों पर कार्रवाई करने में जुटे हुए हैं। लेकिन अभी भी कुछ अध्यापक क्ष्क्ष्तू डाल-डाल तो मैं पात-पातक्ष्क्ष की कहावत का चरितार्थ करते नजर आ रहे हैं। शनिवार को पहुची मीडिया की टीम ने जब विद्यालय को देखा तो उसमें ताला लटका हुआ था। वहीं ग्रामीणों में काफी आक्रोश देखने को मिला। ग्रामीणों का कहना है कि प्रधानाध्यापक संदीप कुमार वर्मा बहुत कम विद्यालय आते हैं और आज सहायक अध्यापक द्वारा विद्यालय करीब साढ़े बारह बजे ही बंद कर दिया गया।उन लोगों ने बताया कि विद्यालय के ठीक बगल में बहुत बड़ा तालाब है और विद्यालय का कुछ हिस्सा तालाब से सटा हुआ हैद्ध कभी भी धाराशाही हो सकती है। विद्यालय की बाउंड्री भी नहीं किया गया है जिससे कभी भी बच्चे पोखरी में गिर सकते हैं।इस संबंध में बीएसए हेमंत राव ने बताया कि आपके द्वारा मामला संज्ञान में लाया गया है वीडियो व्हाट्सएप कर दीजिए दोषियों के ऊपर कार्रवाई की जाएगी

### मोहर्रम को लेकर पीस कमेटी की बैठक, किसी भी तरह के शस्त्रों का प्रयोग वर्जित शेषधर पांडेय



**चंदौली** अलीनगर थाने में रविवार की दोपहर मुहर्रम त्योहार को लेकर नायब तहसीलदार व थाना प्रभारी पीस कमेटी की बैठक बुलाई। बैठक में क्षेत्र के ताजियादार व सभी समुदाय के लोग मौजूद रहे। थाना प्रभारी शेषधर पाण्डेय ने त्योहारों को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने की अपील की। बता दें कि अलीनगर थाना में रविवार की दोपहर मोहर्रम त्यौहार को लेकर नायब तहसीलदार नीरज चतुर्वेदी व अलीनगर प्रभारी शेषधर पाण्डेय के नेतृत्व में पीस कमेटी की बैठक बुलाई। इस दौरान अलीनगर प्रभारी शेषधर पाण्डेय ने कहा कि त्योहारों को सौहार्दपूर्ण ढंग से मनाने की परंपरा हम सभी को बनाए रखनी है। त्योहारों का आनंद तभी है जब हम सब मिल बैठकर उस का आनंद लें। इसके साथ ही बताया कि किसी भी प्रकार की कोई नई परंपरा की शुरुआत नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि जुलूस में किसी भी प्रकार का शस्त्र लेकर चलना सख्त मना है। तलवार,चाकू,छुरी आदि का प्रदर्शन नहीं होगा। सभी लोगों को सरकार की गाइडलाइंस माननी पड़ेगी अन्यथा सख्त कार्रवाई निश्चित तहै। साथ ही अराजक तत्वों या किसी प्रकार का उपद्रव करने वालों की जानकारी तत्काल पुलिस को देने की अपील की। वही ताजियादारो से उनकी समस्याओं की जानकारी ली और शीघ्र समस्या दूर कराने का आश्वासन दिया।इस दौरान शेख कयामुद्दीन, सरवर अली, वसीम ,इश्तियाक आसिफ इकबाल, अशरफ जमाल, सद्दाम हुसैन, इरशाद अहमद, इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

### राजकीय हाई स्कूल मुसाखाड़ मनाएगा जीवन दायिनी बृक्ष सप्ताह



**शहाबगंज।**राजकीय हाई स्कूल मुसाखाड़ द्वारा 16 जुलाई से 22 जुलाई तक जीवन दायिनी बृक्ष सप्ताह मनाया जाएगा।प्रधानाचार्य डॉ मुकेश श्रीवास्तव ने बताया कि जीवन दायिनी बृक्ष सप्ताह मनाने का उद्देश्य है लोगों को अधिक से अधिक पेड़ लगाने के लिए प्रोत्साहित करना क्योंकि औद्योगीकरण और शहरीकरण के लिए बड़े पैमाने पर पेड़ काटा जा रहा है।उन्होंने कहा कि शुद्ध हवा ही दवा है।अगर पेड़ों को नहीं बचाया गया तो जीवन संकट में पड़ जाएगा।उन्होंने कहा कि पेड़ खाद्य संसाधनों के उत्पादन में योगदान करते हैं,पारिस्थितिक संतुलन बनाए रखते हैं,वायु गुणवत्ता में सुधार करते हैं,जलवायु में सुधार करते हैं,पानी का संरक्षण करते हैं,मिट्टी का संरक्षण करते हैं,वन्य जीवन का समर्थन करते हैं,सूखे को कम करते हैं और मिट्टी के कटाव और प्रदूषण को रोकते हैं।उन्होंने बताया कि जीवन दायिनी बृक्ष सप्ताह के दौरान प्रधानाचार्य पांच पेड़,शिक्षक व अन्य कर्मचारी दो-दो पेड़ तथा छात्र एक-एक पेड़ लगाएंगे।

# सहोदर हिंदू भाइयों ने बढ़-चढ़कर गुरु दक्षिणा कार्यक्रम में भाग लिया बाघी



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित त्रिपाठी/गाजीपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ गुरु पूजन व गुरु दक्षिणा कार्यक्रम का आयोजन देवकली खंड मे स्थान सावित्री बालिका इंटर कॉलेज नंदगंज से पूजन कार्यक्रम की शुरुआत हुई विगत 1 हफ्ते तक चला यह कार्यक्रम खंड के विभिन्न ग्रामों में बरहपुर देवी माता के प्रांगण में, देवकली गांव में श्रीमान सोनू तिवारी प्रधान जी के आवास पर, ताहीपुर बडेपुर आशुतोष पांडे के विद्यालय परिसर में व देवकली खंड के तमाम ग्राम सभाओं में हर्षोल्लास के साथ त्याग समर्पण की भावना के साथ परम पवित्र भगवा ध्वज को हिंदू और सनातन धर्मी धर्म ध्वज को गुरु मानकर सभी सहोदर हिंदू भाइयों ने बढ़-चढ़कर गुरु दक्षिणा कार्यक्रम में भाग लिया बाघी कोटा ग्लोबल स्कूल सुजीत जी के यहां व सावित्री बालिका इंटर कॉलेज नंदगंज में ऐतिहासिक संख्या बल के साथ गुरु दक्षिणा का कार्यक्रम हुआ जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सह विभाग प्रचारक दीपक जी भाई साहब जौनपुर विभाग का ओजस्वी उद्बबोधन सभी गुरु भाइयों को प्राप्त हुआ

इस कार्यक्रम में सैदपुर जिला प्रचारक श्रीमान गौरव जी भाई साहब का भी आशीर्वाद प्राप्त हुआ व गांव व बाजार के सभी गुरु भाइयों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया व उपस्थित रहे जिसमें खंड व खंड में निवास करने वाले जिला के सभी दायित्व धारी कार्यकर्ता स्वयंसेवकों का सफल प्रयास फलीभूत हुआ खंड कार्यवाह देवकली प्रवीण कुमार पंकज ने गुरु परम पवित्र भगवा ध्वज व संघ के संस्थापक डॉ केशव बलिराम हेडगेवारजी , गुरुजी को नमन व चरणबंदन करते हुए बताया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ परम पवित्र भगवा ध्वज को गुरु मानकर राष्ट्रभक्ति व समर्पण की भावना के साथ हिंदू संस्कृति संस्कारों में वृद्धि व जहां शासन-प्रशासन की योजनाएं नहीं पहुंच पाती हैं उन जगहों पर वनवासी कल्याण आश्रम दलित व मलिन बस्तियों के मानव जीर्णोधार संघ के लिए आजीवन समर्पण करने वाले प्रचारक स्वयंसेवकों के द्वारा जाकर उन गरीब परिवारों का उद्धार का भी कार्य समर्पण राशि से किया जाता है प्रत्येक वर्ष यह पुनीत कार्य करने का अवसर हिंदू राष्ट्र की मजबूती के लिए हम सभी सहोदर भाइयों को प्राप्त होता है समरसता के भाव के साथ यह कार्यक्रम आयोजित किया जाता है कार्यक्रम में जिला सह व्यवस्था प्रमुख सत्येंद्र जी भाई साहब जिला धर्म जागरण से अंजुमन यादव जी देवकली खंड के संघचालक श्रीमान गुरु चरण जी भाई साहब जिले के दायित्व धारी सुजीत जी भाई बालकृष्ण जी महेंद्र जी बाजीराव शाखा के बाल स्वयंसेवक कौटिल्य पार्थ प्रिंस अंकित करण अंकुश शाखा कार्यवाह अनंत जी वह बहुत सारे बालस्वयंसेवको ने पूजन किया प्रांत के दायित्व धारी कार्यकर्ता अंकित जी बरहपुर ग्राम प्रतिनिधि प्रतीक सिंह व अन्य गणमान्य उपस्थित रहे कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रबंधक देवेंद्र सिंह संतोष जी बरहपुर ने धन्यवाद ज्ञापित किया

# पी.जी. कालेज में स्नातक वाणिज्य में प्रवेश प्रारम्भ

**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित त्रिपाठी/गाजीपुर।** स्नातकोत्तर महाविद्यालय, गाजीपुर में स्नातक वाणिज्य में प्रवेश प्रारम्भ हो गया है।

स्नातकोत्तर महाविद्यालय, गाजीपुर के प्राचार्य प्रोफे0 (डॉ0) राघवेन्द्र कुमार पाण्डेय ने स्नातक स्तर पर प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ होने की जानकारी देते हुए बताया कि स्नातक वाणिज्य में प्रवेश हेतु सफल अभ्यर्थियों की मेरिट सूची जारी की गयी है।

प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित सफल अभ्यर्थियों को प्रवेश हेतु कालेज की वेबसाइट- 222.pgcghazipur.ac.in पर सूची अपलोड कर दी गयी है। प्रवेश परीक्षा में सफल अभ्यर्थी प्रवेश हेतु अपना आवेदन 17 जुलाई 2023 से 19 जुलाई 2023 तक आनलाईन आवेदन- पत्र भर सकते हैं।

अभ्यर्थी आनलाईन भरे गए आवेदन -पत्र डाउनलोड कर आवश्यक अभिलेखों की मूल प्रति के साथ वाणिज्य विभाग में काउन्सलिंग समिति के समक्ष 17 जुलाई 2023 से 19 जुलाई 2023 तक प्रस्तुत /जमा करेंगे। महाविद्यालय प्रशासन द्वारा जारी निर्धारित समयानुसार प्रवेश आवेदन -पत्र व शुल्क जमा न करने पर उक्त सीट रिक्त मानी जायेगी और पुनः प्रवेश हेतु कोई अवसर प्रदान नहीं किया जायेगा।

प्रवेश हेतु जारी मेरिट सूची से रिक्त सीटों पर उक्त मेरिट सूची से नीचे के अभ्यर्थियों को प्रवेश हेतु अवसर प्रदान किया जायेगा।

प्राचार्य प्रोफे0 (डॉ0) राघवेन्द्र कुमार पाण्डेय ने बताया कि स्नातकोत्तर महाविद्यालय, गाजीपुर ने प्रवेश में डिजिटल इण्डिया एवं पूर्ण पारदर्शिता की नीति अपनाते हुए Online Counselling (आनलाईन काउन्सलिंग) की व्यवस्था की गयी है।

आनलाईन काउन्सलिंग द्वारा अभ्यर्थी अपने घर बैठे पूर्ण पारदर्शिता के साथ प्रवेश आवेदन- पत्र भर सकते हैं।

प्राचार्य प्रोफेसर पाण्डेय ने सम्मानित अभिभावकों से अपील की है कि समय रहते अपने पाल्यों का आवेदन-पत्र आनलाईन भरवाकर सम्बन्धित अभिलेखों की मूल- प्रति के साथ काउन्सलिंग समिति के समक्ष प्रस्तुत / जमा करने में सहयोग करें। प्रवेश के लिए सभी प्रक्रिया आनलाईन है।

# भाजपा महाभियान समीक्षा बैठक हुई संपन्न




**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित त्रिपाठी/गाजीपुर।** भाजपा महाभियान समीक्षा बैठक आज भाजपा जिला कार्यालय, छावनी लाइन पर जिलाध्यक्ष भानुप्रताप सिंह की अध्यक्षता में हुई। बैठक को सम्बोधित करते हुए समीक्षक जिला प्रभारी अशोक मिश्रा ने कहा कि विगत 30 मई से लगातार चल रहे विभिन्न कार्यक्रमों की पुरी निगरानी पार्टी का शीर्ष नेतृत्व कर रहा है। उन्होंने कहा कि सभी कार्यक्रमों के सफलता के प्रति कार्यकर्ता पुरी तरह से समर्पित होकर कार्य कर रहे हैं। और संगठन उद्देश्यों को पुर्ण कर रहे हैं।और कहा कि कार्यक्रम कार्यकर्ताओं के प्रतिभा को निखार देने का एक अवसर होता है। और भारतीय जनता पार्टी लगातार कार्यकर्ताओं को यह अवसर प्रदान कर रही है।जिलाध्यक्ष भानुप्रताप सिंह ने कहा कि भाजपा महाभियान अंतर्गत होने वाले सभी कार्यक्रमो के शत प्रतिशत सफलता हेतु शीर्ष संगठन द्वारा एक बार पुनः तीन दिन का समयावधि विस्तार दिया गया है। अब यह कार्यक्रम 19 जुलाई तक के लिए बढ़ा दिया गया है। श्री सिंह ने कहा कि देश एक बार फिर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को प्रधानमंत्री पद पर स्थापित करने के लिए तैयार हैं और जिस त्याग और परिश्रम से भाजपा का एक एक कार्यकर्ता राष्ट्र सेवा के प्रति समर्पित होकर कार्य कर रहा है। आज उसी का परिणाम है कि देश की सराहना पुरे विश्व में हो रही है। हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सिर्फ देश के ही नहीं बल्कि विश्व के मजबूत नेता के रूप में पहचान मिली है।

बैठक में सबके प्रति धन्यवाद आभार लोकसभा संयोजक कृष्ण बिहारी राय ने व्यक्त किया।संचालन जिला महामंत्री अवधेश राजभर ने किया।इस अवसर पर क्षेत्रीय उपाध्यक्ष सरोज कुशवाहा, जिला पंचायत अध्यक्ष सपना सिंह,नगर पालिका अध्यक्ष सरिता अग्रवाल, पूर्व विधायक कालीचरण राजभर, सुनील सिंह, ओम प्रकाश राय, प्रवीण सिंह, दयाशंकर पांडेय, ब्लाक प्रमुख राजन सिंह, जितेन्द्र नाथ पाण्डेय, एमएलसी प्रतिनिधि डॉ प्रदीप पाठक, विनोद अग्रवाल, रामनरेश कुशवाहा, अच्छेलाल गुप्ता, जिला मीडिया प्रभारी शशिकान्त शर्मा, कार्तिक गुप्ता, अखिलेश सिंह, श्याम राज तिवारी, सरोज मिश्रा, लालसा भारद्वाज, कादिर राईनी, साधना राय, किरन सिंह, राजन प्रजापति, सुरेश बिंद, विष्णु प्रताप सिंह, हरदेव कुशवाहा सोमारू चौहान, मुराहू राजभर, मनोज बिंद, सहित सभी मंडल अध्यक्ष और विधानसभा प्रभारी संयोजक उपस्थित थे।

### हथियाराम सिद्धपीठ में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत का 19 जुलाई को आगमन



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित त्रिपाठी/गाजीपुर ।** जनपद के जखनियां तहसील अंतर्गत हथियाराम स्थित सिद्धपीठ में 19 जुलाई को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत का आगमन होने जा रहा है। इसे लेकर मठ व प्रशासन की तरफ से जोर-शोर से तैयारी की जा रही है। संघ प्रमुख मोहन भागवत बेसो नदी के रमणीय तट पर स्थित अति प्राचीन सिद्धपीठ हथियाराम मठ के 26वें पीठाधिपति महामंडलेश्वर स्वामी श्री भवानी नन्दन यति जी महाराज के सानिध्य में बुढ़िया माता का दर्शन-पूजन व अन्य कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। गौरतलब है कि आरएसएस प्रमुख 18 से 22 जुलाई तक काशी प्रांत में प्रवास करते हुए वाराणसी, प्रयागराज, गाजीपुर, मिर्जापुर के प्रमुख संतों के सानिध्य में रहेंगे। पांच दिवसीय प्रवास में संगठन, धर्म और सामाजिक समरसता का विषय केंद्र में होगा। प्रवास के दौरान संतों से संवाद, मंदिरों में आशीर्वाद लेंगे और मंदिर की संचालन समिति के साथ बैठक करेंगे। 19 जुलाई को हथियाराम मठ के महंत एवं जूना अखाड़ा के वरिष्ठ महामंडलेश्वर स्वामी भवानी नंदन यति महाराज से मुलाकात व उनके आगमन कार्यक्रम को लेकर जोर-शोर से तैयारियां चल रही है। संघ प्रमुख विगत वर्ष भी हथियाराम स्थित बुढ़िया माता मंदिर आये थे। सरसंघचालक कुछ वर्षों से पूर्वांचल में संघ कार्य, विचार और समसामयिक विषयों पर चर्चा के लिए प्रवास पर निकलते हैं। काशी प्रवास का कार्यक्रम इसी क्रम का हिस्सा है।

### गांजा बरामद तस्कर गिरफ्तार



**पीडीडीयू नगर (चंदौली)** पुलिस अधीक्षक चंदौली अंकुर अग्रवाल के निर्देशानुसार प्रभारी निरीक्षक मुगलसराय दीनदयाल पांडेय के नेतृत्व में मुगलसराय कोतवाली पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया पकड़ा गया अभियुक्त रवि कुमार वाराणसी निवासी बताया जाता है जिसके पास से पुलिस ने 2 किलो 300 ग्राम गांजा बरामद किया। जिसपर पुलिस संबंधित धारा लगाते हुए अग्रिम कार्रवाई करने में जुट गई।

# समाजवादी पार्टी कार्यकर्ताओं ने लोकसभा चुनाव को लेकर मजबूती करने में जुट गए हैं



**अलीनगर चंदौली** समाजवादी पार्टी लोकसभा चुनाव को लेकर को मजबूत करने में जुट गई है जगह-जगह बैठक पर संगठन को मजबूत बनाने के लिए कथाओं को एकजुट करने का काम किया जा रहा है इसी के तहत अलीनगर में सकलडीहा विधायक प्रभु नारायण यादव ने बैठक कर कार्यकर्ताओं को आवश्यक दिशा निर्देश देने का काम किया आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर सभी दल वह पार्टियों अपने अपने स्तर से तैयारी में जुट चुकी है शायद यही वजह है कि समाजवादी पार्टी भी जून से लेकर बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने के लिए अपने पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने के लिए आहार लगाई है जगह-जगह बैठक कर पार्टी की नीतियों को बताने के साथ ही जनता की समस्याओं को उठाने का भी काम कर रही है इसी के साथ अलीनगर में खादी ग्रामोद्योग बोर्ड के पूर्व सदस्य संतोष यादव के आवास पर बैठक आयोजित कर संगठन को मजबूत करने के लिए विस्तार में चर्चा की गई बड़ी आगामी चुनाव को लेकर पुस्तक पर रणनीति बनाने का भी काम किया गया बैठक में मुख्य रूप में डॉक्टर एस के यादव इमाम शमशेर आलम अमरनाथ जयसवाल मोनू सुदामा यादव नफीस अहमद अखिलेश यादव यादव यादव सहित तमाम लोग उपस्थित रहे

### सपा के जिला कार्यकारिणी का विस्तार, नसन खां बने जिला उपाध्यक्ष

**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित त्रिपाठी/गाजीपुर।** समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष गोपाल यादव ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय अखिलेश यादव जी और प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल जी की संस्तुति से अपनी जिला कार्यकारिणी का विस्तार किया है। अभी हाल ही में गठित जिला कार्यकारिणी में जिला सचिव बनाये गये अरुण कुमार श्रीवास्तव को जिला मीडिया प्रभारी पद की पुनः जिम्मेदारी सौंपी है। वह 2007से ही पार्टी में प्रवक्ता एवं मीडिया प्रभारी के पद पर रहकर लगातार पार्टी की सेवा करते रहे हैं। विस्तार की गयी कमेटी में चार जिला उपाध्यक्ष और पांच जिला सचिव नियुक्त किए गए हैं,जो निम्नवत् है–1-नसन खां -जिला उपाध्यक्ष -(बारा) जमानियां,2-रामवचन यादव -जिला उपाध्यक्ष -(नसीरपुर) जखनियां,3-रामजी राय-जिला उपाध्यक्ष -(वीरपुर) मुहम्मदाबाद,4-आशीष यादव -जिला उपाध्यक्ष -(सिधौना) सैदपुर,जिला सचिव,1-लाल जी राम-जिला सचिव (सादात) जखनियां,2-फिरोज जमाल अंसारी

चर्चा | विधायक वीरेंद्र यादव ने बोला समाज की एकता में ही शक्ति है

# यादव महासभा गाजीपुर के शिष्टमण्डल जिलाध्यक्ष सुजीत यादव के साथ जनसम्पर्क करते हुए



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित त्रिपाठी/गाजीपुर-** अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा गाजीपुर के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष सुजीत यादव लगातार संपर्क करके यादव महासभा को मजबूती प्रदान करने का प्रयास कर रहे है जो एक इनके लिए चुनोती भरा सफर है प्रेशवार्ता के दौरान सुजीत यादव ने बताया कि पूरे ब्लाक स्तर पर टीम बनाकर गाँव गाँव संपर्क करके अपने समाज को जागरूक करने का काम किया जाएगा आज सम्पर्क अभियान के तहत जंगीपुर के विधायक विरेन्द्र यादव और धनेस्वर डिग्री कालेज के प्रबंधक कन्हिया यादव (पप्पू) से यादव महासभा के गठन को लेकर विस्तार से चर्चा किया गया साथ मे वरिष्ठ नेता रामनगीना यादव, सिंघासन यादव के मौजूदगी में विधायक विरेन्दर यादव ने चर्चा में बताया कि एकता में शक्ति है प्रत्येक समाज मे सेवा करने वाले व्यक्ति अपने अपने समाज में अलख जगाने का कार्य करे तो समाज का उसी में भला होगा आने वाला वक्त युवाओं का है

युवा आगे बढ़चढ़कर सेवा भावना से कार्य करेगे तो जिला और प्रदेश के साथ देश भी उन्नति करेगा संपर्क अभियान के तहत विधायक वीरेन्द्र यादव ने नवनियुक्त जिला अध्यक्ष को शुभकामनाएं और बधाई दी वहीँ धनेस्वर डिग्री कॉलेज के प्रबंधक कन्हिया यादव उर्फ पप्पू ने अपने सुझाव में अनेको बात रखी और बताया कि समाज के एक भी व्यक्ति किसी भी लाभ से वचिंत ना रह जाये इसका ख्याल हम सबको रखना है